# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



11 आईपीएल : एक विकेट की रोमांचक जीत...





विचार पेज

06 पुराने मिथकों को तोड़ता एक राजनेता



haribhoomi.com भोपाल, मंगलवार 25 मार्च 2025


## विक्रम महोत्सव के तहत नई दिल्ली में 12,13 व 14 अप्रैल को होंगे विशेष आयोजन

# 30 को गुड़ी पड़वा हर्षोल्लास से मनेगी, सभी मंत्री अपने जिलों में शामिल होंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

कैबिनेट की बैठक से पहले सोमवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंत्रियों से कहा कि समूचे प्रदेश में 30 मार्च को गुड़ी पड़वा का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। इसमें सभी मंत्री अपने अपने जिलों में होने वाले कार्यक्रमों में शामिल होकर सफल बनाएं।

उन्होंने कहा कि निवेश प्रस्तावों को धरातल पर मूर्त रूप देने के लिए गतिविधियां जारी हैं। उज्जैन संभाग की 25 इकाइयों का भूमि-पूजन मंगलवार को होगा। इसमें उज्जैन की 13 और संभाग के अन्य ▶▶शेष पेज 4 पर

आज होगा 25 इकाइयों का भूमि पूजन, ओंकारेश्वर में विकसित होगी वाइल्ड लाइफ सेंचुरी

### प्रदेश के सभी प्रमुख शहरों में होगी सम्राट विक्रमादित्य महानाट्य की प्रस्तुति



सीएम ने विक्रमादित्य ध्वज तथा पुस्तिका 'भारत का नव वर्ष विक्रम संवत' का विमोचन किया

### संभागवार औद्योगिक इकाइयों के भूमि-पूजन का क्रम जारी रहेगा

*डॉ. यादव ने कहा कि निवेश प्रस्तावों को धरातल पर मूर्त रूप देने के लिए गतिविधियां जारी हैं। इस क्रम में 21 मार्च को ग्वालियर क्षेत्र में 18 औद्योगिक इकाइयों का भूमि-पूजन किया गया। इनमें 11 मुरैना, सात ग्वालियर और एक इकाई का भिंड में भूमि-पूजन संपन्न हुआ। संभागवार यह क्रम निरंतर जारी रहेगा।*

### 614 वर्ग किमी क्षेत्र में होगी प्रदेश की 26वीं ओंकारेश्वर वाइल्ड लाइफ सेंचुरी

डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार पर्यावरण संरक्षण तथा वन्य जीव संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध है। इस क्रम में प्रदेश में दो अभयारण्य को मूर्त रूप देने के बाद राज्य सरकार वाइल्ड लाइफ सेंचुरी विकसित करने की ओर अग्रसर है। इसके तहत ओंकारेश्वर में 614 वर्ग किमी क्षेत्र में प्रदेश की 26वीं वाइल्ड लाइफ सेंचुरी विकसित की जा रही है। इस संपूर्ण क्षेत्र में कोई गांव अथवा बसाहट नहीं है। भविष्य में इसे टाइगर रिजर्व के रूप में विकसित किया जाएगा।


inh 24x7

छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें

TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

IPL आज का मुकाबला

गुजरात पंजाब

शाम 7.30 बजे से


## खबर संक्षेप


### 'भाबीजी घर पर हैं' के राइटर का निधन

**नई दिल्ली।** भाबीजी घर पर हैं, जीजाजी छत पर हैं', हप्पू की उलटन पलटन... जैसे कॉमेडी सीरियल्स के मशहूर राइटर मनोज संतोषी का निधन हो गया। 23 मार्च को हैदराबाद में लिवर कैंसर से लंबी लड़ाई के बाद उनकी मौत हो गई। स्क्रीनराइटर मनोज संतोषी, जिन्होंने शिल्पा शिंदे के हिट शो 'भाबीजी घर पर हैं' के स्क्रीनप्ले और दमदार डायलॉग लिखे हैं। उन्होंने इसके अलावा भी कई लोकप्रिय टेलीविजन शोज के लिए काम किया था। उनके मौत की खबर से टीवी जगत में शोक पसर गया है। फैंस उन्हें याद कर श्रद्धांजलि दे रहे हैं।



### टेक स्टार्टअप्सः जुटाया 2.5 अरब डॉलर का फंड

**नई दिल्ली।** घरेलू टेक स्टार्टअप्स ने कैलेंडर वर्ष 2025 की पहली तिमाही में (जनवरी-मार्च अवधि में) अब तक 2.5 अरब डॉलर की फंडिंग जुटाई है। इसमें पिछली तिमाही की अपेक्षा 13.64 प्रतिशत और पिछले वर्ष की समान तिमाही के मुकाबले 8.7 प्रतिशत का इजाफा देखने को मिला है। 2025 की पहली तिमाही में वैश्विक स्तर पर यूएस और यूके के बाद भारतीय टेक स्टार्टअप को सबसे अधिक फंडिंग मिली है। 2025 की पहली तिमाही में वैश्विक स्तर पर यूएस और यूके के बाद भारतीय टेक स्टार्टअप को सबसे अधिक फंडिंग मिली है।



विधानसभा की कार्यवाही अनिश्चित काल तक के लिए स्थगित

### सीएम ने मप्र नगर तथा ग्राम निवेश (संशोधन) विधेयक 2025 के मुद्दे पर कहा

# हम किसानों को 'मुआवजा' नहीं दे रहे हैं, विकास में भागीदार बना रहे

◆ सीएम ने कहा कि प्रदेश में विकास के लिए किसी भी क्षेत्र में जमीन की जरूरत होगी, उसी जमीन पर नया कारवां तैयार करेंगे



सीएम ने कहा कि कुल स्वीकृत बजट की 17 फीसदी राशि अधोसंचना विकास पर खर्च होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विधानसभा के बजट सत्र के समापन के मौके पर मप्र नगर तथा ग्राम निवेश (संशोधन) विधेयक 2025 के मुद्दे पर कहा कि कभी हम पूरी जमीन लेकर सिर्फ मुआवजा देते थे, उस वक्त कई तरह की दिक्कतें आती थीं। किंतु, अब किसानों को मुआवजा नहीं दे रहे हैं, विकास में भागीदार बना रहे हैं।

पूरे प्रदेश में विकास के लिए किसी भी क्षेत्र में जाएंगे तो जमीन की जरूरत होगी, उसी ▶▶शेष पेज 4 पर

**9 दिनी बजट सत्र कुल 56 घंटे तक चला**

इस सत्र में कुल 2939 प्रश्न प्राप्त हुए, जिसमें से 1448 तारांकित और 1491 अतारांकित प्रश्न थे



*नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि होली मिलन के माध्यम से जो मतभेद थे, वह भी खत्म हो गए*

*विधानसभा की कार्यवाही के लाइव टेलीकास्ट करने की जरूरत बताई*

### बजट पर सामान्य चर्चा 9 घंटे 44 मिनट चली

मप्र विधानसभा की कार्यवाही सोमवार को अनिश्चित काल तक के लिए स्थगित हो गई। 16 वीं विधानसभा का यह पंचम (बजट) सत्र था। 9 दिनी बजट सत्र कुल 56 घंटे तक चला। इस सत्र में कुल 2939 प्रश्न प्राप्त हुए, जिसमें से 1448 तारांकित और 1491 अतारांकित प्रश्न थे। ध्यानाकर्षण की 624 सूचनाएं प्राप्त हुईं, जिसमें से 33 सूचनाएं ग्राह्य की गईं। शून्यकाल की 183 सूचनाएं और 510 याचिकाएं भी प्राप्त हुईं। इस सत्र के दौरान 4 शासकीय विधेयक और एक अशासकीय संकल्प भी सदन में पारित हुआ है। इस सत्र में अनेक समितियों ▶▶शेष पेज 4 पर



### अध्यक्ष ने सत्र के समापन पर सभी को धन्यवाद दिया

*सत्र के सफलतापूर्वक समापन पर विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, सभी मंत्रियों, नेता प्रतिपक्ष, सभी सदस्यों, पत्रकारों एवं विधानसभा सचिवालय के सभी अधिकारियों-कर्मचारियों को धन्यवाद ज्ञापित किया है। उन्होंने कहा कि सदन में सार्थक चर्चा के माध्यम से ही जनता की समस्याओं का निराकरण होता है। सदन का चलना और चर्चा होना पक्ष और विपक्ष दोनों के हित में है। इससे जहां एक ओर विपक्ष को प्रश्नों, ध्यानाकर्षण और विभिन्न संसदीय माध्यमों से अपनी बात कहने का अवसर मिलता है। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि सदन में अच्छी परंपरा बनी है। होली मिलन के माध्यम से जो मतभेद थे, वह भी खत्म हो गए। उन्होंने विधानसभा की कार्यवाही का लाइव टेलीकास्ट करने की जरूरत बताई।* ▶▶पढ़ें पेज 03 भी

### अपनी कार्यप्रणाली में कमियों को दूर करने के लिए सुझाव मिले

अध्यक्ष तोमर ने कहा कि इससे सरकार को अपनी कार्यप्रणाली में कमियों को दूर करने के लिए बहुमूल्य सुझाव भी प्राप्त होते हैं, जिससे प्रशासनिक व्यवस्था में सुधार करने और उसमें कसावट लाने में सुविधा होती है। उन्होंने कहा कि सदन की सफल कार्यवाही से विधायिका के कार्यपालिका पर नियंत्रण की वास्तविक तस्वीर भी परिलक्षित होती है। वास्तव में हमारा लक्ष्य यही होता है कि लोकतंत्र समृद्ध हो और संसदीय कार्यप्रणाली प्रदेश और उसकी जनता की प्रगति तथा उन्नति का माध्यम बने।

### पूरे दिनों के लिए सदन की कार्यवाही संचालित हुई

संसदीय कार्यमंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि जितने समय के लिए विधानसभा की कार्यवाही निर्धारित की गई थी, उतने पूरे दिनों के लिए सदन की कार्यवाही संचालित हुई। कुछ कार्य दिवसों में तो निर्धारित समय अवधि से ज्यादा समय रात्रि दस बजे तक सदन की कार्यवाही में सक्रियता से सदस्यों ने भाग लिया। इस सत्र में अशासकीय कार्य भी काफी हुए हैं। उन्होंने कहा कि वे गंभीरता से सदन को संचालित करते हैं एवं सदन के प्रत्येक सदस्य को महत्व प्रदान करते हैं। मंत्री लोक निर्माण विभाग राकेश सिंह ने सदन के समापन कहा कि विधानसभा की कार्यवाही को कुशलता पूर्वक संपादित करने में अध्यक्ष तोमर की महत्वपूर्ण भूमिका है।

इंदौर खंडपीठ ने दिया अहम फैसला

## हिंदू विवाह अधिनियम के तहत ही निपटाए जाएंगे जैन समाज के वैवाहिक विवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶इंदौर

जैन समाज के वैवाहिक मामले हिंदू विवाह अधिनियम के तहत ही सुने और निराकृत किए जाएंगे। कुटुंब न्यायालय के अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश ने यह निष्कर्ष निकालकर कि हिंदू विवाह अधिनियम, 1955 के प्रविधान जैन समुदाय पर लागू नहीं होते हैं, गंभीर त्रुटि की है। वर्ष 2014 में जैन समुदाय को भले ही अल्पसंख्यक का दर्जा दे दिया गया, लेकिन उन्हें किसी भी मौजूदा कानून के तहत आवेदन करने के अधिकार से वंचित नहीं ▶▶शेष पेज 4 पर

■ कुटुंब न्यायालय का फैसला निरस्त किया



### यह भी कहा न्यायालय ने

*उच्च न्यायालय ने अपने निर्णय में यह भी कहा कि हिंदू विवाह वैधता अधिनियम, 1949 को हिंदुओं, सिखों और जैनों तथा उनकी विभिन्न जातियों, उपजातियों और संप्रदायों के बीच सभी मौजूदा विवाहों को वैध बनाने के लिए पारित किया गया था। अधिनियम की धारा 2 में हिंदू की परिभाषा के अनुसार सिख या जैन धर्म को मानने वाले व्यक्ति शामिल हैं। उक्त अधिनियम की धारा 3 में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि सिख और जैन सहित हिंदुओं के बीच कोई भी विवाह किसी* ▶▶शेष पेज 4 पर

रिहायशी क्षेत्र में पहुंची मादा चीता और उसके चार शावक

## शावकों ने बछिया पर बोला हमला, ग्रामीणों ने पत्थर मारे

हरिभूमि न्यूज ▶▶श्योपुर

सोमवार को वीरपुर तहसील के तेलीपुरा गांव के खेतों में और कूनो साइफन के पास निर्माणाधीन रेलवे ट्रैक पर मादा चीता ज्वाला और उसके चार शावकों विचरण करते नजर आए। खासतौर पर चीता प्रोजेक्ट के लिए चिंताजनक बात यह रही कि खेतों, मेड़ों और सड़कों पर विचरण करते दिखे चीतों का ग्रामीण वीडियो बनाते और उनके साथ सेल्फी लेते दिखे। जिसमें वह चीतों के बिल्कुल नजदीक पहुंच गए थे। जो चीतों की ओर से लोगों और चीतों से लोगों को यानि दोनों तरफ से सुरक्षा के लिए खतरा है।

■ लोगों ने चीतों की नजदीक से ली सेल्फी



चीतों का जो वीडियो वायरल हुआ उसमें चीता शावकों को दो बार एक बछिया पर हमला करते देखा जा रहा है, इस दौरान ग्रामीण चिल्लाकर व पत्थर फेंक कर बछिया को छुड़ाने का प्रयास करते दिखाई पड़ रहे हैं जिन्हें पास ही खड़े चीता मित्र उन्हें रोकते दिखाई दे रहे हैं।






### सबसे अधिक गर्म रहे रतलाम का पारा 39 डिग्री पार, चार जिलों में 37 से 39 डिग्री के बीच

रात से सुबह तक हवाएं उत्तरी होने से अभी न्यूनतम पारा औसत सामान्य के नीचे

# नया सिस्टम सक्रिय, हवाएं बदलने से 'बढ़ने' लगी गर्मी, 2 दिन में 3 डिग्री तक बढ़ेगा पारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

राजधानी सहित अधिकांश जिलों के तापमानों में धीरे-धीरे बढ़त शुरू हो गई है। नया सिस्टम आने से पहले ही दिन और रात में हवाएं बदलने से सोमवार को मौसम नरम-गरम रहा।

अगले दो दिन में तापमान में दो से 3 डिग्री तक बढ़त होने की उम्मीद है। भोपाल में दिन का पारा दशमलव 4 डिग्री बढ़कर 35.5 डिग्री रहा, जबकि रात का दशमलव एक डिग्री गिरकर 16.5 डिग्री रहा। दिन का पारा अभी सामान्य और रात का नॉर्मल से ढाई डिग्री कम रहा है। प्रदेश में सबसे गर्म रहे रतलाम का दिन का ▶▶शेष पेज 4 पर

### 9 जिलों में न्यूनतम पारा 15 डिग्री से नीचे दर्ज



बड़ी झील

#### इन जिलों में रात का पारा 15 डिग्री से कम

नौ जिलों में रात का पारा 15 डिग्री से नीचे रहा। इनमें पचमढ़ी सबसे कम 12.6, शहडोल 13, अमरकंटक, छतरपुर, सीधी 13.8, उमरिया 14.5, बड़वानी, राजगढ़, शाजापुर में न्यूनतम पारा 14.6 डिग्री रहा है।

#### कहां कितनी गर्मी?

सोमवार को पांच जिलों में दिन का पारा 37 से 39 डिग्री के बीच रहा। इनमें रतलाम 39.2 सबसे गर्म। नर्मदापुरम 38.9, धार 38.6, उज्जैन 37.5, खरगौन 37.2 डिग्री तक रहा है। पश्चिमी प्रदेश यह औसतन 36 डिग्री रहा, जबकि पूर्वी मप्र में औसत अधिकतम पारा 35 डिग्री तक रहा।

रमज़ान मुबारक
इफ्तार 06.39 शाम (मंगल)
सहरी 04.55 सुबह (बुध)



अपने परिवार के साथ मनोज।

परिवार के साथ पहुंचे होशंगाबाद रोड निवासी मनोज को गेट से ही जाने को कहा

# सदर मंजिल हेरिटेज बाय एटमॉस्फियर में शहर के परिवार को नहीं मिली लंच करने की इजाजत

## होटल के स्टाफ ने कहा-यहां लंच केवल कपल्स के लिए अलाउड

अलग खबर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

रविवार दोपहर 2 बजे के करीब होशंगाबाद रोड स्थित निजी कॉलोनी में रहने वाले मनोज सप्रा, परिवार के साथ शहर के प्रतिष्ठित और महंगे होटल सदर मंजिल में लंच के लिए गए, लेकिन उनको गेट से ही यह कहते हुए जाने को कहा कि यहां केवल कपल अलाउड हैं। मनोज बताते हैं कि मैंने गेट पर मौजूद स्टॉफ से काफी रिक्वेस्ट की, कि ऐसा तो किसी भी होटल की पॉलिसी में नहीं लिखा होता कि लंच या डिनर के लिए केवल कपल अलाउड है, लेकिन उन्हें लंच नहीं करने दिया।

मनोज कहते हैं कि मेरे साथ मेरी पत्नी, मेरी बेटी, मेरा पांच वर्षीय नाती और 28 वर्षीय बेटा गया था। मनोज ने बताया कि पहले हमसे सभी की डिटेल ली और उसके बाद गेट से ही जाने को कहा। मनोज ने बताया कि इसके कुछ घंटों बाद सदर मंजिल स्टाफ से बार-बार फोन आया और उन्होंने माफी भी मांगी कि हम कन्फ्यूज हो गए थे, हमें लगा कि आप यहां स्टे करने आए हैं।



### ऑनर बोले- मुझे कोई जानकारी नहीं

पीपीपी मॉडल पर आधारित सदर मंजिल हेरिटेज बाय एटमॉस्फियर के ऑनर विनोद यदुवंशी ने हरिभूमि से बातचीत में बताया कि यहां लंच या डिनर के लिए ऐसी कोई पॉलिसी नहीं है। साथ ही उन्होंने बताया कि इस तरह की घटना की उन्हें कोई जानकारी नहीं है।

### क्यों है सदर मंजिल प्रसिद्ध

1898 में नवाब शाहजहां बेगम द्वारा बनाई गई सदर मंजिल इमारत 126 साल पुरानी है। इसे हाल ही में हेरिटेज होटल के रूप में संवारा गया है। पीपीपी मॉडल पर 7 साल से इस पर काम चला, करीब 52000 वर्ग फीट में फैली इस इमारत में प्रेसिडेंशियल सुइट, लग्जरी सुइट, एक्जीक्यूटिव सुइट, डीलक्स लेक व्यू जैसे 22 शानदार कमरे उपलब्ध हैं। यहां पर दैनिक किराया 12 हजार रुपए से लेकर 1 लाख रुपए तक है। सदर मंजिल को स्मार्ट सिटी ने 30 साल के लिए लीज पर दिया है।

ज्वेलर्स-कर्मचारी ने पकड़ा तो किए दो फायर, गनीमत रही नहीं लगी किसी को गोली

# चेन लेने के बहाने ज्वेलरी शॉप में घुसा नकाबपोश ज्वेलर्स ने नकाब हटाने का कहा तो तानी पिस्टल

## बदमाश को पकड़कर जमकर पीटा, किया पुलिस के हवाले

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

शाहपुरा थाना क्षेत्र स्थित रोहित नगर में सोमवार दोपहर ज्वैलरी शॉप में लूटपाट की नीयत से घुसे नकाबपोश बदमाश ने ज्वेलर्स पर पिस्टल अड़ा दी। ज्वेलर्स और उनके कर्मचारी ने आरोपी का विरोध किया तो आरोपी ने लगातार दो फायर भी किए। गनीमत रही कि फायर होने से गोली ज्वैलर्स और उनके कर्मचारी को नहीं लगी है। ज्वेलर्स और उनके कर्मचारी ने बदमाश को दबोचकर पहले तो जमकर पीटा फिर पुलिस के हवाले कर दिया।

दरअसल, मनोज जैन विष्णु हाईटेक सिटी बावड़िया कलां में रहते हैं। रोहित नगर में उनकी अक्षांश ज्वैलर्स के नाम से शॉप है। सोमवार दोपहर करीब 12 बजे मनोज दुकान पर पहुंचे। साथ में कर्मचारी विनोद दरसानिया था। एक बजे के करीब एक नकाबपोश युवक दुकान पर पहुंचा। उसने सोने की चेन दिखाने का कहा। मनोज ने कहा, पहले नकाब हटाओ, यह सुनते ही आरोपी ने पिस्टल निकाली और दुकान में रखा गोल्ड और चांदी देने की बात कही। मनोज ने विरोध किया तो आरोपी ने हवा में दो गोलियां चलाकर धमकाया और गल्ले से जेवरात और नकदी जेब में रखे। इस बीच विनोद भी आ गया। आरोपी ने उसे भी पिस्टल से डराया और शांत रहने को कहा। आरोपी काउंटर पर गल्ले की तरफ बढ़ा।

मनोज ने उसे बातों में उलझाया और आगे बढ़े। आरोपी ने फिर से दो गोलियां चलाई, लेकिन फायर मिस हो गया। तभी मौका मिलते ही मनोज ने उसे दबोच लिया। यह देखकर विनोद को भी हिम्मत आ गई। वह उनका साथ देने लगा। दोनों ने मिलकर आरोपी को जमकर पीटा। आवाज सुनकर पड़ोसी भी मदद के लिए आ गए। आरोपी के साथ मारपीट कर उसे पुलिस के हवाले कर दिया।

सर्राफा व्यापारी संघ ने जताया आक्रोश कहा-सुरक्षा के लिए मुहैया कराया जाए सस्त्र और लायसेंस



बदमाश को पुलिस के हवाले करते लोग।



दुकानदार मनोज जैन व कर्मचारी विनोद।

### नकली पिस्टल समझकर किया विरोध

ज्वैलर्स मनोज ने बताया कि उन्हें कुछ समझ नहीं आया, वह केवल बदमाश पर नजर रखे हुए थे। उन्हें लगा कि वह नकली पिस्टल दिखाकर धमका रहा है और मौका मिलते ही उसे दबोच लिया। कर्मचारी विनोद ने साहस दिखाया और दोनों ने शोर किया, तभी पड़ोस के अन्य दुकानदार भी पहुंच गए।

### देरी से पहुंची पुलिस

विनोद का कहना है कि बदमाश को दबोचने के बाद वह उसे दुकान पर लेकर बैठे रहे, लेकिन आधा घंटे तक डायल 100 की टीम नहीं पहुंची। एक व्यक्ति को थाने भेजा गया, तब जाकर वहां से दो हेड कांस्टेबल आए थे, जो आरोपी को अपने साथ लेकर थाने पहुंचे और कार्रवाई की। आरोपी की पहचान शिवम जायसवाल निवासी 11 मील के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी शिवम को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ लूट और हत्या के प्रयास का केस दर्ज किया है। जल्द ही आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट का भी प्रकरण दर्ज किया जाएगा।

### सर्राफा संघ में आक्रोश, कहा-मिले सस्त्र लायसेंस

दिनदहाड़े बदमाश द्वारा की गई इस वारदात से सर्राफा व्यापारी संघ आक्रोश में है। भोपाल सराफा महासंघ संगठन मंत्री प्रवक्ता नवनीत अग्रवाल ने कहा कि यह चिंता का विषय है। सरार्फा व्यापारियों पर हमले की घटनाएं बढ़ रही हैं। सुरक्षा के लिए शासन को कड़े कदम उठाना चाहिए और सुरक्षा के लिए हथियार रखने की अनुमति देना चाहिए।

ट्रक में लोड कर सप्लाई करने की थी तैयारी, खाद्य टीम ने किया जब्त

# अनाज कारोबारी के यहां से पीडीएस का 280 क्विंटल फोर्टिफाइड चावल जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी में पीडीएस के राशन की कालाबाजारी की जा रही है। रविवार को खाद्य विभाग की टीम ने भैंसाखेड़ी अनाज मंडी में किराये की दुकान से 280 क्विंटल पीडीएस की फोर्टिफाइड चावल जब्त किया है। यह गोदाम बैरागढ़ फाटक रोड के अनाज व्यापारी गौरव आसवानी का है। व्यापारी का कहना है कि चावल को खुले बाजार से खरीदा गया है। टीम ने जब छापा मारा तो चावल को ट्रक में अपलोड कर आटा मिल में भेजा जा रहा था। मौके से चावल सहित ट्रक को जब्त कर लिया गया है।

व्यापारी पीडीएस दुकानदारों से पीडीएस का चावल खरीदकर भैंसाखेड़ी स्थित गोदाम में छिपाता था। जहां से पीडीएस राशन को ट्रकों में लोड कर आटा मिल में भेजा जाता था। जिला आपूर्ति नियंत्रक अजीत कुजूर का कहना है कि रविवार को भैंसाखेड़ी स्थित एक गोदाम में पीडीएस के फोर्टिफाइड चावल रखे होने की जानकारी मिली थी, जिसके बाद खाद्य विभाग की टीम मौके पर पहुंची, जहां ट्रक नंबर एमपी 09 एचजी 6258 में भरकर फ्लोर मिल ले जाया जा रहा था। टीम ने मौके से ट्रक और चावल को जब्त कर करोंद मंडी स्थित गोदाम में रखवा दिया है। चावल के सैंपल लेबोरेटरी भेजे जा रहे हैं। जहां से पुष्टि होने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल व्यापारी पर अवैध रूप से पीडीएस राशन रखने का मामला दर्ज कर लिया है, जिसे कलेक्टर कोर्ट में पेश किया जाएगा।



मंडी में रखवाया चावल, व्यापारी बोला-खुले बाजार से खरीदा चावल

### क्या होता है फोर्टिफाइड चावल

सहायक आपूर्ति अधिकारी अशोक सत्यार्थी का कहना है कि यह चावल साधारण चावल के जैसा ही होता है, लेकिन इसमें पोषक तत्वों को कृत्रिम तरीकं से बढाया जाता है। फोर्टीफाइड चावलों में आयरन, फोलिक एसिड, विटामिन बी-1, बी-2, जिंक सहित जरूरी पोषक तत्वों को मिलाया जाता है, जिससे यह लेब टेस्ट में आसानी से पकड़ में आ जाता है।

### कार्रवाई छिपाने का प्रयास करते रहे एएसओ

घटना के बाद सहायक आपूर्ति अधिकारी अशोक सत्यार्थी ने जब मौके पर छापा मारा तो, व्यापारी और एएसओ के बीच लंबे टाइम तक बातचीत चलती रही। मामले का पता जब वरिष्ठ अफसरों को लगा तो आनन-फानन में चावल जब्त किया गया। बताया जाता है कि इन दिनों खाद्य विभाग में की जा रही कार्रवाई सिर्फ एक एएसओ से कराई जा रही हैं। जिसमें जिला आपूर्ति नियंत्रक की मिलीभगत भी सामने आ रही है।

# 26 मार्च से श्रीधाम एक्सप्रेस 4 जनरल कोचों के साथ चलेगी

**भोपाल**। यात्रियों की सुविधा एवं उनकी यात्रा को अधिक आरामदायक बनाने के उद्देश्य से गाड़ी संख्या 12192/12191 जबलपुर-हजरत निजामुद्दीन-जबलपुर एक्सप्रेस ( श्रीधाम एक्सप्रेस) 26 मार्च से चार जनरल कोच के साथ संचालित हो सकेगी। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया ने बताया कि इस परिवर्तन के अंतर्गत ट्रेन से 2 शयनयान (स्लीपर) कोच हटाए गए हैं। इसके स्थान पर 2 सामान्य श्रेणी (जनरल) के कोच जोड़े गए हैं। इसके बाद इस ट्रेन में 4 सामान्य श्रेणी कोच, 9 शयनयान श्रेणी कोच, 6 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी कोच, 2 वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी कोच, 1 वातानुकूलित प्रथम श्रेणी कोच सहित ट्रेन में कुल 24 कोच रहेंगे। गाड़ी संख्या 12192 जबलपुर-हजरत निजामुद्दीन एक्सप्रेस में 26 मई से एवं गाड़ी संख्या 12191 हजरत निजामुद्दीन-जबलपुर एक्सप्रेस में 27 मई से प्रभावी होगा। भोपाल मंडल के बीना, गंजबासोदा, विदिशा, भोपाल, रानी कमलापति, नर्मदापुरम स्टेशनों से होकर गुजरती है। इसके चलते इन स्टेशनों से सफर हजारों यात्रियों को इसका लाभ मिल सकेगा।

एक अप्रैल से 1283 लोकेशन पर बढ़ जाएंगे 300% तक दाम

# पुराने रेट में रजिस्ट्री कराने 7 दिन बाकी 1170 स्लॉट पर करा सकेंगे रजिस्ट्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

वित्तीय साल खत्म होने में सात दिन शेष बचे हैं। जिसके तहत पुराने रेट पर सोमवार को भी रजिस्ट्री कराई गईं। अब शुक्रवार, शनिवार और रविवार के साथ अगले सोमवार तक वर्तमान कलेक्टर गाइडलाइन के रेट पर रजिस्ट्री कराई जा सकेगी। इसके बाद एक अप्रैल से नई गाइडलाइन लागू कर दी जाएगी, जिसको देखते हुए पंजीयन विभाग के अफसरों ने 31 मार्च तक के लिए 1170 रजिस्ट्री के स्लॉट खोले हैं। प्रति सब रजिस्ट्रार 90 स्लॉट होंगे। सोमवार को शाम तक जिले में 300 से अधिक रजिस्ट्री दर्ज की गईं। अब शेष दिनों में भी ज्यादा भीड़ होने का अनुमान है।

- शनिवार और रविवार को भी करा सकेंगे रजिस्ट्री

### 51 दावे-आपत्तियों का होगा निराकरण

सोमवार 31 मार्च तक वर्तमान वित्तिय वर्ष की गाइडलाइन की दरों से ही रजिस्ट्री होगी। इसके बाद 1 अप्रैल से जिले में 1283 लोकेशन पर 5 से तीन सौ फीसदी की बढ़ी हुई दरें लागू होंगी। वरिष्ठ जिला पंजीयक स्वप्नेश शर्मा का कहना है कि प्रॉपर्टी के खरीदारों की सहुलियत को देखते हुए रजिस्ट्री के स्लॉट भी बढ़ाए गए हैं। गाइडलाइन को लेकर आम लोगों के दावे-आपत्तियों का निराकरण किया जा रहा है।

### रात भर बुक किए स्लॉट

प्रॉपर्टी के खरीदारों की भीड़ को देखते हुए सर्विस प्रोवाइडर स्लॉट बुक करने के लिए सम्पदा की साइट खोलते हैं तो वह आसानी से खुलती नहीं है। सुबह तीन बजे से लेकर पांच बजे तक सर्वर अपनी फुल रफ्तार पर रहता है। उस दौरान जो स्लॉट बुक होते हैं, उन्हीं की रजिस्ट्री दोपहर बारह बजे तक हो जाती है। जिससे रात में जागकर स्लॉट बुक किए जा रहे हैं।

कलेक्टर ने मूंगफली, चना, गुड़ देने के दिए थे निर्देश

# गेहूं खरीदी केंद्रों पर न छांव, न पीने का पानी, स्वल्पाहार भी गायब

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

किसानों का गेहूं खरीदने जिलेभर में बनाए गए 60 खरीदी केंद्रों में अव्यवस्थाओं का आलम है। यहां पर न तो किसानों के लिए छांव का इंतजाम है और न ही पीने का पानी मिल रहा है। किसानों को देने वाला स्वल्पाहार भी केंद्रों पर नहीं दिया जा रहा है। दरअसल, तीन दिन पहले कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने बैरसिया क्षेत्र के आधा दर्जन खरीदी केंद्रों का जायजा लिया था, जिसके बाद जिला आपूर्ति नियंत्रक अजीत कुजूर को जरूरी हिदायत दी गई, लेकिन नियंत्रक ने इस पर अमल नहीं किया।

बैरसिया के गजानन वेयर हाउस में किसानों को धूप में खड़ा होना पड़ रहा है। इसी तरह अभिलाषा वेयर हाउस पर भी पानी और बैठने की कोई व्यवस्था नहीं है।

- जिला आपूर्ति नियंत्रक नहीं कर रहे मॉनीटरिंग, दफ्तर में बैठकर चल रही निगरानी

### 2600 रुपए क्विंटल खरीदी

इस बार गेहूं का समर्थन मूल्य 2425 रुपए प्रति क्विंटल है, जबकि प्रदेश सरकार 175 रुपए का अतिरिक्त बोनस दे रही है। इस तरह किसानों को एक क्विंटल गेहूं के 2600 रुपए दिए जा रहे हैं। किसानों को यह राशि उनके बैंक अकाउंट में दी जा रही है।

बेंच ने आदेश में कहा-नीरी पहले से कर रहा रिसर्च, इसलिए नए निर्देश की जरूरत नहीं

# यूका कचरे पर एनजीटी ने मामला किया डिस्पोज ऑफ




हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी के यूनियन कार्बाइड के पीथमपुर में जलाए जा रहे जहरीले कचरे को लेकर नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) ने सोमवार को फैसला जारी कर दिया है। इस फैसले के अनुसार बेंच ने याचिकार्ता को हाईकोर्ट जाने की स्वतंत्रता देकर मामला को डिस्पोज ऑफ कर दिया है।

बेंच ने सुनवाई के दौरान कहा था कि इस मामले में नीरी पहले से ही रिसर्च कर रहा है, इसलिए नए निर्देश की आवश्यकता नहीं है। यह दलील एमपी पीसीबी की ओर से एनजीटी बेंच को दी गई थी। इस मामले में बेंच ने बीते गुरुवार को निर्णय सुरक्षित रखा था, जिसे सोमवार को जारी किया गया है। एनजीटी ने अपने फैसले में कहा कि यह प्रक्रिया हाईकोर्ट की निगरानी में चल रही है, ऐसे में अगर याचिकाकर्ता को आपत्ति हो तो वह हाईकोर्ट जा सकता है।

### एमपीपीसीबी की जांच पर लोगों को नहीं भरोसा

याचिकाकर्ता डॉ. पीजी नाज पांडे ने एनजीटी की भोपाल सेंट्रल बेंच में लगाई थी, जिसमें कहा गया था कि पीथमपुर में यूका के हानिकारक कचरे को जलाए जाने का वैज्ञानिक अध्ययन एमपीपीसीबी कर रहा है, जिस पर स्थानीय लोगों को भरोसा नहीं है। ऐसे में इस प्रक्रिया का वैज्ञानिक अध्ययन पर्यावरण जांच एजेंसी नीरी से कराया जाए। जारी आदेश के अनुसार इस संबंध में याचिका पर सुनवाई के दौरान सीपीसीबी ने अपना पक्ष रखते हुए कहा था कि हाईकोर्ट की निगरानी में जलाए जा रहे कचरे का वैज्ञानिक अध्ययन नीरी पहले से ही कर रहा है। इस मामले पर सुनवाई करते हुए जस्टिस शिव कुमार सिंह और एक्सपर्ट मेंबर डॉ. अफरोज अहमद की बेंच ने अपना निर्णय सुरक्षित रखा था, जिसे सोमवार को जारी कर दिया गया है। साथ ही बेंच ने यह मामला डिस्पोज भी कर दिया है।

### रिपोर्ट के बाद ही तय करेंगे हाईकोर्ट जाएं या नहीं

*इस मामले में याचिका दाखिल करने वाले डॉ. पीजी नाज पांडे का कहना है कि उन्होंने कचरा जलाने की वर्तमान प्रक्रिया से जुड़ी नीरी की वैज्ञानिक रिपोर्ट मंगाई है। उसका अध्ययन करने के बाद ही वे यह तय करेंगे कि इस संबंध में हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की जाए अथवा नहीं।*

मुंबई सेंट्रल रेलवे स्टेशन की तर्ज पर प्रदेश का पहला पॉड स्टाइल होटल बनकर तैयार

# भोपाल स्टेशन पर 4 अप्रैल से मिल सकेगी पॉड होटल की सुविधा

## किफायती दामों में मिल सकेगी टीवी और फ्री वाईफाई की सुविधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

रेलवे अपने यात्रियों को स्टेशन पर रुकने की सुविधा के लिए पॉड होटल या कैप्सूल होटल की सुविधा को लेकर लगातार काम कर रहा है। इसी के तहत भोपाल स्टेशन पर प्रदेश का पहला पॉड होटल तैयार हो गया है और 4 अप्रैल को विधिवत उद्घाटन होगा। सोमवार को सुंदरकांड व पूजन पाठ के साथ इसकी शुरुआत हो गई। इस होटल में यात्रियों किफायती दामों में टीवी और फ्री वाईफाई सुविधा मिलेगी। हालांकि अभी भोपाल स्टेशन पर शुरू होने जा रहे पॉड होटल का कितना किराया रहेगा। यह तय नहीं किया है। लेकिन जल्द ही इनकी घोषणा की जाएगी। उल्लेखनीय है कि देश का पहला पॉड होटल मुंबई सेंट्रल शुरू किया गया था।

- *किराया अभी तय नहीं, जल्द ही होगी घोषणा*
- *सुंदरकांड पाठ के साथ तैयारियां शुरू*




### आधुनिक सुविधाओं से लैस है यह होटल

पॉड होटल में छोटी सी जगह में कई सारे बेड लगे होते हैं। इन्हें कैप्सूल भी कहा जाता है। इससे उन यात्रियों को सुविधा होगी, जिन्हें एक रात या कुछ घंटों के बाद दूसरी ट्रेन पकड़ने के लिए स्टेशन पर रुकना पड़ता है। महिलाओं और पुरुषों के लिए अगल अलग रूम होंगे।

### पॉड होटल में ये सुविधाएं होंगी

हेडफोन के साथ टीवी, रीडिंग लाइट, मोबाइल, पासपोर्ट और पर्स के लिए छोटा लॉकर, चार्जर प्वाइंट, रुकने वाले यात्री को किट मिलेगी, जिसमें पानी की बोतल, टावल, साबुन आदि होंगे। रूम में कॉमन बाथरूम और टॉयलेट होंगे।

### भोपाल में पॉड होटल की जरूरत

भोपाल रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए इस पॉड होटल की योजना बनाई गई थी। नई बिल्डिंग 20 अक्टूबर 2019 को शुरू की गई थी और लगभग 6 साल बाद यात्रियों के लिए यह सुविधा उपलब्ध होने जा रही है। इससे पहले साल 2021 में मुंबई सेंट्रल रेलवे स्टेशन पर पहला पॉड होटल खोला गया था। उल्लेखनीय है कि भोपाल रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए इस पॉड होटल की योजना बनाई गई थी। स्टेशन पर प्रतिदिन लगभग 40 हजार यात्री सफर करते हैं और प्रतिदिन 235 से अधिक ट्रेनें यहां से गुजरती हैं। प्लेटफार्म 6 की ओर से रोजाना 22 हजार से अधिक यात्री प्रवेश करते हैं, जिसे ध्यान में रखते हुए यह सुविधा यात्रियों के लिए बेहद लाभदायक सिद्ध होगी। इस पॉड होटल में कुल 78 पॉड्स बनाए गए हैं, जिनमें 58 सिंगल और 20 फैमिली पॉड्स शामिल हैं। सिंगल पॉड एक व्यक्ति के लिए डिजाइन किया गया है।

भोपाल
मंगलवार, 25 मार्च 2025
चैत्र मास कृष्ण पक्ष-11
वर्ष : 11, अंक : 358
पृष्ठ : 14+8=22 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 33
न्यून. 19

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

## सीनियर आईएएस ऑफिसर अजय सेठ होंगे नए वित्त सचिव, मिली मंजूरी



नई दिल्ली। सीनियर ब्यूरोक्रेट अजय सेठ को सोमवार को नया वित्त सचिव नियुक्त किया गया। एक आधिकारिक आदेश में ये जानकारी दी गई। कर्नाटक कैडर के 1987 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारी अजय सेठ वर्तमान में आर्थिक मामलों के विभाग के सचिव हैं। कार्मिक मंत्रालय की तरफ से जारी आदेश के मुताबिक, केंद्रीय मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने अजय सेठ को वित्त सचिव नियुक्त करने को मंजूरी दे दी है। अजय सेठ को तुहिन कांत पांडेय की जगह ये पद दिया जा रहा है।

### केंद्र सरकार का सांसदों को तोहफा, वेतन के साथ भत्ते और पेंशन में बढ़ोतरी की गई

# सांसदों का वेतन वर्तमान में 1 लाख रुपए से बढ़ाकर 1.24 लाख रुपए प्रति माह किया गया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने सांसदों और पूर्व सांसदों को बड़ा तोहफा दी है। दरअसल, संसदीय कार्य मंत्रालय द्वारा जारी गजट अधिसूचना के अनुसार केंद्र ने 1 अप्रैल, 2023 से सांसदों के वेतन, भत्ते और पेंशन में वृद्धि की है। अधिसूचना में कहा गया है कि लोकसभा और राज्यसभा के सदस्यों का वेतन वर्तमान में 1 लाख रुपए से बढ़ाकर 1.24 लाख रुपए प्रति माह कर दिया गया है, जबकि दैनिक भत्ता 2,000 रुपए से बढ़ाकर 2,500 रुपए कर दिया गया है। इसके अलावा अधिसूचना के अनुसार, पूर्व सांसदों को दी जाने वाली पेंशन भी वर्तमान में 25,000 रुपए से बढ़ाकर 31,000 रुपए प्रतिमाह कर दी गई है। अधिसूचना में कहा गया है कि पांच साल से अधिक की सेवा के प्रत्येक वर्ष के लिए अतिरिक्त पेंशन को पहले के 2,000 से बढ़ाकर 2,500 रुपए कर दिया गया है। मौजूदा और भूतपूर्व सांसदों को दिए जाने वाले वेतन और भत्तों में पहले संशोधन की घोषणा अप्रैल 2018 में की गई थी।

दैनिक भत्ता 2,000 रुपए से बढ़ाकर 2,500 रुपए कर दिया गया



### किराए-मुक्त आवास भी

सरकार उनके आवास और रहने की व्यवस्था का भी ध्यान रखती है। अपने पांच साल के कार्यकाल के दौरान, सांसदों को नई दिल्ली में किराए-मुक्त आवास प्रदान किया जाता है। उन्हें अपनी वरिष्ठता के आधार पर छात्रावास के कमरे, अपार्टमेंट या बंगले मिल सकते हैं। जो व्यक्ति आधिकारिक आवास का उपयोग नहीं करना चाहते हैं, वे मासिक आवास भत्ता प्राप्त करने के पात्र हैं।

### सांसदों को सालाना 50,000 यूनिट बिजली और 4,000 किलोलीटर पानी मुफ्त

2018 में संशोधन में घोषित सांसदों के लिए मूल वेतन 1,00,000 रुपए प्रति माह था। इस राशि को निर्धारित करने का उद्देश्य उनके वेतन को मुद्रास्फीति की दरों और जीवन की बढ़ती लागत के अनुरूप लाना था। 2018 के संशोधन के अनुसार सांसदों को अपने कार्यालयों को अद्यतन रखने और अपने संबंधित जिलों में मतदाताओं से बातचीत करने की लागत का भुगतान करने के लिए निर्वाचन क्षेत्र भत्ते के रूप में 70,000 रुपए का भत्ता मिलता है। इसके अलावा, उन्हें कार्यालय भत्ते के रूप में प्रति माह 60,000 रुपए और संसदीय सत्रों के दौरान 2,000 रुपए दैनिक भत्ते के रूप में मिलते हैं। इन भत्तों में भी अब बढ़ोतरी की जाएगी। इसके अलावा, सांसदों को फोन और इंटरनेट उपयोग के लिए सालाना भत्ता भी मिलता है। वे अपने और अपने परिवार के लिए प्रति वर्ष 34 मुफ्त घरेलू उड़ानों का आनंद लेते हैं, और पेशेवर और व्यक्तिगत उपयोग के लिए किसी भी समय प्रथम श्रेणी की ट्रेन यात्रा करते हैं। वे सड़क का उपयोग करने पर माइलेज भत्ते का दावा भी कर सकते हैं। सांसदों को सालाना 50,000 यूनिट बिजली और 4,000 किलोलीटर पानी की मुफ्त सुविधा भी मिलती है।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

हरिभूमि सहेली
आज के अंक के साथ

## खबर संक्षेप

### जबलपुर के अधिकारी को हटाने के निर्देश



भोपाल। विधानसभा में सोमवार को जबलपुर नगर निगम में फ्री होल्ड जमीन में मनमाने ढंग से परिवर्तन किए जाने के मामले में नगर निगम के प्रभारी उपायुक्त पीएन सनखेरे को हटाने के निर्देश नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने दिए हैं। ध्यानाकर्षण में यह मामला आया था।

### कटनी में रेलवे ट्रैक पर मिली प्रेमी जोड़े की लाश



कटनी। कुठला थाना क्षेत्र के कटनी- सतना रेलखंड के नयागांव के पास सोमवार की सुबह रेलवे ट्रैक पर युवक-युवती के शव पड़े मिले। रेलवे कर्मचारियों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। युवक-युवती पुरैनी के रहने वाले बताए गए हैं।

### गोदाम में फटे 350 सिलेंडर, दहले लोग



बरेली। यूपी के बिथरी चैनपुर थाना क्षेत्र के रजऊ परसपुर स्थित महालक्ष्मी गैस एजेंसी में सोमवार दोपहर भयानक हादसा हो गया। दोपहर एक बजे सिलेंडरों से भरे ट्रक में आग लग गई। ग्रामीणों के अनुसार सिलेंडर फटने के बाद लगातार कई तेज धमाके हुए, जिससे आसपास का इलाका दहल गया।

### चार महीने के भीतर टास्क फोर्स एक अंतरिम रिपोर्ट पेश करेगा जबकि अंतिम रिपोर्ट आठ महीने के बीच फाइल की जाएगी

### छात्रों की खुदकुशी के मामले पर सुप्रीम कोर्ट ने लिया बड़ा एक्शन

# विद्यार्थियों की सुरक्षा सुनिश्चित करेगा रिटायर जज की अगुआई में एक नेशनल टास्क फोर्स

टास्क फोर्स एक व्यापक रिपोर्ट तैयार करेगा, जिसमें छात्रों द्वारा आत्महत्या करने के प्रमुख कारणों की पहचान की जाएगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली


देश के बड़े-बड़े शैक्षणिक संस्थानों और कोचिंग हॉस्टल में बढ़ते स्टूडेंट्स की खुदकुशी के मामले पर सर्वोच्च न्यायालय ने चिंता जाहिर की।

कोर्ट ने कैंपस में छात्रों की सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड जज की अगुवाई में एक नेशनल टास्क फोर्स गठित कर दी है। जस्टिस जेबी पारदीवाला की बेंच ▶▶ शेष पेज 4 पर



आत्महत्या करने के प्रमुख कारणों की पहचान करेगा टास्क फोर्स

जज ने कहा कि हमें सुसाइड के पैटर्न पर चर्चा करनी चाहिए। हमें इस बात की चिंता है कि बहुत सारे छात्र भेदभाव, रैगिंग और यौन शोषण की वजह से जान दे देते हैं।



### दो छात्रों के मां-पिता की याचिका

बता दें कि सुप्रीम कोर्ट ने अनुसूचित जाति वर्ग से संबंधित दो छात्रों के माता-पिता द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश सुनाया है। इन छात्रों की मौत आईआईटी दिल्ली मे हुई थी। छात्रों के माता-पिता ने अपनी याचिका में एफआईआर दर्ज करने और एक केंद्रीय एजेंसी से इन मौतों की जांच की मांग की है। इस याचिका को दिल्ली हाईकोर्ट ने 2024 में खारिज कर दिया था।

### टास्क फोर्स में ये लोग होंगे

कोर्ट के आदेश में कहा गया है कि पूर्व सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति एस रवींद्र भट टास्क फोर्स के अध्यक्ष होंगे, जबकि महिला और बाल विकास मंत्रालय के अलावा किसी राज्य के उच्च शिक्षा विभाग, सामाजिक न्याय और अधिकारिता तथा कानूनी मामलों के सचिव इसके सदस्य होंगे।

### टास्क फोर्स को अदालत ने दी विशेष ताकत

*पीठ ने कहा कि टास्क फोर्स एक व्यापक रिपोर्ट तैयार करेगा, जिसमें छात्रों द्वारा आत्महत्या करने के प्रमुख कारणों की पहचान, मौजूदा नियमों का विश्लेषण और सुरक्षा को मजबूत करने के लिए सिफारिशें शामिल होंगी। अदालत ने कहा कि अपनी रिपोर्ट तैयार करने की प्रक्रिया में टास्क फोर्स के पास किसी भी उच्च शिक्षण संस्थान का औचक निरीक्षण करने का अधिकार होगा। चार महीने के भीतर टास्क फोर्स एक अंतरिम रिपोर्ट पेश करेगा, जबकि अंतिम रिपोर्ट अधिमानतः आठ महीने के भीतर दायर की जाएगी।*

### तीसरी बार उज्जैन ने अपना परचम लहराया

# कालभैरव डॉक्यूमेंट्री को श्रेष्ठ आध्यात्मिक राष्ट्रीय पुरस्कार



फिल्म महोत्सव में 110 देशों से 300 से ज्यादा फिल्में आईं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उज्जैन

उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय फिल्म समारोह में लगातार तीसरी बार उज्जैन ने अपना परचम लहराया। मंथन इंडिया फिल्म्स की ओर से बनाई गई काल भैरव फिल्म को 45 अंतरराष्ट्रीय फिल्मों में से चुनकर श्रेष्ठ आध्यात्मिक राष्ट्रीय पुरस्कार दिया गया। फिल्म के निर्देशक दीपक कोडापे ने बताया कि उत्तर प्रदेश टूरिज्म द्वारा गोरखपुर में धर्म एवं अध्यात्म पर आधारित अंतरराष्ट्रीय फिल्म समारोह का आयोजन किया गया। इस फिल्म महोत्सव में 110 ▶▶ शेष पेज 4 पर

### विधानसभा में जांच आयोग की रिपोर्ट पेश नहीं की गई

# मंदसौर गोलीकांड: मप्र सरकार से चार सप्ताह में जवाब मांगा



पूर्व विधायक पारस सकलेचा ने दायर की है सुप्रीम कोर्ट में याचिका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सात साल पुराने मंदसौर गोलीकांड को लेकर पूर्व विधायक पारस सकलेचा की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने मप्र सरकार को नोटिस जारी किया है। सकलेचा की ओर से सुप्रीम कोर्ट में सीनियर एडवोकेट विवेक तन्खा और सर्वम रितम खरे ने पक्ष रखा। सुप्रीम कोर्ट ने मप्र सरकार से चार सप्ताह में जवाब मांगा है। 6 जून 2017 को मंदसौर के पिपलिया मंडी में पार्श्व नाथ चौपाटी पर आंदोलन कर रहे 5 किसानों की पुलिस के गोली चलाने से मौत हो गई थी। गोलीकांड की ▶▶ शेष पेज 4 पर

प्राइवेट पार्ट छूना रेप का प्रयास नहीं...


# वकील ने शुरू की पैरवी, सुप्रीम कोर्ट बोला-लेक्चरबाजी बंद करो

*इलाहाबाद हाई कोर्ट के फैसले के खिलाफ याचिका खारिज*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नाबालिग लड़की के साथ रेप की कोशिश से जुड़े एक मामले में आए इलाहाबाद हाई कोर्ट के विवादित फैसले को लेकर दायर याचिका सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दी है।

याचिकाकर्ता ने फैसले के विवादित हिस्से को हटाने की मांग की थी, लेकिन सुनवाई के दौरान न याचिकाकर्ता कोर्ट में मौजूद थी, न उनकी तरफ से याचिका दाखिल करने वाले वकील। जो वकील पैरवी के लिए मौजूद थे, जजों ने उनकी बात सुनने से मना कर दिया।



अंजले पटेल नाम की वकील ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल कर दी। यह याचिका एडवोकेट ऑन रिकॉर्ड संजीव मल्होत्रा के जरिए दाखिल हुई थी। इसमें कहा गया था कि समाज की शांति ▶▶ शेष पेज 4 पर

### शीर्ष कोर्ट ने अनुच्छेद 32 का दिया हवाला

मामला जस्टिस बेला त्रिवेदी और जस्टिस प्रसन्ना वराले की बेंच के सामने सुनवाई के लिए लगा था। याचिका की पैरवी के लिए वकील प्रदीप यादव पेश हुए। उन्होंने बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के नारे का जिक्र करते हुए अपनी बात रखनी शुरू की, लेकिन जस्टिस बेला त्रिवेदी ने उनसे कहा कि वह लेक्चरबाजी न करें। इसके बाद कोर्ट ने सवाल ▶▶ शेष पेज 4 पर

### सीबीआई ने लिया बड़ा एक्शन

# एनएचएआई के जीएम को 15 लाख घूस लेते दबोचा




*पटना में महाप्रबंधक के पास मिले 1.18 करोड़*

एजेंसी ▶▶ पटना

राजधानी पटना में भ्रष्टाचार के खिलाफ केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने बड़ी कार्रवाई की है। एजेंसी ने भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के पटना क्षेत्रीय कार्यालय के महाप्रबंधक (जीएम) को 15 लाख रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार अधिकारी की पहचान रामप्रीत पासवान के रूप में हुई है। यह कार्रवाई सोमवार को की गई, ▶▶ शेष पेज 4 पर

### युवती बचने के लिए ट्रेन से कूदी

# हैदराबाद में चलती ट्रेन में युवती से रेप की कोशिश



महिला कोच में अकेली थी तभी हुई जबरदस्ती

एजेंसी ▶▶ हैदराबाद

एक युवती के साथ चलती ट्रेन में रेप करने की कोशिश का मामला सामने आया है। खुद को बचाने के लिए युवती चलती ट्रेन से कूदकर वह घायल हो गई। घटना 22 मार्च की शाम को कोमपल्ली के पास रात करीब 8:15 बजे हुई।

युवती हैदराबाद के सिकंदराबाद रेलवे स्टेशन से मेडचल जाने वाली ट्रेन के महिला कोच में अकेले यात्रा कर रही थी। युवती ने पुलिस को बताया कि कोच में यात्रा कर रही दो महिला यात्री अलवल रेलवे स्टेशन पर ट्रेन से उतर गईं। उसके बाद मैं कोच में अकेली यात्री थी। तभी ▶▶ शेष पेज 4 पर

### खरगोन: चरित्र संदेह में रिश्ते का खून

# पत्नी से अवैध संबंध के शक में कातिल बना बेटा, अपने पिता को चाकू घोंपा

पिता अपनी बहू के पास बार-बार आता-जाता था



हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरगोन

जिले के महूमांडली गांव में एक बेटे ने अपने पिता की चाकू मारकर हत्या कर दी। घटना रविवार रात 9 बजे के बाद की है। मृतक की पहचान कालू पिता लधिया (40) के रूप में हुई है। पुलिस की जांच में सामने आया कि पिता अपनी बहू के पास बार-बार आता- ▶▶ शेष पेज 4 पर

### पहले कहासुनी हुई थी

मृतक के छोटे बेटे अजय ने पुलिस को बताया कि, बड़ा भाई मुकेश पिता पर अपनी बहू से अवैध संबंध की आशंका करता था। इसी बात को लेकर दोनों के बीच रविवार रात कहासुनी हुई और मुकेश ने पिता कालू पर चाकू से हमला कर दिया। एएसपी में बताया पीएम कर मामले की जांच की जा रही है।

### इलाहाबाद बार एसोसिएशन ने कहा-जस्टिस यशवंत के खिलाफ ईडी और सीबीआई जांच होनी चाहिए

सीजेआई से जस्टिस यशवंत वर्मा के खिलाफ महाभियोग लाए जाने की मांग

# सुप्रीम कोर्ट कोलेजियम ने जस्टिस वर्मा को इलाहाबाद हाई कोर्ट भेजने की सिफारिश की, बार का कहना- ऐसा न करें

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जस्टिस यशवंत वर्मा को लेकर सुप्रीम कोर्ट कोलेजियम ने सोमवार को एक बैठक की। इस बैठक के बाद कोलेजियम ने जस्टिस यशवंत वर्मा को इलाहाबाद हाई कोर्ट भेजने के फैसले का समर्थन किया।

हालांकि, इलाहाबाद हाई कोर्ट बार एसोसिएशन की जनरल बॉडी की मीटिंग के बाद सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश से अपील की गई है कि जस्टिस यशवंत वर्मा को इलाहाबाद हाई कोर्ट न भेजा जाए। दिल्ली हाईकोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा पर भ्रष्टाचार के आरोप लगे हैं।



जस्टिस यशवंत वर्मा

### सीजेआई की अनुमति से कस्टडी में लिया जाए

जनरल बॉडी मीटिंग में प्रस्ताव पास किया गया कि जिस प्रकार से एक सिविल सर्वेंट, पब्लिक सर्वेंट या राजनेता का ट्रायल होता है,उसी तरह उनके केस का ट्रायल भी होना चाहिए। बार एसोसिएशन ने सुप्रीम कोर्ट की आंतरिक जांच को खारिज करते हुए मांग की है कि अगर जरूरत पड़े तो जस्टिस यशवंत वर्मा को सीजेआई की अनुमति से कस्टडी में लिया जाए।

### अंकल जज सिंड्रोम का मामला उठाया

बार एसोसिएशन ने अंकल जज सिंड्रोम का भी मामला उठाया है। वकीलों ने अंकल जज सिंड्रोम के खिलाफ भी कार्रवाई की मांग की है। इसके तहत जिस अदालत में कोई जज हो उसके परिवार के लोग वहां पर वकालत न करें। बार एसोसिएशन ने इलाहाबाद हाईकोर्ट में जजों के खाली पदों को भरने, जस्टिस यशवंत वर्मा के फैसलों की समीक्षा, मांग की है।

सोमवार को लाइब्रेरी हॉल में इलाहाबाद हाई कोर्ट बार एसोसिएशन की जनरल बॉडी की मीटिंग हुई। इस मीटिंग में 11 प्रस्ताव पास किए गए। हाई कोर्ट बार एसोसिएशन ने प्रस्ताव पास कर सीजेआई से मांग की है कि जस्टिस यशवंत वर्मा का इलाहाबाद हाई कोर्ट तबादला न किया जाए। बार एसोसिएशन ने कहा है कि इलाहाबाद हाईकोर्ट डंपिंग ग्राउंड नहीं है। इसके साथ ही बार एसोसिएशन ने केंद्र सरकार और सीजेआई से जस्टिस यशवंत वर्मा के खिलाफ महाभियोग लाए जाने की मांग की है। सोमवार को लंच के बाद सांकेतिक रूप से इलाहाबाद हाई कोर्ट के वकील हड़ताल पर ▶▶ शेष पेज 4 पर



राजधानी के बड़े तालाब स्थित खटलापुरा मदिर में पूजा-अर्चना करतीं महिलाएं।

पूजन से एक दिन पहले रात्रि जागरण का आयोजन किया

# दशा माता की पूजा के लिए महिलाओं ने रखा व्रत पीपल की परिक्रमा कर सूत का डोरा बांधा, कथा सुनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सोमवार को कृष्ण पक्ष की दशमी पर महिलाओं ने दशामाता का विशेष पूजन किया। इस अवसर पर भोपाल का बड़ा तालाब शीतल दास की बगिया व खटलापुरा सहित अन्य मंदिरों में महिलाओं ने व्रत रखकर दशामाता की पूजा-अर्चना की और कथा श्रवण किया। पूजन से एक दिन पहले रात्रि जागरण का आयोजन किया गया। महिलाओं ने होली दहन के समय सूत की कूकड़ी और हल्दी की गांठों का पूजन की थी।

दस दिनों तक कथा सुनने के साथ पीपल वृक्ष की पूजा और परिक्रमा की गई। व्रत के दौरान महिलाओं ने घर की समृद्धि और अन्न-धन की प्राप्ति के लिए प्रार्थना की। उन्होंने कच्चे सूत का डोरा बांधकर कहानी सुनाई। पीपल की दस परिक्रमा करते हुए वृक्ष पर सूत लपेटा और दस गांठें लगाकर उसे अपने गले में धारण किया। कई स्थानों पर सुहागिन महिलाओं ने डोरे की पूजा के बाद नल-दमयंती की कथा का श्रवण किया। इस



अवसर पर सौभाग्यवती महिलाओं के लिए मंगल कामना की गई और बुजुर्ग महिलाओं का आशीर्वाद लिया गया। विधिवत रूप से दशामाता का डोरा खोलकर शारीरिक स्वास्थ्य, मानसिक शांति और आर्थिक समृद्धि की प्रार्थना की गई। कुछ महिलाओं ने सुहागिनों को भोजन कराकर दशा माता का उद्यापन संपन्न किया।

## पाप मोचनी एकादशी आजः खाटू श्याम का होगा श्रृंगार, लगेगा छप्पन भोग

भोपाल। मोक्ष प्राप्ति की इच्छा पूर्ति के लिए पापमोचनी एकादशी व्रत मंगलवार को रखा जाएगा। शहर के मंदिरों में भगवान विष्णु की पूजन-अर्चना कर विशेष भोग लगाया जाएगा। इस दौरान मां वैष्णो धाम आदर्श नौ दुर्गा मंदिर बाबा खाटू श्याम मंदिर पर पाप मोचनी एकादशी पर बाबा खाटू श्याम का फूलों से विशेष श्रृंगार अर्पित कर 56 भोग लगेगा। बाबा खाटू श्याम का फूलों से विशेष श्रृंगार किया जाएगा। प्रसिद्ध भजन गायकों द्वारा भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। मां चामुंडा दरबार के पुजारी पंडित रामजीवन दुबे ने बताया कि एकादशी के दिन उपवास रखने और पूजा-पाठ करने से घर में सुख-समृद्धि बनी रहती है। हर माह में आने वाली एकादशी का नाम अलग-अलग होता है। ऐसे ही चैत्र माह के कृष्ण पक्ष तिथि के दिन आने वाली एकादशी को पापमोचिनी एकादशी के नाम से जाना जाता है। पापमोचिनी एकादशी का व्रत रखने से हर तरह के पापों से मुक्ति मिल जाती है।

## खबर संक्षेप

### प्रियंका मनीष झंवर को पीएचडी की उपाधि



भोपाल। श्री सत्य साईं प्रौद्योगिकी एवं चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, सीहोर ने प्रियंका मनीष झंवर को मैकेनिकल इंजीनियरिंग में 'अ स्टडी ऑन द मैकेनिकल प्रॉपर्टीज ऑफ शॉर्ट नेचुरल फाइबर रेनफोर्सड थर्मोप्लास्टिक कमोसिस्ट' विषय पर शोध कार्य के लिए पीएचडी उपाधि प्रदान की।

### 30 मार्च को शा. आवासीय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा

भोपाल। प्रदेश में एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, कन्या शिक्षा परिसर और आदर्श आवासीय विद्यालय में प्रवेश के लिए आयोजित परीक्षा को लेकर तैयारियां पूरी हो चुकी है। जारी कार्यक्रम के अनुसार, कक्षा 6वीं की प्रवेश परीक्षा 30 मार्च को होगी। प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित होने वाले विद्यार्थियों के प्रवेश पत्र स्कूल शिक्षा विभाग के राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड की वेबसाइट पर अपलोड कर दिए गए हैं। परीक्षा में शामिल होने वाले विद्यार्थी प्रवेश पत्र डाउनलोड कर परीक्षा में शामिल हो सकते हैं।

### नेहरू नगर में होली मिलन समारोह संपन्न

भोपाल। सुंदरकांड महिला मित्र मंडल द्वारा नेहरू नगर में होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। समारोह में श्री कृष्ण और राधा बने कलाकारों ने ब्रज की होली और अन्य होली नृत्य गीत प्रस्तुत किए। सांस्कृतिक कार्यक्रम में विभिन्न प्रस्तुतियां दी। फूलों की होली खेली गई। इस मौके पर मंजू गुप्ता, शशी गुप्ता, राधा मित्तल, रानी अग्रवाल, गायत्री गर्ग आदि मौजूद थी।

### मौसम केंद्र में मनाया विश्व मौसम विज्ञान दिवस

भोपाल। राजधानी स्थित मौसम विज्ञान केंद्र में सोमवार को विश्व मौसम विज्ञान संगठन (डब्ल्यू.एम.ओ.) दिवस मनाया गया। इसका विषय मिलकर प्रारंभिक चेतावनी अंतराल को घटाना रहा। इस अवसर पर आईएमडी के विभिन्न उपकरण, उनके कार्य सिद्धांतों, सतह वेधशालाओं और अन्य इकाइयों को प्रदर्शित करने के लिए एक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। साथ ही 3-डी मॉडल और वीडियो भी प्रदर्शित किए गए। यह आईएमडी के साथ-साथ मौसम विज्ञान केंद्र, भोपाल के समग्र वेधशाला नेटवर्क, सेवाओं और इतिहास को दर्शाते हैं।

### मैनिट में जुलाई तक चलेगा साइबर सुरक्षा पर हैकाथॉन

भोपाल। सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया राजधानी स्थित मैनिट के सहयोग से साइबर सुरक्षा पर हैकाथॉन का आयोजन कर रहा है। यह कार्यक्रम अब जुलाई 2025 तक इंटर एनआईटी स्तर पर आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम की शुरुआत मैनिट में हो चुकी है। मैनिट के इलेक्ट्रॉनिक्स एवं संचार इंजीनियरिंग विभाग तथा कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग विभाग द्वारा किया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्देश्य डोमेन डिजिटल चैनल अथवा यूपीआई लेनदेन के लिए एआई संचालित धोखाधड़ी का पता लगाने और रोकथाम प्रणाली विकसित करना है। कार्यक्रम की विजेता टीम के लिए सर्वोच्च पुरस्कार 5 लाख रुपए रखा गया है।

## राजधानी में सबसे पहले ईदगाह में होगी ईद की नमाज

# रमजान के आखिरी अशरे में बढ़ाई इबादत बंदों ने खरीदारी कर शुरू की ईद की तैयारी

### मस्जिदों में एहतिकाफ में बढ़ने का सिलसिला भी शुरू हो गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रमजान माह के 23 रोजे पूरे होने के साथ आखिरी अशरा चल रहा है, जिससे रमजान के आखिरी दिनों में बंदों ने कुरआन की तिलावत और जिक्र की कसरत बढ़ा दी है। बंदे रात में जागकर इबादत भी कर रहे हैं। इसके साथ शहर के बाजारों में ईद की खरीदारी को लेकर भीड़ भी बढ़ गई है।

बंदे इस मुबारक माह के आखिरी अशरे में इबादत की विशेष रात शब-ए-कद्र की तलाश भी कर रहे हैं, जिसके लिए शहर की अधिकतर मस्जिदों में एहतिकाफ में बढ़ने का सिलसिला भी शुरू हो गया है। बंदे पूरे समय मस्जिद में रहकर इबादत कर रहे है। अब यह लोग ईद का चांद दिखने के बाद ही घर वापस आएंगे।

### बाजारों में बढ़ी खरीदारों की भीड़



राजधानी के चौक बाजार में उमड़ी भीड़।

माह ए रमजान के अपने अंतिम पढ़ाव की तरफ बढ़ने के साथ लोग ईद की तैयारियों की तरफ भी बढ़ गए हैं। बाजारों में खरीद फरोख्त की भीड़ बढ़ गई हैं। मुसाफिर अपने घरों की तरफ बढ़ने लगे हैं। ईद का त्योहार अपनों के साथ मनाने के लिए लोगों ने छुट्टियों की अर्जियां देना शुरू कर दी हैं।

**मस्जिदों में होती हैं उलेमाओं की तकरीरें**

*रमजान माह में अदा की जाने वाली खास नमाज तरावीह का समापन भी अधिकांश मस्जिदों में 27वीं रात को किया जाता है। जिसके चलते मस्जिदों में बड़े जलसे, उलेमाओं की तकरीरें होती हैं। घरों में पढ़े जा रहे कुरआन का मुकम्मल और इसके कुबूल किए जाने के लिए दुआएं भी की जाती हैं।*

### ईदगाह सहित 250 से अधिक मस्जिदों में होगी नमाज

शहर की ईदगाह में सुबह 7:15, ताज-उल-मसाजिद 7:45, जामा मस्जिद 7.30 और मोती मस्जिद में 8 बजे ईद की विशेष नमाज अदा की जाएगी। इसके नूरूल मसाजिद माता मंदिर चौराहा 7:30 बजे, मस्जिद आरिफ नगर 8:15 बजे, मस्जिद हबीबगंज 7:30 बजे, जामा मस्जिद टीटी नगर 8 बजे, मस्जिद रब्बानी प्रेस कॉम्पलेक्स 7.45 बजे, ईदगाह मंडीदीप 7.30 बजे, मस्जिद फैज एयरपोर्ट रोड 7.45 बजे सहित ग्रामीण क्षेत्रों में भी ईद की विशेष नमाज पढ़ी जाएगी।

## पुराना शहरः ईद की खरीदारी के लिए बाजारों में उमड़ रही लोगों की भीड़ यातायात पुलिस ने पार्किंग और ट्रैफिक व्यवस्था में किया बदलाव

ईद की खरीदारी के लिए बाजारों में लोगों की भीड़ उमड़ने लगी है। इसके चलते यातायात पुलिस की ओर से उचित यातायात प्रबंधन के लिए पार्किंग एवं यातायात व्यवस्था में बदलाव किया है।



### आज से यह रहेगी ट्रैफिक व्यवस्था

पुराना भोपाल विभिन्न बाजारों में 24 से 30 मार्च तक विशेष व्यवस्था रहेगी। इस दौरान जहां जनकपुरी, जुमेराती, छोटे भैया चैराहा, घोड़ा नक्कास चैराहा, हनुमानगंज, आजाद मार्केट में यातायात का अत्याधिक दबाव होने पर कोई भी लोडिंग वाहन, ऑटो रिक्षा, चार-पहिया वाहन आंतरिक बाजार क्षेत्र (जनकपुरी, जुमेराती, छोटे भैया चौराहा, घोड़ा नक्कास चौराहा, हनुमानगंज, आजाद मार्केट) में प्रवेश नहीं कर सकेंगे।

### यह रहेगी ट्रैफिक व्यवस्था

- करोंद, डीआईजी बंगला, सिंधी कॉलोनी, शाहजहांनाबाद की ओर से आने वाले सभी चार पहिया वाहन आंतरिक बाजार क्षेत्र में प्रवेश नहीं होंगे, भोपाल टॉकीज चौराहे से बाल विहार ग्राउंड में पार्क किए जा सकेंगे।
- भारत टाकीज की ओर से बाजार में आने वाले सभी दो-पहिया वाहन सेन्ट्रल लाइब्रेरी मैदान में पार्क किए जा सकेंगे।
- संगम टॉकीज की ओर से सब्जी मंडी होकर बाजार आने वाले चार पहिया, तीन पहिया वाहन सब्जी मंडी रिक्त प्रांगण में पार्क किए जा सकेंगे।
- लखेरापुरा, इतवारा, मारवाड़ी रोड, हब्राहिमपुरा से किसी भी प्रकार के चार पहिया, तीन पहिया वाहन चौक बाजार की ओर नहीं जा सकेंगे। ये वाहन सरस्वती प्रशासन के पास मल्टीलेबल पार्किंग एवं सदर मंजिल के पास स्थित पार्किंग कर सकेगें।
- चौक बाजार में भीड़ होने की स्थिति में दो-पहिया वाहन भी परिवर्तित किए जाएंगे। ये वाहन सरस्वती प्रशासन के पास मल्टीलेबल पार्किंग एवं सदर मंजिल के पास स्थित पार्किंग कर सकेगें।



## इस बार 3 जुलाई से शुरू होगी यात्रा

# अमरनाथ यात्रा के लिए 14 अप्रैल से शुरू होंगे पंजीयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अमरनाथ यात्रा इस बार 3 जुलाई से शुरू होगी। यात्रा इस बार 38 दिन की ही होगी। 9 अगस्त रक्षाबंधन को यह समाप्त हो जाएगी। यात्रा पर जाने से पहले श्रद्धालुओं का अग्रिम पंजीकरण जरूरी है, जो 14 अप्रैल से शुरू होगा। यात्रा पर जाने के इच्छुक श्रद्धालु आधिकारिक वेबसाइट पर पंजीकरण करा सकते हैं। इसके अलावा मोबाइल एप्लिकेशन श्री अमरनाथ जी यात्रा से भी पंजीयन हो सकता है।

ओम शिव शक्ति सेवा मंडल के सचिव रिंकू भटेजा ने बताया कि आज से भोपाल स्थित जम्मू कश्मीर बैंक जवाहर चौक एवं पंजाब नेशनल बैंक न्यू मार्केट में बायोमेट्रिक के माध्यम से एवं ऑनलाइन के माध्यम से अमरनाथ यात्रा के लिए पंजीयन शुरू हो जाएंगे। पंजीयन के लिए यात्री का श्राइन बोर्ड द्वारा अधिकृत चिकित्सक द्वारा प्रदाय किया हुआ है। कंपलसरी हेल्थ सर्टिफिकेट अनिवार्य होगा, इसके साथ यात्री के आधार कार्ड की फोटोकापी, स्वयं की फोटो आवेदन के साथ 150 रुपए फीस जमा करना होगी। ऑनलाइन पंजीयन के लिए 250 का शुल्क श्राइन बोर्ड द्वारा निर्धारित किया गया है। भोपाल एवं इसके आस पास के ग्रामीण क्षेत्रों से प्रत्येक वर्ष लगभग 15 हजार अमरनाथ यात्रा में शामिल होते हैं।

## इस अवसर पर रास डांडिया भी खेला

# श्रीकृष्ण प्रणामी मंदिर में धूमधाम से मनाया फागोत्सव, खेली होली



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर में श्री 5 पदमावती पूरी धाम पन्ना से आए सुंदरसाथ, योगेश पांडे, चंद्र कृष्ण त्रिपाठी, अभय शर्मा, नीता शर्मा, इंदु शर्मा, ब्रजबाला शर्मा आदि ने परंपरागत फाग और भजन गाए।

मंदिर महंत पंडित रूपराज शर्मा, संस्थापक सदस्य पं. भीखराज त्रिपाठी, पुजारी अमरनाथ शर्मा ने सभी को अबीर गुलाल का टीका लगाया और फूलों की वर्षा की। इस अवसर पर रास डांडिया भी खेला गया। मंदिर अध्यक्ष विनोद प्रणामी, संरक्षक डॉ. खेमराज शर्मा, नरेंद्र मोहन शर्मा, श्रीकांत शर्मा, हेमंत शर्मा, अतुल दुबे, मनीष त्रिपाठी, विनीत शर्मा, रजनीश त्रिपाठी, पुनीत दुबे, राजकुमार दुबे,सत्यभूषण शर्मा, संदेश शर्मा आदि ने भजन गाए।

## ईश्वर प्राप्ति ही मानव जीवन का अंतिम लक्ष्य हैः नीरज नयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

संसार के नश्वर भोग पदार्थों की प्राप्ति में अपने समय, साधन और सामर्थ्य को अपव्यय करने की जगह हमें अपने अंदर स्थित परमात्मा को प्राप्त करने का लक्ष्य रखना चाहिए। इसी से जीवन का कल्याण संभव है। ईश्वर प्राप्ति ही मानव जीवन का अंतिम लक्ष्य है। यह उद्गार राजीव नगर ए सेक्टर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन सोमवार को कथा वाचक नीरज नयन महाराज ने भक्तों को दिए।

उन्होंने कहा कि परमात्मा ही परम सत्य है। जब हमारी वृत्ति परमात्मा में लगेगी तो



संसार गायब हो जाएगा। नीरज महाराज ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने गोपियों के घरों से माखन चोरी किया। इस घटना के पीछे भी आध्यात्मिक रहस्य है। दूध का सार तत्व माखन है। उन्होंने गोपियों के घर से केवल माखन चुराया अर्थात सार तत्व को ग्रहण किया और असार को छोड़ दिया।

## मलयाली एसोसिएशन ने बासेलियस माथोर्मा मैथ्यूज का किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

यूनाइटेड मलयाली एसोसिएशन ने मालंकारा ऑर्थोडॉक्स सीरियन चर्च ऑफ इंडिया के सर्वोच्च प्रमुख परम पावन मर बा से लि य स माथोर्मा मैथ्यूज का उनके प्रथम भोपाल आगमन पर सेंट थॉमस कै थे ड्र ल अशोका गार्डन में स्वागत किया गया। इस अवसर पर एसोसिएशन के अध्यक्ष ओडी जोसेफ, उपाध्यक्ष अनिल कुमार, सचिव उदयन नायर, ऐबीपी. मैथ्यू, लिनू वर्गीस, बिंसी जॉर्ज, जयचंद्रन वी, रेजी अब्राहम और सुबी मैथ्यू उपस्थित रहे।




## आसिफ जकी ने किया नरेला विस में रोजा अफ्तार का आयोजन



भोपाल। राजधानी में रमजान उल मुबारक के मौके पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व महामंत्री आसिफ जकी ने नरेला विधानसभा के में रोजा अफ्तार का आयोजन किया। इस आयोजन में जिला भोपाल कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रवीण सक्सेना, लोक सभा प्रत्याशी अरुण श्रीवास्तव, अनस उर रहमान, आदिल सिद्दीकी मोहम्मद, मोहम्मद रियाज सैय्यद साजिद, अली शावर, शावेज खान, शरीक इस्तियाक, चंद्रभान सिंह, शेख सलीम, आदित्य परिहार, बैग मोहम्मद, आसिफ सोनू सरदार सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।



### श्री महाकालेश्वर मंदिर पुजारीयान समिति और पुजारी सेवक संघ का संयुक्त होली मिलन समारोह संपन्न

भोपाल। अखिल भारतीय पुजारी महासंघ के तत्वावधान में श्री महाकालेश्वर मंदिर पुजारीयान समिति और पुजारी सेवक संघ का संयुक्त होली मिलन समारोह उज्जैन के खाक चौक स्थित शगुन गार्डन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुजारी महासंघ राष्ट्रीय अध्यक्ष महेश पुजारी एवं श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति सदस्य और पुजारियान समिति सदस्य राम पुजारी रहे।

### टीबी हारेगा, देश जीतेगाः विश्व क्षय रोग दिवस पर रेलवे में जागरुकता अभियान का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मंडल रेल प्रबंधक देवाशीष त्रिपाठी के मार्गदर्शन में एवं मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अजय डोगरा के नेतृत्व में सोमवार को विश्व क्षय रोग दिवस के उपलक्ष्य में मंडल में विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। मंडल रेल चिकित्सालय भोपाल के सभागृह में एक जागरुकता सभा आयोजित की गई। सभा का शुभारंभ करते हुए मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अजय डोगरा ने टीबी मुक्त भारत के संकल्प को पूर्ण करने में जन भागीदारी की आवश्यकता एवं टीबी रोग के प्रसार को रोकने के लिए शीघ्र निदान एवं उपचार के महत्व पर प्रकाश डाला। डॉ. पंकज महेश्वरी (वरिष्ठ मंडल चिकित्सा अधिकारी, पल्मनोलॉजिस्ट) ने टीबी के लक्षण, जांच, निदान एवं उपचार के विषय में विस्तृत जानकारी दी। डॉ. रचना श्रीवास्तव (अपर मंडल चिकित्सा अधीक्षक, प्रशासन) ने एक्स्ट्रा पल्मोनरी टीबी के विषय में जानकारी साझा की।

## विश्व क्षय दिवस पर लगाए जागरुकता और स्क्रीनिंग शिविर

# साल 2024: भोपाल में मिले टीबी के 13 हजार 336 मरीज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी भोपाल में राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम में प्रदेश में सर्वाधिक टीबी मरीजों की पहचान की है। साल 2024 में भोपाल में कुल 13 हजार 336 मरीजों को चिन्हित कर उपचार दिया गया है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा टीबी संभावित क्षेत्रों की पहचान कर स्क्रीनिंग करवाई गई है। टीबी के मरीजों को चिह्नांकित करने के लिए वृद्धाश्रमों, रैन बसेरों, सेंट्रल जेल, औद्योगिक इकाइयों, मेलों, पुलिस विभाग, नगर निगम के सफाई मित्रों, हॉस्टल्स, निर्माणाधीन भवनों में स्क्रीनिंग कैंप लगाए जा रहे हैं। रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, मेलों, बाजारों में सघन जागरुकता गतिविधियां भी निरन्तर जारी हैं। वहीं सोमवार को विश्व क्षय दिवस पर राजधानी के समस्त शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं में जागरुकता के लिए जांच शिविर लगाए जा रहे हैं।

- टीबी के मरीजों को चिह्नांकित करने के लिए कई जगह लगाए गए जांच शिविर




### 77 ग्राम पंचायतें हुई टीबी मुक्त

भोपाल की 17 ग्राम पंचायत को पिछले साल टीबी मुक्त किया जा चुका है। इस साल 77 और ग्राम पंचायतें टीबी मुक्त घोषित की जा रही है। टीबी मरीजों को उपचार अवधि में एक हजार रुपए प्रतिमाह की आर्थिक सहायता भी दी जा रही है। भोपाल जिले में नोटिफिकेशन, निक्षय मित्र चिन्हांकन एवं निक्षय पोषण योजना का विस्तारीकरण, एपिडेमियोलॉजिकल इंटरवेंशन, निजी स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं के साथ सपोर्ट सिस्टम, निक्षय पोर्टल प्रविष्टि इत्यादि की सतत मॉनिटरिंग की जा रही है।

**डॉ. प्रभाकर तिवारी**, सीएमएचओ, भोपाल

### हैंड हेल्ड एक्स-रे मशीन एवं ए-आई टूल से टीबी की त्वरित जांच संभवः डॉ. मनीषा



टीबी का उन्मूलन जनजागरण से संभव है। इस राष्ट्रीय कार्यक्रम को आगे बढ़ाना हमारा कर्तव्य है। इस बार की डब्ल्यूएचओ की वर्ष 2025 की थीम है हां, हम टीबी खत्म कर सकते हैं प्रतिबद्ध हों, निवेश करें, परिणाम दें। इस थीम को ध्यान में रखते हुए प्रीक्लिनिकल डायग्नोसिस पर ध्यान देना जरूरी है। यह बात वर्ल्ड टीबी डे के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम में बीएमएचआरसी की प्रभारी निदेशक डॉ. मनीषा श्रीवास्तव ने कही। उन्होंने बताया कि डॉट सेंटर भेजे जाने वाले टीबी मरीजों का फालोअप होना चाहिए। बीमारियों से बचाव के लिए सरकार द्वारा बजट में प्रावधान कर निवेश पर ध्यान दिया जाय। इसके बाद जो सहयोगात्मक परिणाम आएंगे, वो सकारात्मक होंगे। हर्ष की बात है कि बीएमएचआरसी के माइक्रोबायोलॉजी विभाग में एनआरएल लैब टीबी की उन्नत जांच में अपना योगदान दे रही हैं।

# सीएम आज उज्जैन में 24 इकाइयों का करेंगे भूमि-पूजन-लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



■ आएगा 582 करोड़ रुपए का निवेश, युवाओं के लिए सृजित

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मप्र औद्योगिक विकास के स्वर्णिम युग की ओर बढ़ रहा है।

पिछले वर्ष रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव, देश-विदेश में आयोजित रोड शो और ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2025 के माध्यम से प्रदेश को निवेशकों के लिए सबसे उपयुक्त राज्य बनाने के जो प्रयास हुए, उनके ठोस परिणाम अब धरातल पर दिखाई देने लगे हैं। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंगलवार 25 मार्च को उज्जैन के विक्रम उद्योगपुरी, ताजपुर औद्योगिक क्षेत्र और मेडिकल डिवाइसेस पार्क में 24 औद्योगिक इकाइयों का भूमि-पूजन एवं लोकार्पण करेंगे। वह उज्जैन की विक्रम उद्योगपुरी में 28.1 करोड़ रुपए की लागत से बने सामान्य अपशिष्ट उपचार केंद्र (सीईटीपी) का लोकार्पण भी करेंगे। इन इकाइयों में 582.98 करोड़ रुपए का निवेश होगा, जिससे 3196 लोगों को प्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिलेगा। इस निवेश से उज्जैन औद्योगिकीकरण का नया केंद्र बनेगा और प्रदेश की अर्थव्यवस्था को और अधिक गति मिलेगी।

### ताजपुर औद्योगिक क्षेत्र-विविध क्षेत्रों में औद्योगिक विस्तार

ताजपुर औद्योगिक क्षेत्र में भी कई नई औद्योगिक इकाइयां स्थापित की जा रही हैं। मे. विश्वकर्मा इंडस्ट्रीज द्वारा 0.55 करोड़ रु. का निवेश किया जाएगा, जिससे 6 लोगों को रोजगार मिलेगा। मे. एसएस इलेट्रिकल्स 2 करोड़ रुपए का निवेश करेंगे, जिससे 25 लोगों को रोजगार मिलेगा। मे. जेएसके फूड्स 1.6 करोड़ का निवेश करेगा। 50 लोगों को रोजगार मिलेगा। महालक्ष्मी एंटरप्राइजेज 0.5 करोड़ का निवेश करेंगे, जिससे 9 लोगों को रोजगार मिलेगा। इसके साथ ही कान्ता इंडस्ट्रीज 1.3 करोड़ रुपए का निवेश करेगी, इससे 6 लोगों को रोजगार मिलेगा। विश्वा इंडस्ट्रीज 1.3 करोड़ रुपए का निवेश करेगी, इससे 6 लोगों को रोजगार मिलेगा। मेसर्स शिव शक्ति एग्रो एक करोड़ रुपए निवेश किया जाएगा, इससे 8 लोगों को रोजगार मिलेगा।

### मुख्यमंत्री के प्रयासों से बदल रहा मध्यप्रदेश

मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में मप्र औद्योगिक निवेश और रोजगार सृजन के नए आयाम स्थापित कर रहा है। रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव से लेकर रोड शो और विदेशी निवेश यात्राओं तक, हर प्रयास ने प्रदेश को निवेशकों के लिए सबसे आकर्षक गंतव्य बनाया है। उज्जैन में इन औद्योगिक इकाइयों के शुभारंभ से प्रदेश में नए निवेश अवसरों का सृजन होगा, जिससे उद्योगों को और अधिक प्रोत्साहन मिलेगा।

### निवेश और रोजगार के नए अवसर

*औद्योगिक विस्तार में विक्रम उद्योगपुरी अग्रणी भूमिका निभा रहा है। यहां मे. सिग्निफाईआरबीटी कॉन्सेप्ट प्राइवेट लिमिटेड ने 100 करोड़ रुपए का निवेश करेगा, जिससे 250 लोगों को रोजगार मिलेगा। मे. रेलसस प्राइवेट लिमिटेड 97 करोड़ रुपए का निवेश करेगी, जिससे 180 लोगों को रोजगार मिलेगा। मे. इस्कॉन बालाजी फूड्स प्राइवेट लिमिटेड ने 92.74 करोड़ रुपए का निवेश करेगी। इससे 383 लोगों को रोजगार प्राप्त होगा। मे. पायोनियर इंजीनियरिंग इंडस्ट्रीज की ओर से 51 करोड़ रुपए का निवेश किया जाएगा, जिससे 900 लोगों को रोजगार मिलेगा। मे. प्रेन मोटर्स (भारत) प्राइवेट लिमिटेड 50 करोड़ रुपए का निवेश करेगा, जिससे 150 लोगों को रोजगार मिलेगा। मे.श्रीपति मॉलिक्यूल्स प्राइवेट लिमिटेड की ओर से 50 करोड़ रुपए का निवेश किया जाएगा।*

विधानसभा में आमरण अनशन पर बैठे बाप विधायक कमलेश्वर डोडियार

# डॉ. राठौर ने मुझे जातिसूचक गाली दी यह पूरे आदिवासी समाज का अपमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

विधानसभा बजट सत्र के अंतिम दिन सोमवार को भारत आदिवासी पार्टी (बाप) से सैलाना विधायक कमलेश्वर डोडियार विधानसभा परिसर स्थित गांधी प्रतिमा के सामने आमरण अनशन पर बैठ गए। डोडियार रतलाम जिला अस्पताल के डॉक्टर चंद्र प्रताप सिंह राठौर को निलंबित न किए जाने पर अपना विरोध जता रहे थे।

डोडियार ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि डॉक्टर राठौर को तत्काल निलंबित किया जाए। डॉ. राठौर ने मुझे और पूरे आदिवासी समाज को गालियां दी, इससे आदिवासी समाज का अपमान हुआ है। मामले में पहली बार मुझे आश्वासन मिला था, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। इस बार भी मेरा सवाल था लेकिन चर्चा में नहीं आया। डोडियार ने कहा कि जब तक डॉक्टर को निलंबित नहीं किया जाता, तब तक वे न भोजन करेंगे और न ही पानी ग्रहण करेंगे। बता दें कि आमरण अनशन से विधायक डोडियार ने विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर को पत्र लिखकर आमरण अनशन की चेतावनी भी दी थी।



### अनशन पर बैठे विधायक का स्पॉट पर ही मेडिकल चेकअप

विधानसभा में सैलाना विधायक कमलेश्वर डोडियार सोमवार को विधानसभा परिसर में स्थित गांधी प्रतिमा के बाहर अनशन पर बैठे रहे। इस दौरान डॉक्टर की टीम ने उनका ब्लड प्रेशर, शुगर और हार्टवीट चेक की। विदित हो कि डोडियार डॉक्टर द्वारा अभद्रता किए जाने के मामले में उसके सस्पेंड करने पर अड़े हुए है। इसी मांग को लेकर वह सदन के अंदर नहीं गए बल्कि गांधी प्रतिमा पर अनशन जारी रखा।

### चार महीने से न्याय की लड़ाई


विधायक डोडियार ने बताया कि यह घटना 5 दिसंबर 2024 की है, जब वे खुद की तबीयत खराब होने के कारण रतलाम जिला अस्पताल पहुंचे थे। वहां इमरजेंसी वार्ड में एक व्यक्ति से डॉक्टर की उपलब्धता के बारे में पूछने पर उसने उन्हें जातिसूचक गालियां दी। बाद में पता चला कि वह व्यक्ति डॉ. चंद्र प्रताप सिंह राठौर थे। इस मामले में उन्होंने पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई, जिसके बाद डॉक्टर के खिलाफ एफआईआर दर्ज हुई, लेकिन उनके खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

### न जांच पूरी, न चालान किया पेश

डोडियार ने कहा कि इस मामले को उन्होंने विधानसभा के पिछले सत्र में भी उठाया था, लेकिन सरकार ने अब तक डॉक्टर को निलंबित करने या अभियोजन की स्वीकृति देने का निर्णय नहीं लिया है। वहीं पुलिस ने अब तक मामले की जांच पूरी नहीं की और ना ही न्यायालय में चालान पेश किया।

## खबर संक्षेप

### संयमित जीवनशैली और नियमित व्यायाम टीबी से हो सकता है बचाव



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि टीबी अर्थात क्षय रोग का इलाज संभव है। संतुलित आहार, संयमित जीवन शैली और नियमित योग तथा व्यायाम से इस गंभीर बीमारी से बचा जा सकता है। विश्व तपेदिक (टीबी) दिवस सभी नागरिकों को क्षय रोग से बचाव के लिए सतर्क रहने के प्रति जागरुक करता है। मुख्यमंत्री ने विश्व तपेदिक दिवस पर प्रदेश वासियों से क्षय रोग से सतर्क रहने, रोग से बचाव के संबंध में लोगों को जागरूक करने और पीड़ितों की सहायता का आह्वान किया है।

### विजयवर्गीय की चुटकी पटेल और राकेश भी पहली बार के विधायक



**भोपाल।** विधानसभा मे सोमवार को सदन में चर्चा के दौरान संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने पहली बार के निर्वाचित विधायकों की सराहना की। उन्होंने कहा कि पहली बार के विधायकों ने सदन में अध्ययन के साथ चर्चा में भाग लिया और काफी अच्छे तरीके से सदन में अपनी बात रखी। यही लोकतंत्र की खासियत है। इसके बाद उन्होने चुटकी लेते हुए मंत्री प्रहलाद पटेल और मंत्री राकेश सिंह की ओर इशारा करते हुए कहा कि ये भी पहली बार के विधायक है।

### सम्पत्ति कर, जल प्रभार एवं अन्य उपभोक्ता प्रभार में अधिभार में छूट

**भोपाल।** नगरीय प्रशासन एवं आवास विभाग ने वित्तीय वर्ष 2024-25 की अवधि में सम्पत्ति कर, जल प्रभार एवं अन्य उपभोक्ता प्रभार के अधिभार में उपभोक्ताओं को छूट देने का निर्णय लिया है। विभाग ने नगर पालिक निगम, नगरपालिका परिषद और नगर परिषद को पत्र लिखकर निर्देश जारी किए हैं। वर्तमान में 15 वें वित्त आयोग की शर्तों के अनुसार प्रतिवर्ष सम्पत्ति कर की वसूली में राज्य की जीएसडीपी की औसत वृद्धि के अनुरूप वृद्धि किया जाना अनिवार्य है। इस स्थिति को देखते हुए वृद्धि न किए जाने की स्थिति में संबंधित नगरीय निकायों को 15 वें वित्त आयोग के अनुदान से वंचित होना पड़ सकता है।

## बजट में पिछले वर्ष से 15 प्रतिशत अधिक राशि, 5 वर्ष में करेंगे दोगुना बजट पेश




विधानसभा सत्र में हुई चर्चा, सभी को जोड़ेंगे विकास से

सीएम ने विधानसभा सत्र के समापन पर किया संबोधित

# प्रत्येक विधायक बनाए विजन डॉक्यूमेंट: सीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विधानसभा सत्र के समापन पर संबोधित करते हुए प्रत्येक विधायकों से विजन डॉक्यूमेंट तैयार करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि जिला स्तर पर विकास समिति बनेगी और विभिन्न वर्गों से प्राप्त सुझावों के आधार पर विजन डाक्यूमेंट तैयार करने का कार्य होगा।

समिति में चिकित्सक, अधिवक्ता इंजीनियर आदि भी शामिल रहेंगे। राज्य शासन विजन डॉक्यूमेंट के क्रियान्वयन के लिए आवश्यक धनराशि भी उपलब्ध कराएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोमवार को विधानसभा में बजट सत्र के समापन पर विधानसभा अध्यक्ष, मंत्रि-परिषद सदस्य, नेता प्रतिपक्ष, विपक्षी सदस्यों और समस्त सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस सत्र में आखिरी दिन तक चर्चा हुई, यह स्वस्थ लोकतांत्रिक व्यवस्था का द्योतक है। विधानसभा के सभी सदस्य अपने कार्य के प्रति समर्पित हैं। बजट सत्र के समापन पर अधिकतम सदस्यों का उपस्थित होना श्रेष्ठ परम्परा है। लोकतंत्र की इसी में गरिमा बरकरार है।

### बढ़ रही है प्रति व्यक्ति आय, आगे बढ़ रहा प्रदेश के विकास का कारवां



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में प्रति व्यक्ति आय वर्ष 2002-03 में मात्र 11 हजार रुपए वार्षिक थी, जो वर्तमान में एक लाख 52 हजार रूपए हो गई है। यह वर्ष 2047 तक 22 लाख 50 हजार रुपए होगी। विकास से सभी को जोड़ा जाएगा। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में हेलीपेड के निर्माण का लक्ष्य है। कृषि क्षेत्र में तीन वर्ष में 30 लाख किसानों को सोलर पम्प के माध्यम से निःशुल्क बिजली उपलब्ध करवाने का लक्ष्य है। फसलों के उपार्जन पर किसानों को बढ़ी हुई राशि दी जा रही है। गेहूं के लिए प्रति क्विंटल 2,600 रुपए और धान उत्पादक किसानों को 4000 रुपए प्रति हेक्टेयर प्रोत्साहन राशि देने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया।

### नई योजनाएं, नए प्रकल्प

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार ने अनेक नई योजनाएं और नए प्रकल्प प्रारंभ कर उन्हें साकार करने का संकल्प लिया है। जन भागीदारी से संस्थाओं के निर्माण के लिए नवीन योजना, निजी निवेश से सम्पत्ति का निर्माण प्रारंभ की जाएगी। इस योजना में पीपीपी मोड पर शासकीय सम्पत्तियों विशेषकर भवनों का निर्माण हायब्रिड एन्युटी मॉडल या प्योर एन्युटी मॉडल पर करवाने का प्रयास होगा। इसके लिए भी बजट में प्रावधान किया गया है। गीता भवन योजना-100 करोड़, मुख्यमंत्री वृंदावन ग्राम योजना-100 करोड़, अविरल निर्मल नर्मदा-25 करोड़, श्री कृष्ण पाथेय-10 करोड़, मुख्यमंत्री कृषक उन्नति योजना-850 करोड़, मुख्यमंत्री डेयरी विकास योजना-50 करोड़, कामकाजी महिलाओं के लिए छात्रावास निर्माण-100 करोड़, मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा-80 करोड़, मुख्यमंत्री मजरा टोला योजना-100 करोड़, पीएम कृषक मित्र सूर्य योजना-442 करोड़, फसल उत्पादन पर बोनस-1000 करोड़, गौ-संवर्धन पशु संवर्धन-550 करोड़, स्टेडियम निर्माण-129 करोड़, सिंहस्थ-2028-2005 करोड़, वेदांत पीठ की स्थापना-500 करोड़, निजी निवेश से संपत्ति का निर्माण-100 करोड़, मुख्यमंत्री समग्र परिवार समृद्ध योजना-125 करोड़ का विस्तारपूर्वक उल्लेख किया।

### मुख्यमंत्री ने माना सभी का आभार

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बजट सत्र में विस्तार से सार्थक चर्चा हुई। अनेक विधेयक पारित किए गए। राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा, बजट पर चर्चा और विभागवार चर्चा में देर रात्रि तक भी कार्यवाही चली, जिसमें सदस्यों की ओर से काफी सहयोग किया गया। बजट सत्र का अत्यंत सफल और सुचारू संपादन विधानसभा अध्यक्ष की ओर से किया गया। मुख्यमंत्री ने विधानसभा सत्र में सहयोग के लिए विधानसभा सचिवालय के अधिकारियों कर्मचारियों, मीडिया प्रतिनिधियों का भी आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विश्वास व्यक्त किया कि भविष्य में भी मप्र विधानसभा के सत्र गौरवशाली परंपराओं के अनुरूप संचालित होंगे।*






जांच के दौरान लोकायुक्त डीजी को हटाना मतलब लीपापोती चल रही, मामला संदेहजनक

# परिवहन घोटाले को लेकर सुप्रीम कोर्ट जाएगा कांग्रेस विधायक दल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने सोमवार को कहा कि कांग्रेस विधायक दल ने निर्णय लिया है कि वो परिवहन घोटाले की जांच की मांग को लेकर सुप्रीम कोर्ट जाएगा।

इसके अलावा सिंघार ने कहा कि सरकार परिवहन घोटाले को लेकर लीपापोती करने में लगी है। इसमें शामिल बड़े मगरमच्छों पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। उन्होंने कहा कि हमने इस मामले में सीबीआई जांच की मांग की थी जिस पर सरकार भाग रही है। परिवहन मामले में कई केंद्रीय जांच एजेंसियां भी काम कर रही हैं, लेकिन ये पता नहीं कर पाई की सोने की ईंटें किसकी हैं। ऐसे में कांग्रेस विधायक दल ने तय किया है कि परिवहन घोटाले की जांच की मांग को लेकर वो सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाएंगे। इसके अलावा उन्होने सौरभ शर्मा के मामले में लोकायुक्त के डीजी को हटाए जाने को लेकर कहा कि जांच के दौरान लोकायुक्त डीजी को हटाना मतलब या तो लीपापोती चल रही है या फिर सरकार इस मामले बड़े मगरमच्छों को बचाने की कोशिश कर रही है।

### कटारे ने फिर उठाया सीईओ का 3.5 करोड़ की वित्तीय अनियमितता का मामला

**भोपाल।** विधायक हेमंत कटारे ने पिछले साल जुलाई में बजट सत्र के दौरान पंचायत मंत्री से जानकारी मांगी थी कि भिंड जिले के अटेर जनपद पंचायत में पदस्थ सीईओ राजधर पटेल के खिलाफ साढ़े तीन करोड़ रुपए की वित्तीय अनियमितता के मामले में क्या कार्रवाई हुई है। मनरेगा मद से किए गए भुगतान में वित्तीय अनियमितता की शिकायत के आधार पर कलेक्टर द्वारा गठित जांच दल ने रिपोर्ट सौंपी थी, जिसके आधार पर विभागीय जांच के आदेश दिए गए थे। उस समय सरकार ने अधिकारी को जल्द ही स्थानांतरित करने का आश्वासन दिया था।



इस विधानसभा सत्र के दौरान फिर से इस मुद्दे को उठाते हुए विधायक कटारे ने कहा कि आरोपी अधिकारी को नौ महीने बाद भी स्थानांतरित नहीं किया गया, जिससे विभागीय जांच की निष्पक्षता प्रभावित हो रही है।






सौर ऊर्जा एवं पवन ऊर्जा परियोजना को सैद्धांतिक सहमति

# छतरपुर के राजगढ़ पैलेस को हैरिटेज होटल के रूप में संरक्षण, संवर्धन के लिए अतिरिक्त भूमि का आवंटन

हरिभूमि न्यूज. भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में सोमवार को कैबिनेट की बैठक मप्र विधानसभा स्थित समिति कक्ष क्रमांक-1 में हुई। बैठक में कैबिनेट ने मप्र जल निगम की समूह पेयजल प्रदाय योजनाओं के संचालन-संधारण व्यय को कम करने के लिए सौर ऊर्जा एवं पवन ऊर्जा परियोजना स्थापित किए जाने के लिए सैद्धांतिक सहमति दी।

परियोजना कैप्टिव मोड पर स्थापित करने एवं उक्त परियोजनाओं से उत्पादित विद्युत को मप्र जल निगम की ओर से निविदा प्रक्रिया से प्राप्त दर पर क्रय किए जाने की सहमति दी गई। मप्र जल निगम द्वारा 147 समूह पेयजल प्रदाय योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है। इनमें से 41 परियोजना पूर्ण हो गई हैं और पेयजल प्रदाय शुरू है। प्रगतिरत 106 योजनाओं में से 11 योजनाओं में आंशिक रूप से पेयजल प्रदाय प्रारंभ है। आने वाले 2 वर्षों में 124 योजनाओं को पूर्ण



कर इन योजनाओं में सम्मिलित ग्रामों में क्रियाशील घरेलू नल कनेक्शन से पेयजल प्रदाय सुनिश्चित किया जाएगा। मध्यप्रदेश जल निगम द्वारा समूह योजनाओं के संचालन में वर्तमान में विद्युत आपूर्ति मध्यप्रदेश विद्युत वितरण कम्पनी से एचटी कनेक्शन प्राप्त कर की जा रही है। आगामी वर्षों में संचालन-संधारण में आने वाली समूह योजनाओं की ऊर्जा आवश्यकता पूर्ण करने के लिये सौर एवं पवन ऊर्जा परियोजनाएँ स्थापित की जायेंगी। जल निगम सौर ऊर्जा एवं पवन ऊर्जा परियोजनाओं से उत्पादित शत-प्रतिशत विद्युत का उपयोग करेगा।

### राजगढ़ पैलेस को अतिरिक्त भूमि आवंटन की स्वीकृति

*कैबिनेट ने राजगढ़ पैलेस होटल एण्ड रिसोर्ट (ईआईएचएल) की ओर से मांगी गई भूमि कुल रकबा 19.214 एकड़ वर्तमान कलेक्टर गाइड लाइन की असिंचित कृषि भूमि दर पर दिए जाने का अनुमोदन प्रदान किया गया। प्रस्तावित पर्यटन परियोजना में योगा सेंटर, वेलनेस सेंटर तथा जिम्नेजियम तथा अन्य पर्यटन गतिविधियों की स्थापना एवं संचालन किया जाएगा। यूनेस्को की वर्ल्ड हैरिटेज सूची में दर्ज खजुराहो विश्व विख्यात पर्यटन स्थल है। खजुराहो से लगभग 20 किमी की दूरी पर राजगढ़ पैलेस ग्राम राजगढ़ तहसील राजनगर उत्तरपुरा पन्ना रोड पर स्थित है।*

**म.प्र. राज्य पर्यटन विकास निगम मर्या.**
पर्यटन भवन, भदभदा रोड, भोपाल-462003
फोन नं. : +91-755-4027100, 2774340/42, www.mpstdc.com
क्रमांक 118/यांत्रिकी/पविनि/25 दिनांक 24.03.2025

**निविदा सूचना 62/ 2025_STDC_411656_1**

मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम भोपाल द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन (Online) निविदा प्रपत्र APPENDIX 2.10 पर म.प्र. लोक निर्माण विभाग में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है।
**कार्य का नाम :-** म.प्र. राज्य पर्यटन विकास निगम की इकाई विण्ड एण्ड वेव्ज भोपाल में उन्नयन एवं इंटीरियर के कार्य (12 माह)। कार्य की अनुमानित लागत राशि रु. 387.44 लाख
वेबसाइट पर ऑनलाइन भुगतान कर निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्युमेंट) वेबसाइट के माध्यम से क्रय किये जा सकते हैं। निविदा प्रपत्र ऑनलाइन क्रय करने की **अंतिम तिथि 15.04.2025 समय सायं 05:00 बजे तक** निर्धारित है। कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट **https://mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।
म.प्र. माध्यम/119366/2025 **कार्यपालन यंत्री**

**न्यायालय जिला मजिस्ट्रेट बैतूल (म.प्र.)**
दूरभाष: 07141-230034 E- mail: dmbetul@mp.gov.in
**जाहिर सूचना**
क्रमांक - आर.सी./0030/गोवंश/2024/3411/58 बैतूल दिनांक 21/03/2025
प्रति,
सुनिल पिता अम्मा परते, (सुपुर्ददार) निवासी-ग्राम बरखेड थाना व तहसील आठनेर जिला-बैतूल (म.प्र.)
एतद द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि पुलिस थाना प्रभारी थाना कोतवाली जिला-बैतूल (म.प्र.) के अपराध क्रमांक 772/2024 अंतर्गत धारा 4,6,9 म.प्र. गौवंश वध प्रतिषेध अधिनियम 2004, धारा 11 (1) (घ) पशुओं के प्रति क्रूरता का निवारण अधिनियम 1960 में जप्तशुदा पिकअप वाहन क्रमांक MP-38,G-0580 को म.प्र. गोवंश वध प्रतिषेध नियम 2012 के नियम 5 के तहत अधिहरण किये जाने बाबत कार्यवाही इस न्यायालय के समक्ष विचाराधीन है। अतः उक्त प्रकरण में नियत दिनांक 21-04-2025 को परान्ह 03-00 बजे आप इस न्यायालय के समक्ष उपस्थित होकर जवाब के साथ अपना पक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं। अनुपस्थिति की दशा में आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।
(नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी)
जी - 24708/24 स्वच्छता ही सेवा है। जिला मजिस्ट्रेट बैतूल

Presiding Officer : सुश्री सौम्या साहू
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)
(RCS A/0000044/2024)
रूपनारायण ................ वादी
Vs
ओमप्रकाश ............. प्रतिवादी
Talwanaid 978 Process Id- /2025
पेशी दिनांक :- 03/04/2025
प्रेषिती :- (1) ओमप्रकाश पिता कन्हैयालाल आयु वयस्क जाति अग्रवाल पता- तहसील व जिला रायसेन हाल निवास तहसील हुजूर जिला भोपाल म.प्र.
(2) महेशचंद पिता कन्हैयालाल विश्वकर्मा आयु वयस्क जाति अग्रवाल पता तहसील व जिला रायसेन हाल निवास तहसील हुजूर जिला भोपाल म.प्र.
(3) सर्वसाधरण पता- रायसेन
यह कि प्रार्थी रूपनारायण ने आपके विरूद्ध प्रकाशन हेतु के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात / हाजिर होने के लये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें।
यह आज तारीख 15 March 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।
सुश्री सौम्या साहू न्यायाधीश, प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड व प्रथम अतिरिक्त न्यायाधीश जिला रायसेन (म.प्र.)

**M.P. HOUSING & INFRASTRUCTURE DEV. BOARD**
**Notice Inviting Tender No. 0205/2025/0002/NIT (Ist Call)** **Date : 24.03.2025**
Online Percentage Rate Bids for the following work is/are invited from Registered Contractors and Firms of Repute fulfilling Registration criteria :-

| S. No. | System Tender No. | Name of Work | Probable Amount of Contract | Amount of E.M. | Completion Period (Months) | Date of Submission of Tenders | Date of opening of Tenders |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | Cost of Bid Form Including @18% GST | | | |
| 1. | 2025_MPHID_411369 | INTERIOR WORK OF OFFICE BUILDING FOR MPSEDC LTD. AT VAN BHAWAN LINK ROAD NO.2 BHOPAL. | Rs. 900.00 Lakhs | Rs. 900000.00 | 6 month i/c Rainy Season | Dt. 11.04.2025 upto 17:00 Hrs. | Envelop-A & B on Dt. 12.04.2025 (15:00 Hrs) |
| | | | | Rs.23600.00 i/c GST | | | Envelop-C after Technical evalution |

**Note :-** (1). Interested bidders can view the detailed NIT on **https://mptenders.gov.in.** (2). The bid documents can be purchased online only as per schedule 27.03.2025 to 11.04.2025 up to 17:00 Hrs. (3). Amendments to NIT if any would be published on **https://mptenders.gov.in.**
**Visit us : www.mphousing.in** **(Pradeep Hedau, E.E.)**
**E-mail : eedn5hbbpl@mp.gov.in** /mphidb **Dn.-5. Bhopal**
M.P. Madhyam/119378/2025 /mphidb **Mob. 9425007813**

## जैकेट का शेष

### 30 को गुड़ी पड़वा...

स्थानों की 12 इकाइयां शामिल हैं। इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सबसे पहले विक्रमादित्य ध्वज और पुस्तिका भारत का नव वर्ष विक्रम संवत का विमोचन किया। उन्होंने कहा कि विक्रम महोत्सव के तहत नई दिल्ली में 12-13-14 अप्रैल को विशेष आयोजन होने जा रहे हैं, जिसमें सम्राट विक्रमादित्य पर केंद्रित महानाट्य की प्रस्तुति भी होगी। सम्राट विक्रमादित्य के व्यक्तित्व और शासन व्यवस्था के विभिन्न पहलुओं पर केंद्रित महान महानाट्य की प्रस्तुति प्रदेश के प्रमुख शहरों में भी की जाएगी। इसके साथ ही सेक्टर वार होने वाली इन्वेस्टर्स समिट तथा अन्य बड़े आयोजनों के अवसर पर भी सम्राट विक्रमादित्य पर केंद्रित महानाट्य की प्रस्तुति की जाए। मुख्यमंत्री ने विमोचित पुस्तिका भारत का नव वर्ष विक्रम संवत पुस्तिका में विक्रम संवत, काल गणना की पद्धति, प्राचीन यंत्रों, वैदिक घड़ी आदि के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई है। उन्होंने विक्रम संवत के तहत तिथियों की महत्ता, पर्व और त्योहारों के निर्धारण तथा काल गणना पद्धति पर प्रकाश डाला।

### हम किसानों को...

जमीन पर ही नया कारवां तैयार करेंगे। यह वाकई नए दौर का सबेरा है। इसे समझने की जरूरत है। विधानसभा के बजट सत्र के समापन पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विपक्ष के आरोपों के जवाब में यह बात कही। दरअसल, सत्र के समापन से पहले सदन में दो विधेयक पारित किए गए। इसमें पहला विधेयक मप्र सहकारी सोसाइटी (संशोधन) विधेयक-2025 तथा दूसरा विधेयक मप्र नगर तथा ग्राम निवेश (संशोधन) विधेयक-2025 था। सदन ने दोनों विधेयकों को ध्वनिमत से पारित कर दिया। मुख्यमंत्री इसी दूसरे विधेयक पर भी अपनी बात कह रहे थे। उन्होंने कहा कि पूंजीगत व्यय में वर्ष 2025-26 में अधोसंचरना के लिए 31 फीसदी की वृद्धि हुई है। पहली बार 31 फीसदी पूंजीगत परिव्यय की जो राशि बढ़ी है, इसके आधार पर कह सकता हूं कि कुल स्वीकृत बजट की 17 फीसदी राशि अधोसंचना विकास पर खर्च होगी। यह वाकई बहुत बड़ा निर्णय है। उन्होंने कहा कि घरेलू उत्पादन 16 लाख 94 हजार करोड़ रुपए के आधार पर हम अनुमान लगा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मप्र देश में तेजी से बढ़ रही अर्थ व्यवस्था में दूसरे नंबर पर है।

### बजट पर सामान्य...

के 59 प्रतिवेदन भी सदन के पटल पर रखे गए हैं। राज्यपाल के अभिभाषण पर कृतज्ञता ज्ञापन के प्रस्ताव पर सदन में कुल 11 घंटे 30 मिनट चर्चा हुई। बजट पर सामान्य चर्चा 9 घंटे 44 मिनट चली।

### हिंदू विवाह अधिनियम...

किया गया है। कुटुंब न्यायालय को लग रहा था कि जैन समुदाय के मामले हिंदू विवाह अधिनियम के तहत निराकृत नहीं किए जा सकते हैं, तो कुटुंब न्यायालय को मामले को उच्च न्यायालय को रेफर कर देना था, लेकिन ऐसा नहीं किया। इस टिप्पणी के साथ मप्र उच्च न्यायालय की इंदौर खंडपीठ ने कुटुंब न्यायालय के आठ फरवरी 2025 के निर्णय को निरस्त कर दिया। कुटुंब न्यायालय ने इस निर्णय में जैन दंपती (नीतेश-शिखा) द्वारा विवाह-विच्छेद के लिए प्रस्तुत याचिकाओं को यह कहते हुए निरस्त कर दिया था कि केंद्र सरकार द्वारा जैन समाज को अल्पसंख्यक समुदाय घोषित किया गया है। 27 जनवरी 2014 को इस बारे में राजपत्र भी जारी हो चुका है। ऐसी स्थिति में जैन समाज के अनुयायियों को हिंदू विवाह अधिनियम के तहत अनुतोष प्राप्त करने का अधिकार नहीं है।

### यह भी कहा न्यायालय ...

*अन्य मौजूदा कानून, व्याख्या, पाठ, नियम, रीति-रिवाज या उपयोग के आधार पर अमान्य नहीं माना जाएगा।*

### नया सिस्टम सक्रिय...

पारा 39.2 डिग्री रहा है, जबकि पांच जिले 37 से 39 डिग्री के बीच रहने से इन जिलों में गर्मी का असर बढ़ा है। मौसम केंद्र के अनुसार अब तापमान में दो से तीन डिग्री तक बढ़त होगी। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार नया सिस्टम सोमवार रात को सक्रिय हो रहा है, जिससे 26 से 27 मार्च के करीब गर्मी का पारा तेजी से बढ़ेगा। नया सिस्टम सक्रिय होने के बाद दो-तीन दिन में गर्मी 40 से 42 डिग्री तक पहुंचेगा।

## पेज एक का शेष

### विद्यार्थियों की सुरक्षा ...

ने कहा कि पिछले दो महीने में कॉलेज के हॉस्टल में यौन शोषण और अन्य मामलों की वजह से छात्र खुदकुशी कर चुके हैं। 19 मार्च को गुजरात के लॉ यूनिवर्सिटी में स्टूडेंट की खुदकुशी के मामले का भी जिक्र किया। बेंच में शामिल जस्टिस आर महादेवन ने कहा- हमें सुसाइड के पैटर्न पर चर्चा करनी चाहिए। हमें इस बात की चिंता है कि बहुत सारे छात्र भेदभाव, रैगिंग और यौन शोषण की वजह से जान दे देते हैं।

### कालभैरव डॉक्यूमेंट्री...

देशों से 300 से ज्यादा फिल्में आई थीं। जिनमें से 45 फिल्मों को स्क्रीनिंग के लिए चयनित किया गया था। इन फिल्मों में से काल भैरव डॉक्यूमेंट्री फिल्म को श्रेष्ठ आध्यात्मिक फिल्म का राष्ट्रीय पुरस्कार 2025 प्राप्त हुआ। उज्जैन की काल भैरव डॉक्यूमेंट्री में काल भैरव मंदिर से जुड़े आध्यात्मिक, ऐतिहासिक, पौराणिक और पुरातात्विक विषय पर फिल्मांकन किया गया है। इस फिल्म का निर्देशन दीपक कोडापे ने किया है। सिनेमेटोग्राफर के रूप में देवांश भट्ट, शुभम मरमट, मयंक सोलंकी, अजय पटवा और संपादन का कार्य मंथन स्टूडियो में किया गया है। लेखन आनंद निगम, पार्श्व संगीत कुमार शिवम, ग्राफिक डिजाइन ऋतिक तिवारी द्वारा किया गया।

### मंदसौर गोलीकांड:...

सीबीआई जांच कराने और जिम्मेदार अधिकारियों पर प्रकरण दर्ज करने की मांग को लेकर पूर्व विधायक पारस सकलेचा ने साल 2017 में हाईकोर्ट की इंदौर खंडपीठ में पिटीशन लगाई थी। न्यायाधीश पीके जायसवाल और जस्टिस वीरेंद्र सिंह ने मप्र सरकार द्वारा जैन आयोग का गठन किए जाने पर पिटीशन को खारिज कर दिया था। सरकार ने गोलीकांड की जांच के लिए 12 जून 2017 को जैन आयोग का गठन किया। जैन आयोग ने अपनी रिपोर्ट 13 जून 2018 को राज्य शासन को पेश की थी। पारस सकलेचा की पिटीशन को उच्च न्यायालय इंदौर के न्यायाधीश विवेक रूसिया और बिनोद कुमार द्विवेदी ने 14 अक्टूबर 2024 को खारिज करत हुए कहा कि घटना को 6-7 साल हो जाने पर उसकी रिपोर्ट को विधानसभा के पटल पर रखने का कोई आधार नजर नहीं आ रहा है। उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ पारस सकलेचा ने 8 जनवरी 2025 को सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की। जहां सीनियर एडवोकेट विवेक तन्खा और सर्वम रितम खरे के तर्क सुनने के बाद सुप्रीम कोर्ट ने राज्य शासन को नोटिस जारी करने का आदेश दिया।

### वकील ने शुरू की ...

और सौहार्द इस फैसले से प्रभावित हुआ है। सुप्रीम कोर्ट फैसले के विवादित अंश को हटाने के लिए कदम उठाए। साथ ही, सुप्रीम कोर्ट जजों की तरफ से की जाने वाली ऐसी टिप्पणियों को रोकने के लिए दिशा-निर्देश भी जारी करे।

### शीर्ष कोर्ट ने ..

किया कि याचिका दाखिल करने वाले एडवोकेट ऑन रिकॉर्ड कहां हैं? वकील ने जवाब दिया कि एडवोकेट ऑन रिकॉर्ड ने उन्हें याचिका की पैरवी के लिए अधिकृत किया है फिर बेंच ने याचिकाकर्ता के बारे में सवाल किया। वकील ने कहा कि वह दिल्ली से बाहर गई हुई हैं। इसके बाद जस्टिस बेला त्रिवेदी ने मामला खारिज करने का आदेश दे दिया। उन्होंने कहा कि अनुच्छेद 32 का हवाला देते हुए सीधे सुप्रीम कोर्ट में दाखिल यह याचिका खारिज की जा रही है।

### एनएचएआई के...

जिससे पूरे एनएचएआई कार्यालय में हड़कंप मच गया। सीबीआई की टीम ने रिश्वत की रकम लेने के बाद तत्काल अधिकारी को हिरासत में ले लिया। इसके बाद रामप्रीत पासवान के ठिकानों पर छापामारी की गई। इस दौरान सीबीआई को 1.18 करोड़ की भारी नकदी बरामद हुई, जो भ्रष्टाचार की गंभीरता की ओर इशारा करती है।

इससे पहले 24 सितंबर 2022 को सीबीआई ने पटना में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के एक मुख्य महाप्रबंधक (सीजीएम) और एक उप महाप्रबंधक (डीजीएम) को दो निजी कंपनी के कर्मचारियों के साथ रिश्वतखोरी के एक मामले में गिरफ्तार किया था। उस कार्रवाई में लगभग 76 लाख नकदी और गहने बरामद किए गए थे।

### हैदराबाद में चलती ...

करीब 25 वर्षीय एक अज्ञात व्यक्ति मेरे पास आया और गंदी हरकत करने लगा। मना करने पर उसने जबरदस्ती करने की कोशिश की। अपने आप को बचाने के लिए मैं चलती ट्रेन से कूद गई। जीआरपी पुलिस के अनुसार युवती के सिर, ठोड़ी, दाहिने हाथ और कमर पर खून बहने के निशान थे और बाद में कुछ राहगीरों ने उसे सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया।

पीड़िता महिला यात्री की शिकायत के आधार पर बीएनएस की धारा 75 (महिला की गरिमा को ठेस पहुंचाने के इरादे से उस पर हमला या आपराधिक बल का प्रयोग) और 131 (आपराधिक बल का प्रयोग) के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### पत्नी से अवैध ...

जाता था। यह बात आरोपी बेटे मुकेश को नागवार गुजर रही थी। रात को जब फिर ऐसा हुआ, तो गुस्से में आकर मुकेश ने चरित्र शंका में पिता पर चाकू से हमला कर दिया। गंभीर हालत में कालू को खरगोन जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सोमवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। घटना की सूचना मृतक के छोटे बेटे अजय ने पुलिस को दी। वहीं मामले में एएसपी मनोहर सिंह बारिया ने बताया कि, बिस्टान थाने पर रविवार रात महुमांडली में कालू बामनिया की हत्या की सूचना पर पुलिस पहुंची थी। परिजनों की शिकायत पर मृतक के बेटे मुकेश को हिरासत में लिया है। प्रथम दृष्टया मामला अवैध संबंधों के चलते हत्या किए जाने का प्रतीत हो रहा है।

### सुप्रीम कोर्ट कोलेजियम...

चले गए हैं। हालांकि, मंगलवार से फिर से काम पर लौटेंगे।

**कार्यालय नगर पालिक निगम, भोपाल**
केन्द्रीय कर्मशाला (मैके.शाखा)
क्र. 227/ के.कर्म./2025 **निविदा सूचना** भोपाल, दिनांक 24.03.2025
नगर निगम भोपाल केन्द्रीय कर्मशाला के द्वारा बैट्री असेम्बलिंग यूनिट हेतु सामग्री क्रय किये जाने के संबंध में ऑनलाईन निविदा निम्नानुसार आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | निविदा क्र. | सामान का विवरण | अनुमानित लागत | धरोहर राशि | निविदा फार्म का मूल्य | प्रदाय अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2025_UAD_411063_1 | SUPPLY OF RAW MATERIALS AT BATTERY ASSEMBLING UNIT AT MUNICIPAL CORPORATION BHOPAL | 2663880/- | 19979/- | 5000/- | 15 दिवस |

BID SUBMISSION END DATE- 19/04/2025 TIME-05:30 PM
BID OPENING DATE- 21/04/2025 TIME-01:00 PM
निविदा से संबंधित अन्य विस्तृत जानकारी वेबसाईट mptenders.gov.in पर देखी एवं केन्द्रीय कर्मशाला (मैकेनिकल) से कार्यालयीन समय में प्राप्त की जा सकती है।
अपर आयुक्त
परिवहन शाखा
नगर निगम भोपाल
पृ.क्र. 227/के.कार्म/2025

आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन
**हरिभूमि क्लासीफाइड**
संपर्क सूत्र : 9407279644



**आवश्यक सूचना**
पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।
- व्यावस्थापक

छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 75 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 7-8 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं। नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक। घर बैठे मंगवाये। ब्रेस्ट टोनर क्रिम
लाभ नही तो पैसे वापिस।
09083218330
R-14/02/25 to 18/4/25- not-feb, 16,23,26 not= march-2,9,13,14,15,16,23,30,31, April- 6,13

हरिभूमि **भोपाल बाजार** विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो. 9407279644

**प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर**
**साईट:-** 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

**Medical Help Line**
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644

नये दागों का आना तुरन्त बंद



**सफेद दाग गारंटेड इलाज**
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें। M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंजिल पुरानी कजियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल

## राशिफल

**मेष** — मन में उतार-चढ़ाव रहेगा। नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। विदेश यात्रा पर भी जाना पड़ सकता है। यात्रा सफल रहेगी।

**वृष** — क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है। धर्म के प्रति श्रद्धा भाव रहेगा।

**मिथुन** — शैक्षिक कार्यों में कठिनाइयां आ सकती हैं। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। परिश्रम की अधिकता रहेगी।

**कर्क** — किसी धार्मिक स्थान की यात्रा के योग बन रहे हैं। स्वभाव में चिड़चिड़ापन रहेगा। माता के परिवार की किसी महिला से धन प्राप्ति के योग बन रहे हैं।

**सिंह** — सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ेगी। कारोबार के यात्रा पर जा सकते हैं। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। सम्पत्ति में वृद्धि के योग बन रहे हैं।

**कन्या** — लाभ के अवसर मिलेंगे। नौकरी में स्थान परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। भागदौड़ अधिक रहेगी। बातचीत में सन्तुलित रहें। खर्चों में वृद्धि हो सकती है।

**तुला** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। परिश्रम अधिक रहेगा।

**वृश्चिक** — खर्चों में वृद्धि होगी। किसी मित्र के सहयोग से रोजगार के अवसर मिल सकते हैं। उच्च पद की प्राप्ति हो सकती है। कार्यक्षेत्र का विस्तार होगा।

**धनु** — भौतिक सुखों में वृद्धि होगी। अफसरों से वैचारिक मतभेद बढ़ेंगे। वाहन के रखरखाव पर खर्च अधिक होंगे। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें।

**मकर** — आलस्य की अधिकता हो सकती है। परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। भागदौड़ अधिक रहेगी। रहन-सहन अव्यवस्थित हो सकता है।

**कुंभ** — मन प्रसन्न रहेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों में सफलता मिलेगी।

**मीन** — पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार का विस्तार होगा। आय में वृद्धि होगी, परन्तु भागदौड़ अधिक रहेगी। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा।

## शब्द पहेली - 5815



**बाएँ से दाएँ**
1.होठ,अधर-2
3.बड़ी सवारी गाड़ी-2
5.डोर-2
7.हरे रंग का-2
9.शक,संदेह-3
11.विस्फोटक -2
13.बड़ी नाली-2
15.नमस्कार,नमस्ते-3
17.प्राण-2
19.लक्ष्मी,कमला-2
22.बल,दम-3
24.ठाठ-बाट-2
26.पिता-2
28.कसर-2
30.कुमारी,तरुणी-3
32.जी,चित-2
34.नाखून-2
36.पढ़ने वाला-3
38.उद्देश्य-2
41.मोटा आटा-2
43.नामित-3
45.नर का विलोम-2
47.उर्वरक-2
49.भीगा हुआ-2
51.गिरवी वस्तु-3
53.मनमौजी-2
55.सम्मान-2
57.ले जाने वाला-3
60.आनंद,मजा-2
62.दोस्त,सखा-2
64.निर्माण-3
66.सदैव,हमेशा-2
67.नेत्र,नयन-2
68.आकाश,गगन-2
69.लाख,गोंद-2

**ऊपर से नीचे**
1.प्यार (अंग्रेजी-2)
2.भगिनी,दीदी-3
4.सभी-2
6.गीत गायन-2
8.मार्ग,रास्ता-2
10.मां का दुलार-3
12.आनंद,रस-2
14.थूक,लेस-2
16.अनुकृति-3
18.सरुर,खुमार-2
20.मां,मदर-2
21.घ्राणेंद्रिय-2
23.चरण तल-3
25.भीगा हुआ-2
27.देह,काया-2
29.मछली-2
31.नृत्य करना-3
33.टोंटी,नलका-2
35.गधा,गर्दभ-2
37.कटि-3
39.माफी-2
40.दोस्त,मित्र-2
42.वायु,गैस-2
44.कॉफी-3
46.मूल्य-2
48.जोर,बल-2
50.लक्ष्मी-2
52.जलमार्ग-3
54.स्थिति-2
56.नवीन-2
58.कूड़ा-3
59.नौकर-2
61.सत्य-2
63.दौड़ना-2
65.गर्भनाड़ी-2

### शब्द पहेली- 5814 का हल



## सूडोकु नवताल - 5825

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | | | | 3 | |
| | | 9 | | 8 | | 2 | 6 | 4 |
| 1 | | | | 3 | 6 | | 9 | |
| 4 | | 3 | | | | | | |
| | 8 | | | 2 | | | 1 | |
| | | | | | | 8 | | 6 |
| | 4 | | 7 | 5 | | | | 3 |
| 3 | 7 | 5 | | 4 | | 1 | | |
| | 2 | | | | 8 | | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 5824 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 4 | 5 | 6 | 1 | 3 | 7 | 2 | 9 |
| 7 | 2 | 6 | 4 | 9 | 5 | 3 | 8 | 1 |
| 9 | 3 | 1 | 7 | 8 | 2 | 6 | 5 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 9 | 6 | 8 | 4 | 3 | 5 |
| 5 | 6 | 9 | 3 | 2 | 4 | 1 | 7 | 8 |
| 4 | 8 | 3 | 5 | 7 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 2 | 9 | 7 | 1 | 5 | 6 | 8 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 8 | 2 | 4 | 7 | 5 | 9 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 7 |

## खबर संक्षेप

### जिंदल रिन्यूएबल को मिली एनएचपीसी से परियोजना

**नई दिल्ली।** जिंदल इंडिया रिन्यूएबल एनर्जी ने सोमवार को कहा कि उसे सार्वजनिक क्षेत्र की एनएचपीसी से 300 मेगावाट की सौर ऊर्जा एंव भंडारण परियोजना के लिए स्वीकृति पत्र मिला है। परियोजना को बिजली खरीद समझौते पर हस्ताक्षर करने के 24 महीने के भीतर बनाओ, स्वामित्व रखो और चलाओ आधार पर तैयार किया जाएगा।

### स्टार्टअप कंपनियों ने 2.5 अरब डॉलर वित्त जुटाया




**नई दिल्ली।** भारत की प्रौद्योगिकी क्षेत्र की स्टार्टअप कंपनियों ने 2025 की पहली तिमाही में 2.5 अरब अमेरिकी डॉलर जुटाए हैं। यह राशि इससे पिछली तिमाही की तुलना में 13.64 प्रतिशत और सालाना आधार पर 8.7 प्रतिशत अधिक है। बाजार आसूचना मंच 'ट्रैक्सन' की एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है।

### केयर हेल्थ इंश्योरेंस को आईटी से मांग नोटिस

**नई दिल्ली।** रेलिगेयर एंटरप्राइजेज लिमिटेड (आरईएल) ने उसकी अनुषंगी कंपनी केयर हेल्थ इंश्योरेंस को आकलन वर्ष 2020-21 और 2021-22 के लिए 104.77 करोड़ रुपये का मांग नोटिस मिलने की सोमवार को जानकारी दी। मांग नोटिस मुंबई के सेंट्रल सर्किल 6(2) स्थित सहायक आयकर आयुक्त के कार्यालय द्वारा भेजा गया है।

### आईएसी का अधिग्रहण करेगी टाटा ऑटोकॉम्प

**नई दिल्ली।** टाटा ऑटोकॉम्प सिस्टम्स लिमिटेड ने यूरोप के मोटर वाहन क्षेत्र में अपनी उपस्थिति मजबूत करने के लिए इंटरनेशनल ऑटोमोटिव कंपोनेंट्स ग्रुप स्वीडन एबी (आईएसी स्वीडन) का अधिग्रहण करने सोमवार को घोषणा की। कंपनी ने बयान में कहा, प्रस्तावित अधिग्रहण से स्वीडन में टाटा ऑटोकॉम्प की उपस्थिति मजबूत होगी।

### आरईए इंडिया ने अमित चंद को सीएफओ बनाया

**नई दिल्ली।** प्रॉपटेक के मंच हाउसिंग डॉट कॉम का स्वामित्व रखने वाली आरईए इंडिया ने अमित चंद को अपना मुख्य वित्तीय अधिकारी (सीएफओ) नियुक्त किया है। कंपनी की ओर से सोमवार को जारी बयान के अनुसार, अमित चंद आरईए इंडिया की कार्यकारी नेतृत्व टीम में शामिल होंगे। वह वित्त, कानूनी तथा खरीद आदि कार्यों की देखरेख करेंगे।

### हीरो रियल्टी में रोहित नए सीईओ नियुक्त

**नई दिल्ली।** रियल एस्टेट कंपनी हीरो रियल्टी ने रोहित किशोर को अपना नया मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) नियुक्त किया है। हीरो रियल्टी ने कहा कि किशोर को रियल एस्टेट उद्योग में 21 साल से अधिक का अनुभव है। किशोर एल्डेको प्रॉपर्टीज से हीरो रियल्टी में शामिल हुए हैं, जहां उन्होंने सीईओ के रूप में काम किया था। एल्डेको से पहले, उन्होंने लोटस ग्रीन्स डेवलपर्स, मार्स डेवलपमेंट, एमउएम इंडिया और भारती रियल्टी सहित कई रियल एस्टेट कंपनियों में काम किया है। हीरो रियल्टी ने लुधियाना, मोहाली और हरिद्वार में परियोजनाएं पूरी की हैं। दिसंबर, 2018 में हीरो रियल्टी ने एक प्रीमियम आवासीय परियोजना के लिए 900 करोड़ का निवेश किया।

# सात दिन में रुपए ने बदला बाजार का पूरा सीन, की 2025 के नुकसान की भरपाई

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

रुपए ने लगातार सातवें दिन अपनी विनिंग स्ट्रीक जारी रखी और सोमवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 31 पैसे की बढ़त के साथ 85.67 पर बंद हुआ। खास बात तो ये है कि रुपए ने अब से पहले साल 2025 जितना भी नुकसान झेला था, उसे पूरी तरह से रिकवर कर लिया।

- रुपया जल्द 85 के स्तर को तोड़कर 84 के स्तर पर भी पहुंच सकता है

रुपए में तेजी का प्रमुख कारण घरेलू इक्विटी बाजारों में सकारात्मक रुख और ताजा विदेशी पूंजी प्रवाह है। इसके अलावा, वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट और डॉलर में जारी कमजोरी ने भी धारणा को मजबूत किया। हालांकि जानकारों का कहना है कि तरलता की कमी से लेकर पारस्परिक टैरिफ के लागू होने तक के जोखिम रुपए के लिए चुनौतियां बने हुए हैं।

## अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 31 पैसे की बढ़त के साथ 85.67 पर बंद हुआ रुपया

### रुपए में जोरदार इजाफा

इंटरबैंक फॉरेन करेंसी एक्सचेंज मार्केट में रुपया 85.93 पर खुला, फिर डॉलर के मुकाबले 85.49 के उच्च स्तर और 86.01 के निम्न स्तर को छुआ। कारोबार के अंत में यह 85.67 पर बंद हुआ। इसका मतलब है कि बाजार बंद होने तक रुपए में 31 पैसे की तेजी देखने को मिल चुकी थी। शुक्रवार को रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 38 पैसे बढ़कर 85.98 पर बंद हुआ। रुपए में लगातार सातवां सत्र बढ़त का रहा, इस दौरान इसमें 154 पैसे की बढ़ोतरी हुई। लोकल करेंसी ने 2025 के लिए अपने सभी नुकसान की भरपाई कर ली है। 31 दिसंबर, 2024 को रुपया डॉलर के मुकाबले 85.64 पर बंद हुआ।



### और देखने को मिल सकती है तेजी

एचडीएफसी सिक्योरिटीज के रिसर्च एनालिस्ट ने कहा कि भारतीय रुपए ने सालाना नुकसान की भरपाई की, क्योंकि विदेशी बैंकों और निर्यातकों ने वित्तीय वर्ष के अंत में समायोजन से पहले डॉलर बेचे, जबकि राज्य स्तर के बैंक आरबीआई के यूएसडी/आईएनआर स्वैप के बीच खरीदारी से दूर रहे। 2 अप्रैल को पारस्परिक टैरिफ कार्यान्वयन से पहले अमेरिकी प्रतिनिधि के भारत आने से पहले भावनाएं सकारात्मक हो गई हैं। इसके अलावा, घरेलू इक्विटी में विदेशी फंडों की खरीदारी ने भी रुपए को अच्छा समर्थन दिया।

### 47 पैसे की और बढ़त देखने मिल सकती है

खास बात तो ये है कि आने वाले दिनों में रुपए में जिस तरह की तेजी का अनुमान लगाया गया है, उस पर आप यकीन नहीं कर पाएंगे। जानकारों का मानना है कि आने वाले दिनों में रुपए में और 47 पैसे तक की बढ़त देखने को मिल सकती है। कुछ तो यहां तक भी कह रहे हैं कि रुपया 85 रुपए के लेवल को तोड़कर 84 के लेवल पर भी पहुंच सकता है।

## सेबी के निदेशक मंडल की बैठक में प्रस्ताव को मिली मंजूरी

# सेबी ने एफपीआई के लिए डिस्क्लोजर की सीमा को बढ़ाकर 50,000 करोड़ रुपए किया

एजेंसी ▶▶| मुंबई

बाजार नियामक सेबी के निदेशक मंडल ने सोमवार को विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) की तरफ से विस्तृत खुलासे के लिए निवेश सीमा को दोगुना करके 50,000 करोड़ रुपए करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी।

इस कदम का उद्देश्य अपरिवर्तित रहने वाले शेयरधारिता मानदंड में बदलाव न करते हुए भी बदलते हुए बाजार की गतिशीलता का ध्यान रखना है। फिलहाल 25,000 करोड़ रुपए से अधिक प्रबंधन-अधीन परिसंपत्ति (एयूएम) वाले एफपीआई के लिए अपने सभी निवेशकों या हितधारकों का विस्तृत विवरण अंतर्निहित विश्लेषण के आधार पर देना जरूरी है।

### कारोबार की मात्रा हुई दोगुनी

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के चेयरमैन तुहिन कांत पांडेय ने यहां कहा, "वित्त वर्ष 2022-23 और चालू वित्त वर्ष (2024-25) के दौरान नकद इक्विटी बाजारों में कारोबार की मात्रा दोगुनी से अधिक हो गई है। इसे ध्यान में रखते हुए निदेशक मंडल ने लागू सीमा को मौजूदा 25,000 करोड़ रुपए से बढ़ाकर 50,000 करोड़ रुपए करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है।"

*अब अतिरिक्त खुलासे करने की जरूरत होगी : पांडेय ने निदेशक मंडल की बैठक के बाद कहा, "इस तरह से भारतीय बाजारों में 50,000 करोड़ रुपए से अधिक इक्विटी एयूएम रखने वाले एफपीआई को अब अतिरिक्त खुलासे करने की जरूरत होगी। नवनियुक्त चेयरमैन पांडेय की अगुवाई में यह निदेशक मंडल की पहली बैठक थी।*

*अतिरिक्त खुलासा शर्तों पर दी गई छूट : कुछ एफपीआई, जिनमें विस्तारित निवेशक आधार वाले व्यापक-आधारित, पूल संरचना वाले या सरकार या सरकार से जुड़े निवेशकों द्वारा स्वामित्व हित रखने वाले एफपीआई शामिल हैं, को कुछ शर्तों के अधीन ऐसी अतिरिक्त खुलासा शर्तों से छूट दी गई है।*




- एफपीआई की ओर से विस्तृत खुलासे के लिए निवेश सीमा दोगुनी
- नकद इक्विटी बाजारों में कारोबार की मात्रा दोगुनी से अधिक हो गई
- मौजूदा लागू सीमा 25,000 करोड़ रुपए को बढ़ाकर 50,000 करोड़ रुपए की

### सभी इकाइयों का विस्तृत विवरण देना जरूरी

अगस्त, 2023 में सेबी ने किसी एक कॉरपोरेट समूह में अपने इक्विटी एयूएम का 50 प्रतिशत से अधिक हिस्सा रखने वाले या भारतीय इक्विटी बाजारों में 25,000 करोड़ रुपए से अधिक की कुल हिस्सेदारी रखने वाले एफपीआई को निर्देश दिया था कि वे एफपीआई में स्वामित्व, आर्थिक हित या नियंत्रण रखने वाली सभी इकाइयों का विस्तृत विवरण दें।

### निवेश सलाहकार ले पाएंगे एक साला का अग्रिम शुल्क

पूंजी बाजार नियामक सेबी ने सोमवार को निवेश सलाहकारों और शोध विश्लेषकों को एक साल तक अग्रिम शुल्क लेने की अनुमति देने का फैसला किया। मौजूदा नियमों के तहत निवेश सलाहकार (आईए) ग्राहक की सहमति होने पर दो तिमाहियों तक के लिए अग्रिम शुल्क ले सकते हैं।

### बदलाव का स्वागत

सेबी ने कहा कि उद्योग की कई चिंताओं को दूर करने के लिए पहले भी आईए और आरए से संबंधित नियमों को युक्तिसंगत बनाया गया था। ज्यादातर बदलावों का उन्होंने स्वागत किया है। बाजार नियामक ने कहा कि हालांकि शुल्क संबंधी कुछ प्रावधानों पर चिंताएं बनी हुई थीं, जो आईए और आरए द्वारा अग्रिम शुल्क लेने को छह महीने या तीन महीने तक सीमित करती हैं।

### ग्राहकों का सहमत होना जरूरी

सेबी के चेयरमैन तुहिन कांत पांडेय ने यहां कहा, "इन चिंताओं को दूर करने के लिए, बोर्ड ने फैसला किया कि अगर ग्राहक सहमत हो, तो आईए और आरए एक साल तक अग्रिम शुल्क ले सकते हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि शुल्क सीमा, भुगतान विधि, धन वापसी से संबंधित अनुपालन आवश्यकताएं केवल व्यक्तिगत और हिंदू अविभाजित परिवार (एचयूएफ) वाले ग्राहकों पर लागू होंगी।

# प्याज पर निर्यात शुल्क हटाने से किसानों की बढ़ेगी आमदनी



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

- अब प्याज के निर्यात पर कोई शुल्क नहीं लगेगा
- पहले निर्यात शुल्क 40 फीसदी तय किया गया था

कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सोमवार को कहा कि एक अप्रैल से प्याज के निर्यात पर 20 प्रतिशत सीमा शुल्क हटाने के सरकार के फैसले से किसानों की आमदनी बढ़ेगी।

चौहान ने एक वीडियो बयान में कहा, "प्याज के निर्यात पर कोई शुल्क नहीं लगेगा, ताकि हमारे किसानों ने कड़ी मेहनत से जो प्याज उगाया है, वह वैश्विक बाजारों तक पहुंच सके और उन्हें बेहतर कीमत मिल सके। कृषि मंत्री ने कहा कि पहले निर्यात शुल्क 40 प्रतिशत तय किया गया था, लेकिन जब प्याज की कीमतें गिरने लगीं और किसानों को कम प्रतिफल मिलने लगा, तो इसे घटाकर 20 प्रतिशत कर दिया गया था। उन्होंने कहा, "अब सरकार ने फैसला किया है कि 20 प्रतिशत निर्यात शुल्क भी पूरी तरह से हटा दिया जाना चाहिए।"

### 1 अप्रैल से पूरी तरह हटा दिया जाएगा

वित्त मंत्रालय ने पिछले सप्ताह जारी अधिसूचना में कहा था कि निर्यात शुल्क एक अप्रैल से पूरी तरह हटा दिया जाएगा। चौहान ने कहा कि नरेन्द्र मोदी सरकार किसान हितैषी है और कृषकों के लिए लाभकारी मूल्य सुनिश्चित करना उसकी प्राथमिकता और प्रतिबद्धता है। निर्यात शुल्क हटाने का मकसद प्याज की कीमतों में भारी गिरावट से किसानों को बचाना है।

# सोना 700 रुपए टूटा, चांदी 200 रुपए तेज

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



आभूषण विक्रेताओं और स्टॉकिस्टों की सतत बिकवाली के कारण राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के सराफा बाजार में सोमवार को सोने की कीमत 700 रुपए टूटकर 90,550 रुपए प्रति 10 ग्राम रह गई। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी।

इसके अलावा, तीन साल से चल रहे संघर्ष को समाप्त करने के लिए रविवार को सऊदी अरब में यूक्रेन और अमेरिकी अधिकारियों के बीच वार्ता के मद्देनजर संभावित रूस-यूक्रेन शांति समझौते की उम्मीदों के बीच हालिया तेजी के बाद व्यापारियों ने लंबे जमा सौदों की कटान और मुनाफावसूली करना जारी रखा। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना शुक्रवार को 91,250 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। लगातार तीसरे दिन गिरावट के साथ 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 700 रुपए गिरकर 90,100 रुपए प्रति 10 ग्राम रह गई, जबकि इसका पिछला बंद भाव 90,800 रुपए प्रति 10 ग्राम था। रविवार को यूक्रेन और अमेरिका के बीच रूस के साथ संभावित शांति समझौते की संभावना पर चर्चा के बाद भू-राजनीतिक जोखिम कम होने से सोने की कीमतें रिकॉर्ड ऊंचाई से नीचे आ गईं।

- आभूषण विक्रेताओं की सतत बिकवाली से आया सोना नीचे
- सोना टूटकर 90,550 रुपए प्रति दस ग्राम

## सिक्किम से डैले मिर्च का सोलोमन द्वीप को निर्यात



**नई दिल्ली।** सिक्किम से जीआई-निशान वाली डैले मिर्च की एक खेप सोलोमन द्वीप को भेज दी गई है। सोमवार को एक सरकारी बयान में यह जानकारी दी गयी। सिक्किम में उपजने वाली डैले मिर्च को 'फायर बॉल मिर्च' या 'डैले खुरसानी' के नाम से भी जाना जाता है। यह अपने तीखेपन, चमकीले लाल रंग और उच्च पोषण मूल्य (विटामिन ए, सी और ई, पोटेशियम के साथ) के लिए मशहूर है। वाणिज्य मंत्रालय ने एक बयान में कहा, 'अपने व्यापक खरीद नेटवर्क के माध्यम से मेवेदिर ने दक्षिण सिक्किम में किसानों और किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) से लगभग 15,000 किलोग्राम ताजा डैले मिर्च प्राप्त की। इस खेप से किसानों को 250-300 रुपये प्रति किलोग्राम का प्रीमियम मूल्य मिला जो जीआई टैगिंग और अंतर्राष्ट्रीय व्यापार के आर्थिक लाभों की पुष्टि करता है।'

# 3एफ ऑयल, पाम प्रिसिजन फार्मिंग तकनीक बढ़ाएगी

एजेंसी ▶▶| मुंबई



3एफ ऑयल पाम ने सोमवार को कहा कि वह आंध्र प्रदेश के अय्यावरम गांव में पाम के बागानों का पायलट ड्रोन सर्वेक्षण सफलतापूर्वक करने के बाद देश भर में अपनी प्रिसिज़न फ़ार्मिंग तकनीक पहल को आगे बढ़ाने की योजना बना रहा है। कंपनी ने बयान में कहा कि पिछले तीन दिन के दौरान सर्वेक्षण में 530 किसानों के स्वामित्व वाले 800 भूखंडों को शामिल किया गया, जिसमें लगभग 1,150 हेक्टेयर का सटीक जीपीएस कवरेज के साथ मानचित्रण किया गया। सर्वेक्षण में बागानों की स्वास्थ्य निगरानी और कीटों और पोषक तत्वों की कमी का जल्द पता लगाने के लिए पेड़ों की सटीक गणना और एफएफबी (ताजे फलों के गुच्छे) का अनुमान लगाने पर ध्यान केंद्रित किया गया।

# अमेजन 300 से कम के उत्पादों पर रेफरल शुल्क नहीं लेगी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली




ई-कॉमर्स कंपनी अमेजन इंडिया ने उसके मंच पर 300 रुपए से कम कीमत वाले 1.2 करोड़ से अधिक उत्पादों पर 'रेफरल' शुल्क नहीं लेने की सोमवार को घोषणा की। 'रेफरल' शुल्क एक तरह का 'कमीशन' है जो विक्रेता प्रत्येक बेचे गए उत्पाद के लिए अमेजन को देते हैं। कंपनी के बयान में कहा गया है कि इस कदम का मकसद छोटे व्यवसायों का समर्थन करना और अमेजन पर विक्रेताओं की वृद्धि को बढ़ावा देना है। अमेजन इंडिया के बिक्री साझेदार (सेवा) के निदेशक अमित नंदा ने कहा, 'करोड़ों उत्पादों पर रेफरल शुल्क समाप्त कर और शिपिंग लागत कम कर हम विक्रेताओं के लिए अमेजन डॉट इन पर बिक्री को और अधिक आकर्षक बना रहे हैं। यह पहल अमेजन पर विक्रेताओं की वृद्धि का समर्थन करती है।'

नंदा ने कहा, '' जैसे-जैसे हम अपने परिचालन में दक्षता हासिल करते हैं, हम यह सुनिश्चित करते हैं कि वे लाभ हमारे विक्रेताओं और ग्राहकों तक पहुंचें।' शून्य 'रेफरल' शुल्क 135 उत्पाद श्रेणियों जैसे परिधान, जूते, फैशन आभूषण, किराना, घरेलू सजावट व साज-सज्जा, सौंदर्य प्रसाधन, खिलौने, रसोई उत्पाद और पालतू पशु उत्पाद आदि पर लागू होगा।

अमेजन ने 'ईजी शिप' और 'सेलर फ्लेक्स' जैसी बाह्य पूर्ति सेवाओं का उपयोग करने वाले विक्रेताओं के लिए एक नई 'फ्लैट' दर भी पेश की है। बयान के अनुसार, राष्ट्रीय शिपिंग दरें अब 77 रुपए से घटकर 65 रुपए से शुरू होती हैं।

- रेफरल शुल्क वह कमीशन विक्रेता अमेजन को देता है
- इस निर्णय से छोटे व्यवसायों को मिलेगा लाभ

### ईजी शिप एक आपूर्ति माध्यम

'फ्लैट' दर शिपिंग एक मूल्य निर्धारण मॉडल है, जिसमें निर्धारित सीमा के भीतर, पैकेजों के वजन, आकार या दूरी पर ध्यान दिए बिना शिपिंग के लिए एक निश्चित लागत ली जाती है। वहीं 'ईजी शिप' एक आपूर्ति माध्यम है, जहां अमेजन विक्रेताओं के स्थान से पैकेज एकत्र करता है और उन्हें ग्राहकों तक पहुंचाता है।

# एमएसएमई के लिए निवेश मानदंडों में हुए संशोधन

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली




सरकार ने सूक्ष्म, लघु एवं मझोला उद्यम (एमएसएमई) को वर्गीकृत करने के लिए कुल कारोबार और निवेश मानदंडों में महत्वपूर्ण संशोधनों को अधिसूचित किया है। ये एक अप्रैल से लागू होंगे।

अब 2.5 करोड़ रुपये तक के निवेश वाले सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यमों को ''सूक्ष्म उद्यम'' के रूप में वर्गीकृत किया जाएगा। इसकी सीमा पहले एक करोड़ रुपए की थी। कुल कारोबार (टर्नओवर) की सीमा भी पांच करोड़ रुपए से बढ़ाकर 10 करोड़ रुपए कर दी गई है।

- अब 2 .5 करोड़ रुपए तक निवेश सूक्ष्म उद्यम में वर्गीकृत
- मानदंड एक अप्रैल से होंगे प्रभावी

वहीं 25 करोड़ रुपए तक के निवेश वाली इकाइयों को ''लघु उद्यम'' के रूप में वर्गीकृत किया जाएगा, जिसकी पहले सीमा 10 करोड़ रुपए थी। ऐसे उद्यमों के लिए कुल कारोबार की सीमा 50 करोड़ रुपए से बढ़ाकर 100 करोड़ रुपए कर दी गई है। 'मध्यम उद्यम'' के रूप में वर्गीकृत किया जाएगा, जबकि पहले यह सीमा 50 करोड़ थी। मध्यम उद्यमों के लिए कुल कारोबार की सीमा दोगुनी करके 500 करोड़ कर दी गई है।

### वित मंत्री ने बजट में की थी घोषणा

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अपने बजट भाषण में एमएसएमई के लिए नए वर्गीकरण मानदंडों की घोषणा की थी, जिसमें वर्गीकरण के लिए निवेश तथा कुल कारोबार की सीमा को क्रमशः 2.5 गुना और दो गुना बढ़ाने का प्रस्ताव था।

### आईएलएंडएफएस को मिला कारण बताओ नोटिस



**नई दिल्ली।** आईएलएंडएफएस इंजीनियरिंग सर्विसेज ने सोमवार को कहा कि उसे इंडियन ओवरसीज बैंक से कारण बताओ नोटिस मिला है। यह नोटिस कंपनी के ऋण खाते को संदिग्ध धोखाधड़ी खाते के रूप में वर्गीकृत करने की समीक्षा के लिए है। आईएलएंडएफएस इंजीनियरिंग ने शेयर बाजार को बताया कि इसमें 123 करोड़ रुपये की सेवाएं शामिल हैं। बैंक ने अनियमितताओं की मात्रा तय नहीं की है। अपनी फॉरेंसिक ऑडिट रिपोर्ट में इन अनियमितताओं को पाया था। कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय के नामित निदेशकों वाले नए बोर्ड की पुनर्गठित ऑडिट समिति ने आईएलएंडएफएस लिमिटेड और इसकी कुछ समूह कंपनियों के सभी बड़े लेनदेन के लिए एक विशेष ऑडिट किया था।

## थोक मंडियों में दो रुपए किलो हुए टमाटर के दाम

# मप्र की मंडियों में औंधे मुंह गिरे टमाटर के भाव

एजेंसी ▶▶| इंदौर

मध्यप्रदेश की थोक मंडियों में नई फसल की बंपर आवक के कारण टमाटर के भाव औंधे मुंह गिर गए हैं। इससे किसानों के लिए टमाटर की खेती घाटे का सौदा साबित हो रही है। इन हालात में कृषक संगठनों ने मांग की है कि राज्य सरकार टमाटर उत्पादक किसानों के हितों की रक्षा के लिए तुरंत उचित कदम उठाए।

- किसान खेत से फसल तुड़वाने का खर्च भी नहीं निकाल पा रहे

इंदौर की देवी अहिल्याबाई होलकर फल और सब्जी मंडी की गिनती सूबे की सबसे बड़ी थोक मंडियों में होती है। करीब 130 किलोमीटर दूर खंडवा जिले से इंदौर की इस मंडी में टमाटर बेचने आए किसान धीरज रायकवार ने सोमवार को को बताया, मंडी में टमाटर के थोक दाम गिरकर दो रुपये प्रति किलोग्राम तक आ गए हैं। इस कीमत में हम खेत से फसल को तुड़वाने का खर्च भी नहीं निकाल पा रहे हैं।

### किसानों को हो रहा भारी घाटा

पड़ोस के धार जिले से इंदौर की मंडी में टमाटर बेचने आए किसान दिनेश मुवेल के मुताबिक उन्होंने दो लाख रुपए का कर्ज लेकर दो एकड़ में टमाटर की बुवाई की थी, लेकिन इस सब्जी के भाव गिरने से उन्हें खेती में भारी घाटा हुआ है।



### किसान मंडी में फेंक कर जा रहे टमाटर

रायकवार ने दावा किया कि नौबत यह आ गई है कि किसानों को टमाटर की बिना बिकी खेप को मंडी में फेंककर जाना पड़ रहा है। उन्होंने बताया, "पिछले साल टमाटर के ऊंचे दाम मिलने के कारण किसानों ने इस साल इसकी जमकर बुवाई की थी। इस बार बंपर पैदावार के कारण मंडी में टमाटर की भरपूर आवक हो रही है जिससे इसके भाव गिर गए हैं।"

### सरकार उचित कीमत पर किसानों से खरीदे टमाटर

पश्चिमी मध्यप्रदेश के मालवा-निमाड़ अंचल में संयुक्त किसान मोर्चा के संयोजक रामस्वरूप मंत्री ने मांग की कि मंडियों के मौजूदा रुझान के मद्देनजर राज्य सरकार को किसानों से उचित कीमत पर टमाटर खरीदना चाहिए ताकि उन्हें नुकसान से बचाया जा सके।

### न्यूनतम समर्थन मूल्य घोषित करने की मांग

मंत्री ने कहा, "संयुक्त किसान मोर्चा लंबे समय से मांग कर रहा है कि सरकार को टमाटर जैसी सब्जियों का भी न्यूनतम समर्थन मूल्य घोषित करना चाहिए, लेकिन सरकार के कान पर जूं तक नहीं रेंग रही है।"

## चिंतन

# वर्ष के अंत तक टीबी उन्मूलन लक्ष्य कठिन

आज 24 मार्च को विश्व टीबी दिवस के मौके पर भारत में इस रोग के उन्मूलन की स्थिति की विवेचना जरूरी है। प्रति वर्ष टीबी (क्षय रोग) से 3.20 लाख भारतीयों की मौत होती है। भारत दुनिया में सबसे अधिक ट्यूबरकुलोसिस (टीबी) प्रभावित देशों में से एक है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के मुताबिक, भारत में हर तीन मिनट में दो लोगों की मौत टीबी के कारण होती है। भारत सरकार लंबे समय से टीबी उन्मूलन का अभियान चला रही है। डब्ल्यूएचओ की 'ग्लोबल ट्यूबरकुलोसिस रिपोर्ट 2024' के अनुसार, 2015 से 2023 के बीच भारत में टीबी मामलों में 17.7 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई है, जो वैश्विक औसत 8.3% की तुलना में दोगुनी से भी अधिक है। इसके बावजूद चालू वर्ष 2025 के अंत तक क्षय रोग के उन्मूलन का लक्ष्य हासिल करना संभव नहीं लगता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने 2025 तक भारत को टीबी मुक्त करने का लक्ष्य रखा है, जो वैश्विक लक्ष्य (2030) से पांच साल पहले का है। विश्व के मल्टीड्रग-रेजिस्टेंट टीबी के 62 फीसदी मरीज भारत में हैं। पिछले छह महीनों में किए गए सर्वे के देश में अनुसार 21% बच्चे (16 वर्ष तक) और 14% वयस्क मामलों में टीबी की पुष्टि हुई है। वहीं, लेटेंट टीबी (जो शरीर में मौजूद होती है लेकिन सक्रिय नहीं होती) के लिए आईजीआरए जांच में 23% बच्चों और 43% वयस्कों में संक्रमण पाया गया। भारत में टीबी के बढ़ते मामलों के मुख्य कारण जानकारी का अभाव, कुपोषण, रहन-सहन में स्वच्छता की कमी आदि हैं। कमजोर इम्यूनिटी वाले लोग इस बीमारी की चपेट में जल्दी आते हैं। पल्मोनरी टीबी (फेफड़ों में संक्रमण) के अलावा टीबी बैक्टीरिया ब्लड सर्कुलेशन के माध्यम से शरीर के अन्य अंगों में फैलने वाले एक्स्ट्रा-पल्मोनरी टीबी भी एक गंभीर समस्या बनी हुई है। जल्द जांच और प्रभावी इलाज इससे मुक्ति के उपाय हैं। टीबी की निगरानी और स्क्रीनिंग को और मजबूत किया जाए। टीबी निदान के लिए ट्रिपल-लेयर सत्यापन प्रणाली लागू की जाए। स्कूलों में जागरूकता अभियान चलाए जाएं ताकि शुरुआती चरण में ही टीबी की पहचान हो सके। सरकार की पोषण सहायता योजना के तहत अप्रैल 2018 से हर टीबी मरीज को 500 रुपये प्रति माह दिए जाते हैं, पर राशि कम है और योजना का क्रियान्वयन प्रभावी नहीं है। सरकार मुफ्त में दवा भी देती है। सीएजी के मुताबिक, 2018-19 से 2022-23 के बीच कुल 2.60 लाख टीबी मरीजों को 72.24 करोड़ का भुगतान बकाया रहा (नवंबर 2022 तक)। टीबी) एक संक्रामक बैक्टीरियल बीमारी है, जो माइकोबैक्टीरियम ट्यूबरकुलोसिस नामक बैक्टीरिया के कारण होती है। आमतौर पर यह बीमारी फेफड़ों को प्रभावित करती है। यह शरीर के अन्य हिस्सों को भी प्रभावित कर सकती है। टीबी पीड़ित मरीज के बोलने, खांसने या छींकने के दौरान मुंह या नाक से निकलने वाली ड्रॉपलेट्स से स्वस्थ व्यक्ति भी संक्रमित हो सकता है। दुनिया के कुल टीबी मामलों का लगभग 26 प्रतिशत भारत में हैं। समय पर टीकाकरण, संतुलित आहार, मास्क का उपयोग और टीबी मरीज से दूरी बनाए रखना, संक्रमण के खतरे को कम करने में मदद करता है।। टीबी का अधूरा इलाज न केवल मरीज के लिए खतरनाक होता है, बल्कि यह बीमारी को और भी घातक बना सकता है। इसलिए पूर्ण इलाज जरूरी है। भारत सरकार राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम चला रही है, इसमें जांच व इलाज निःशुल्क है। टीबी उन्मूलन की दिशा में तेजी से प्रयास करने की जरूरत है।



सीएम का जन्मदिन
डॉ. प्रकाश हिंदुस्तानी

# पुराने मिथकों को तोड़ता एक राजनेता

**मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मिथक तोड़ने वाले मुख्यमंत्री हैं। उन्होंने मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में अपने कार्यकाल में कई पुरानी मान्यताओं और परंपराओं को चुनौती दी और उन्हें तोड़ा। खास तौर पर उज्जैन से जुड़े एक प्रचलित मिथक ने उनकी इस पहचान को मजबूत किया। भगवान महाकाल की नगरी उज्जैन के बारे में यह मान्यता रही है कि वहां कोई भी शासक, जैसे मुख्यमंत्री, प्रधानमंत्री या राष्ट्रपति, रात नहीं गुजार सकता। ऐसा माना जाता था कि अगर कोई शासक वहां रात में रुकता है, तो उसकी सत्ता को खतरा हो सकता है। इस मिथक का आधार कुछ ऐतिहासिक घटनाओं से लिया जाता है, जैसे भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. मोरारजी देसाई और कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा के उदाहरण, जिनके रुकने के बाद उनकी सरकारें अस्थिर हुई थीं।**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव उज्जैन दक्षिण से विधायक हैं और स्वयं उज्जैन के निवासी हैं। उन्होंने 13 दिसंबर 2023 को मुख्यमंत्री बनने के बाद इस मिथक को तोड़ा। उन्होंने उज्जैन में अपने परिवार के साथ रात बिताई और इस बारे में बेहद विनम्रतापूर्वक कहा- उज्जैन क्या, पूरी सृष्टि के राजा तो बाबा महाकाल ही हैं, और वे ही रहेंगे। हम तो उनके बेटे, सेवक और प्रजा हैं। उनका यह कदम न केवल प्रतीकात्मक था, बल्कि यह संदेश भी देता था कि वे परंपराओं से ऊपर उठकर अपने कर्तव्यों का निर्वहन करेंगे। वे पुरानी धारणाओं में नहीं जीते। उज्जैन के ज्योतिषाचार्यों और पुजारियों ने भी उनकी बात का समर्थन किया और कहा कि डॉ. यादव महाकाल के सेवक और बेटे हैं, इसलिए उन पर यह मिथक लागू नहीं होता।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अपने कार्यकाल में विकास और प्रशासनिक फैसलों में भी रूढ़िवादी सोच को चुनौती देने की कोशिश की है। उनकी यह छवि उन्हें एक ऐसे नेता के रूप में स्थापित करती है जो पुराने ढांचों को तोड़कर नए रास्ते बनाता है। इसी कारण से उन्हें मिथक तोड़ने वाला मुख्यमंत्री कहा जाता है। सदियों से उज्जैन को धार्मिक नगरी के रूप में ही मान्यता मिलती रही है। उज्जैन है भी धार्मिक नगरी, लेकिन डॉ. मोहन यादव ने यह मिथक दुरुस्त किया कि उज्जैन केवल धार्मिक नगरी ही नहीं, बल्कि एक औद्योगिक नगरी भी है। उनके नेतृत्व में फरवरी 2025 में भोपाल में आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट (जीआईएस) 2025 को ऐतिहासिक सफलता मिली। इसमें 30 लाख 77 हजार करोड़ रुपए के निवेश समझौतों पर हस्ताक्षर हुए। यह मध्यप्रदेश के इतिहास का सबसे बड़ा निवेश सम्मेलन माना जा रहा है। इसने राज्य को औद्योगिक और आर्थिक केंद्र के रूप में मजबूत किया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी इसकी प्रशंसा की है। उनके नेतृत्व में मध्यप्रदेश ने आर्थिक विकास दर में 11.05% की बढ़ोतरी दर्ज की गई, जो राष्ट्रीय औसत से अधिक है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने क्षिप्रा नदी को शुद्ध किया ही नहीं जा सकता, इस बात को भी गलत साबित कर दिया है। उज्जैन में सिंहस्थ 27 मार्च से 27 मई 2028 तक आयोजित होगा। इस महापर्व की तैयारी के लिए मध्यप्रदेश सरकार ने बड़े पैमाने पर परियोजनाओं की योजना बनाई है, जिनका उद्देश्य न केवल इस आयोजन को भव्य बनाना है, बल्कि उज्जैन को एक आधुनिक और स्थायी धार्मिक नगरी के रूप में विकसित करना भी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में क्षिप्रा नदी को स्वच्छ और प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए मध्यप्रदेश सरकार ने एक व्यापक शुद्धिकरण योजना शुरू की है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य क्षिप्रा नदी में मिलने वाले प्रदूषित जल, खासकर खान (कान्ह) नदी के गंदे पानी को रोकना और नदी को वर्ष 2028 में होने वाले सिंहस्थ कुंभ के लिए स्वच्छ और अविरल बनाना है। इसके लिए कान्ह क्लोज डक्ट परियोजना शुरू की है, जिसे देश की पहली ऐसी परियोजना माना जा रहा है, जिसमें किसी नदी के प्रदूषित पानी को टनल और कट-एंड-कवर



तकनीक के माध्यम से डायवर्ट किया जा रहा है। क्षिप्रा नदी पर 29.21 किलोमीटर लंबे घाटों का निर्माण 778.91 करोड़ रुपए की लागत से होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में उज्जैन और इंदौर के समेकित विकास की महायोजना पर कार्य जारी है। उज्जैन और इंदौर को जोड़ने वाली सड़कों के लिए 2,312 करोड़ रुपए की परियोजना को मंजूरी दी गई है। यह सड़कें तीर्थयात्रियों के लिए मुख्य मार्ग होंगी, जिससे यातायात सुगम होगा और ट्रैफिक जाम से बचा जा सकेगा। कुल मिलाकर, सड़क निर्माण और चौड़ीकरण के लिए 2,300 करोड़ रुपए से अधिक खर्च किए जाएंगे। इंदौर-उज्जैन मेट्रो लाइन का सर्वेक्षण दिल्ली मेट्रो को सौंपा गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के मार्गदर्शन में उज्जैन का सिंहस्थ 2028, प्रयागराज महाकुंभ की तरह व्यवस्थित और भव्य होगा। सिंहस्थ 2028 को डिजिटल बनाने के लिए एक ऑल इन वन एप तैयार किया जा रहा है। इसमें ड्रोन सर्विस, यातायात प्रबंधन, मानव संसाधन और कार्य प्रगति की जानकारी शामिल होगी। एआई का उपयोग करके भीड़ प्रबंधन, सुरक्षा और सुविधाओं की निगरानी की जाएगी। इसका उद्देश्य आयोजन को सुरक्षित और सुव्यवस्थित बनाना है। ड्रोन के जरिए मेला क्षेत्र की निगरानी और व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। इसके अलावा उज्जैन-इंदौर संभाग को धार्मिक-आध्यात्मिक सर्किट के रूप में विकसित करने की योजना है। इसमें पशुपतिनाथ (मंदसौर), ओंकारेश्वर, भादवा माता, और अन्य स्थानों तक सुगम आवागमन और अधोसंरचना सुधार शामिल है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने धार्मिक शहरों में पूर्ण शराबबंदी लागू करने का अभूतपूर्व निर्णय लिया, जिसे व्यापक समर्थन मिला। इस कदम की सराहना पूर्व केंद्रीय मंत्री उमा भारती जैसे नेताओं ने भी की। यह फैसला राज्य की सांस्कृतिक और धार्मिक पहचान को मजबूत करने की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है। इसके साथ ही मध्यप्रदेश में बुनियादी ढांचे को बेहतर करने के लिए कई परियोजनाएं शुरू की गईं। उदाहरण के लिए, राजगढ़ अंचल में 500 करोड़ रुपए की लागत से नए उद्योग स्थापित करने की योजना और 275 किलोमीटर लंबी रामगंज मंडी-भोपाल रेल लाइन परियोजना से मध्यप्रदेश और राजस्थान के बीच कनेक्टिविटी बढ़ेगी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव मेहनती, शिक्षित और धार्मिक मूल्यों से जुड़े नेता हैं। उनका मुख्य ध्यान सख्त प्रशासन और विकास पर रहता है। कर्मचारी उन्हें सख्त, विद्यार्थी प्रेरक, सेवानिवृत्त लोग सुलभ, पार्टी के कार्यकर्ता निष्ठावान, मीडियाकर्मी सहयोगी और आलाकमान उन्हें भरोसेमंद मानता है। उनका राजनीतिक कॅरियर एक लंबी और प्रभावशाली यात्रा रही है, जो छात्र राजनीति से शुरू होकर मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री पद तक पहुंची। शुरुआत 1980 के दशक में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से हुई थी। वे 1982 में उज्जैन के माधव विज्ञान महाविद्यालय छात्रसंघ के सह-सचिव बने और 1984 में अध्यक्ष चुने गए। इसी दौरान वे अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् के नगर मंत्री बने। वे 1990 के दशक में भारतीय जनता पार्टी से जुड़े और संगठन में विभिन्न पदों पर कार्य किया। 2004-2010 तक वे उज्जैन विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष रहे और 2011-2013 में मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष (कैबिनेट मंत्री दर्जा) रहे। उच्च शिक्षा मंत्री रहते हुए डॉ. मोहन यादव ने कॉलेजों में रामचरितमानस को वैकल्पिक विषय के रूप में शुरू किया। साथ ही, उन्होंने घोषणा की थी कि छात्रों को डिग्री तभी मिलेगी, जब वे एक पौधा लगाएंगे। यह कदम उनके धार्मिक और पर्यावरणीय सोच को एक साथ जोड़ता है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं लेखक)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।



मौसम
सुशील देव


# गर्मी बढ़ने के साथ संकट में घिरने लगी है दिल्ली

पर्यावरणीय असंतुलन और लगातार मौसम में अप्रत्याशित बदलाव की वजह से दिल्ली में गर्मी की आशंका अभी से सताने लगी है। आने वाले दिनों में दिल्ली के तापमान में ज्यादा वृद्धि होने की संभावना है। मौसम विज्ञानी मानते हैं कि 21 मार्च 2025 से आसमान साफ होने और चटक धूप पड़ने से गर्मी बढ़ेगी। इस दौरान अधिकतम तापमान 33 से 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। हालांकि, फिलहाल दिल्ली-एनसीआर में तेज हवाओं के कारण लोगों को भीषण गर्मी से फिलहाल राहत है। मौसम विभाग के अनुसार, अगले दो दिनों के बाद से अधिकतम और न्यूनतम तापमान में वृद्धि शुरू होगी, जिससे मार्च महीने के आखिर तक गर्मी का असर बढ़ेगा। इसलिए जल्द ही दिल्लीवासियों को भीषण गर्मी का सामना करना पड़ सकता है। कहते हैं कि दिल्ली की गर्मी और सर्दी बहुत भयंकर होती है। ऐसे में दिल्ली सरकार पहले से ही सचेत रहना चाहिए। दिल्ली देश की राजधानी है, उस हिसाब से केंद्र सरकार का भी कर्तव्य बनता है कि गर्मी से बचाव के लिए ठोस इंतजाम करना चाहिए।

दिल्ली में गर्मी बढ़ने के साथ ही बढ़ जाती है, पीने के पानी की समस्या। ज्यादातर जगहों पर तो गंदे पानी की समस्या बनी रहती है। ऐसे में जीवन के इस महत्वपूर्ण आवश्यकताओं के मद्देनजर पहले दिल्लीवासियों को साफ पानी की सप्लाई सबसे बड़ा मुद्दा होता है। इस बार भी यही होना है। हर गर्मी में यहां जल संकट की समस्या उत्पन्न हो जाती है, जिससे निपटने में सरकार असफल हो जाती है। इतना ही नहीं, गर्मी के दौरान कई इलाकों में पानी की भारी कमी होती है, वहीं टैंकरों की आपूर्ति में देरी होती है या भ्रष्टाचार के कारण पानी जरूरतमंदों तक नहीं पहुंच पाता। इसलिए पानी की कमी वाले इलाकों में टैंकरों से लोगों तक पानी पहुंचाया जाना चाहिए। साथ ही, सार्वजनिक स्थलों पर ठंडे पानी की टंकियां लगाने की योजना या तो अधूरी रह जाती है या ठीक से लागू नहीं होती। दिल्ली सरकार ने पिछले साल गर्मियों में कई उपाय नहीं कर पाईं थीं। इनमें राजधानी शहर के अंदर पर्याप्त कूलिंग शेल्टर नहीं तैयार होना प्रमुख रहा। ज्ञात हो कि सार्वजनिक स्थानों पर कूलिंग शेल्टर यानी ठंडी छांव, जल सेवा केंद्र, शीतल स्थल बहुत कम हैं। बस स्टॉप, रेलवे स्टेशन और बाजारों में छायादार व्यवस्था की कमी है, जिससे लोग लू का शिकार हो जाते हैं। गर्मियों में एयरकंडीशनर, कूलर और पंखों की जरूरत बढ़ जाती है लेकिन बार-बार बिजली की कटौती होने से भी यहां के निवासियों की समस्याएं बढ़ जाती हैं। हालांकि, बिजली कंपनियों ने दावा किया है कि इस बार बिजली कटौती से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है। गर्मियों में इसबार बिजली की मांग रिकार्ड तोड़ रह सकती है। यह करीब 9 हजार मेगावाट तक पहुंचने की संभावना है। बीआरपीएल के क्षेत्र में 4 हजार मेगावाट, बीवाईपीएल के क्षेत्र में 1900 मेगावाट और टीपीडीडीएल के क्षेत्र में 2562 मेगावाट तक जा सकती है। पिछले साल दिल्ली में बिजली की अधिकतम मांग 8656 मेगावाट रही थी। दिल्ली सरकार को कल-कारखानों में काम करने वाले श्रमिकों के लिए विशेष राहत प्रदान करने वाली नीतियां बनानी चाहिए। गर्मी के समय में इनके काम के घंटे कम करने या सुरक्षा उपाय देने पर जोर दिया जाना चाहिए। पिछले साल भी इस संदर्भ में ठोस कदम नहीं उठाए गए। लोगों में गर्मियों के प्रति जागरूकता भी बहुत जरूरी है। लोगों को हीट वेव से बचने के उपाय बताने के लिए बड़े पैमाने पर टीवी, रेडियो, सोशल मीडिया पर जागरूकता अभियान चलाने चाहिए थे, लेकिन प्रभावी रूप से ऐसा नहीं किया गया। साथ ही, हीट वेव के लिए कोई एसएमएस अलर्ट सिस्टम नहीं बनाया गया जिससे लोग समय रहते सावधान हो सके। सरकार को दिल्लीवासियों के स्वास्थ्य प्रति भी चिंता कम रही। हीट स्ट्रोक से निपटने के उपायों के तहत अस्पतालों में विशेष वार्ड और आपातकालीन सेवाएं पर्याप्त रूप से उपलब्ध नहीं थी। एम्बुलेंस और प्राथमिक चिकित्सा सेवाओं की कमी के कारण लू से पीड़ित लोगों को समय पर मदद नहीं मिल पाई। कुल मिलाकर दिल्ली सरकार ने कुछ प्रयास जरूर किए, लेकिन वे पर्याप्त नहीं थे। अगर सही योजना और क्रियान्वयन होता, तो गर्मी से होने वाली समस्याओं को कम किया जा सकता था। दिल्ली सरकार को गर्मियों से बचने के लिए हरियाली को बढ़ावा देना चाहिए। इस दिशा में पेड़ों की कटाई पर सख्त प्रतिबंध के साथ नई हरियाली लगाने की गति को तेज करना चाहिए। ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाए जाएं। सरकारी भवनों, बस स्टॉप और मुख्य सड़कों पर ग्रीन कवर विकसित किया जाना चाहिए।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## मन की कड़वाहट मिटाने से समरसता आएगी



संकलित
दर्शन

हम अपने सोच व विचारों से अपना ऊर्जा क्षेत्र बनाते हैं। हमारे संकल्पों की गुणवत्ता ऊर्जा क्षेत्र की गुणवत्ता निर्धारित करती है। उस ऊर्जा क्षेत्र से हम अपने आपको अलग नहीं कर सकते। उसके सकारात्मक व नकारात्मक प्रकंपन को हम हमेशा साथ लेकर चलते हैं, चाहें घर में प्रवेश करते हुए अथवा घर से बाहर निकलते हुए। जब किसी के बारे में हम अच्छा सोचते हैं और उसके प्रति हमारे विचारों को शुद्ध, सुंदर व सकारात्मक रखते हैं, तो स्वाभाविक है कि हम उसे एक प्रकार से आशीर्वाद देते हैं। आशीर्वाद देने का यह मतलब नहीं कि हम केवल औपचारिक रूप में शुभकामनाएं देते हैं। अगर हमारे पास किसी के लिए उपहार लेने के लिए पैसे नहीं हैं, तो हमारी ओर से उनके लिए सबसे बड़ा उपहार यही होगा कि हम उनके घर-परिवार को आशीर्वाद दें। सामान्यतः दूसरों के लिए हम अपने सोच के साथ बोल को ध्यान में रखते हैं। भले ही हम उस व्यक्ति के लिए मन में नकारात्मक भावनाएं रखते हों, पर एक पल के लिए उसे बधाई भी देते हैं। इसका मतलब है, हम उसके लिए मन में अच्छा सोच भी पैदा कर सकते हैं। संबंधों का अर्थ ही है संकल्प रूपी ऊर्जा का आदान-प्रदान करना। मैं आपके बारे में जो सोचती हूं, वह आप तक पहुंचता है। आप मेरे बारे में जो सोचते हैं, वह मुझ तक पहुंचता है-यही हमारे संबंधों का आधार बनता है। यदि मैं आपके बारे में अच्छा सोच नहीं रखती और आपके लिए अच्छे काम करती हूं, तो मैं कितनी भी कोशिश क्यों न करूं, हमारे संबंध का नींव कभी मजबूत नहीं होगी।


## बहरूपियों से हमेशा सतर्क और सावधान रहें



संकलित
प्रेरणा

एक कबूतर और एक कबूतरी एक पेड़ की डाल पर बैठे थे। उन्हें बहुत दूर से एक आदमी आता दिखाई दिया। कबूतरी के मन में कुछ शंका हुई और उसने कबूतर से कहा कि चलो जल्दी उड़ चले नहीं तो ये आदमी हमें मार डालेगा। कबूतरने लंबी सांस लेते हुए आराम के साथ कबूतरी से कहाः भला उसे ध्यान से देखो तो सही, उसके कपड़े देखो, चेहरे से भोलापन टपक रहा है, ये हमें क्या मारेगा, बिलकुल सज्जन पुरुष लग रहा है। कबूतर की बात सुनकर कबूतरी चुप हो गई। जब वह आदमी उनके पास आया तो अचानक उसने अपने वस्त्र के अंदर से तीर कमान निकाला और झट से कबूतर को मार दिया। और बेचारे उस कबूतरके वहीं प्राण पखेरू उड़ गए। असहाय कबूतरी ने किसी तरह भाग कर अपनी जान बचाई और बिलखने लगी। उसके बाद वह कबूतरी रोती हुई अपनी फरियाद लेकर राजा के पास गई और राजा को उसने पूरी घटना बताई। तुरंत शिकारी को पकड़ कर दरबार में लाया गया। शिकारी ने डर के कारण अपना जुर्म स्वीकार कर लिया। उसके बाद राजा ने कबूतरी को ही उस शिकारी को सजा देने का अधिकार दे दिया। कबूतरी ने बहुत दुःखी मन से कहा किः मेरे विचार से इस क्रूर शिकारी को बस इतनी ही सजा दी जानी चाहिए कि अगर वो शिकारी है तो उसे हर समय शिकारी वाले कपड़े पहनना चाहिए। ये अच्छे व्यक्ति वाले कपड़े उतार दे क्योंकि अच्छे व्यक्ति वेल कपड़े पहन कर धोखे से घिनौने कर्म करने वाले सबसे बड़े नीच होते हैं।

## सटाका




## आज की पाती

### मनोबल गिराने वाली कार्रवाई

किसी भी देश की सेना उस देश की आन, बान और शान होती है। अपने जीवन को देश की खातिर अर्पित कर, यह सैन्य बल देश की आजादी, अमन-चैन को कायम कर हमें खुली हवा में चैन की सांस लेने और नागरिक समाज को परिवारों सहित देश के भीतर खुशहाल बनाने में अपना सर्वस्व न्योछावर कर देते हैं। अभी हाल ही में पंजाब राज्य के पटियाला में ऑन ड्यूटी सेवा में रहते हुए एक कर्नल साहब पुष्पेंद्र सिंह बाथ एवं उनके बेटे को पटियाला पुलिस के एक नहीं, बारह पुलिस के जवानों ने मिलकर डंडों से निर्ममता के साथ पिटाई कर अधमरा कर दिया। ऐसा अत्याचार तो कोई दुश्मन देश भी हमारे जवानों को पकड़ने के बाद उन पर नहीं करता। यह कार्रवाई सैन्य बलों का मनोबल गिराने वाली है। दोषियों को दंड मिलना चाहिए।

*मनोज रावत, राजनांदगांव*

## ट्रेंड

### संरक्षित स्मारक नहीं



उत्तर प्रदेश के एटा लोकसभा क्षेत्र में स्थित महाकवि तुलसीदास और अमीर खुसरो की जन्मस्थलियां भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के अधिकार के तहत 'संरक्षित स्मारक नहीं हैं व किसी योजना में इनके विकास एवं संरक्षण का प्रस्ताव नहीं है।

-गजेंद्र सिंह शेखावत, केंद्रीय मंत्री

### सरकार सहयोग कर रही



जम्मू कश्मीर में आतंकवाद को समाप्त करना जनता के समर्थन के बिना संभव नहीं है। निर्वाचित सरकार प्रयास कर रही है और उपराज्यपाल का सहयोग कर रही है ताकि स्थिति नियंत्रण में रहे और शांति बनी रहे।

-उमर अब्दुल्ला, सीएम, जेएंडके

### नारायण गुरु के विचार अहम



शिक्षा के माध्यम से प्रबुद्ध बनें, संगठन के माध्यम से मजबूत बनें, और कड़ी मेहनत के माध्यम से समृद्ध बनें। - श्री नारायण गुरु के विचार। गुरु ने पिछली सदी में जाति व्यवस्था के खिलाफ आंदोलन का नेतृत्व किया था।

-राजीव चंद्रशेखर, पूर्व केंद्रीय मंत्री

### भाजपा का फर्जी मुद्दा



भाजपा आज संसद को स्थगित कराने के लिए कर्नाटक में मुस्लिम आरक्षण और शिवकुमार के कथित बयान के रूप में एक पूरी तरह से फर्जी मुद्दा लेकर आई, ताकि न्यायमूर्ति वर्मा प्रकरण पर चर्चा न हो।

-जयराम रमेश, कांग्रेस महासचिव

## करंट अफेयर

### एर्दोगान के प्रतिद्वंद्वी को जेल में डालने के विरुद्ध प्रदर्शन



तुर्किये की राजधानी इस्तांबुल के महापौर और राष्ट्रपति रजब तैयब एर्दोगान के कट्टर विरोधी को कैद किए जाने के खिलाफ प्रदर्शनों के बीच अधिकारियों ने कई पत्रकारों को हिरासत में ले लिया। एक मीडिया कर्मचारी संघ ने सोमवार को यह जानकारी दी। एक अदालत ने रविवार को महापौर एक्रेम इमामोग्लू को औपचारिक रूप से गिरफ्तार करने और भ्रष्टाचार के आरोपों पर मुकदमा चलने तक उन्हें जेल में रखने का आदेश दिया था। इमामोग्लू को बुधवार को हिरासत में लिये जाने के बाद बड़ी संख्या में लोग सड़कों पर उतर गये, जो एक दशक से भी अधिक समय में सबसे बड़ा प्रदर्शन है। ऐसे में देश में लोकतंत्र एवं कानून के शासन को लेकर गही चिंता उत्पन्न हो गयी है। बढ़ते विरोध के मद्देनजर सरकार की कार्रवाई पर पत्रकारों के संघ 'डिस्क-बेसिन-इज यूनियन' ने कहा कि कम से कम आठ पत्रकारों और फोटो पत्रकारों को हिरासत में ले लिया गया, जो 'प्रेस की स्वतंत्रता और लोगों के सच जानने के अधिकार पर हमला' है। यूनियन ने 'एक्स' पर लिखा, "पत्रकारों को चुप कराकर आप सच्चाई को नहीं छिपा सकते।" संघ ने पत्रकारों की तत्काल रिहाई की मांग की। गृह मंत्री अली येरलिकाया ने कहा कि 19 मार्च को महापौर को उनके घर से गिरफ्तार किया।

## ऑफ बीट

### अल्जाइमर का रक्त परीक्षण से चल सकता है जल्दी पता



किसी व्यक्ति में अल्जाइमर रोग का निदान करने के लिए इन सभी लक्षणों का मौजूद होना जरूरी नहीं है, हालांकि मस्तिष्क में एमाइलॉइड-बीटा प्लाक और/या तो उलझनों की उपस्थिति आवश्यक है। इसके विपरीत, कुछ लोगों में बायोमार्कर परिवर्तन हो सकते हैं लेकिन कभी भी अल्जाइमर रोग के लक्षण विकसित नहीं हो सकते हैं। चूँकि मस्तिष्क में अन्य लक्षण प्रकट होने से वर्षों पहले रक्त में इन बायोमार्कर परिवर्तनों का पता लगाया जा सकता है, यह अल्जाइमर रोग का निदान करने का एक तेज़ और कम आक्रामक तरीका प्रदान कर सकता है। रक्त परीक्षण वर्तमान में खरीद के लिए उपलब्ध अधिकांश रक्त परीक्षण रक्त में दो अलग-अलग प्रकार के अमाइलॉइड-बीटा को मापते हैं: अमाइलॉइड-बीटा 42 और अमाइलॉइड-बीटा 40। फिर इन दो प्रोटीनों के बीच अनुपात की गणना की जाती है। यह अनुपात जितना कम होगा, व्यक्ति में अमाइलॉइड प्लाक और इसलिए अल्जाइमर रोग होने की संभावना उतनी ही अधिक होगी। ऐसा ही एक परीक्षण, प्रीसीविटीएडी, डॉक्टरों द्वारा अमेरिका में अल्जाइमर के लक्षण प्रदर्शित करने वाले लोगों में उपयोग करने के लिए अनुमोदित किया गया है, और इसे यूरोपीय संघ में उपयोग के लिए सुरक्षित माना गया है।

अपने विचार
हरिभूमि कार्यालय
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com
पर भेज सकते हैं।

## खबर संक्षेप



### भगवान शिव की आराधना मोक्ष प्रदान करती है:शास्त्री

**मंडीदीप।** औद्योगिक नगर में महावीर कॉलोनी में चल रही शिव महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ के चौथे दिन सोमवार को कथा वाचक आचार्य नरेन्द्र कृष्ण षास्त्री ने भगवान शिव जी की महिमा का व्याख्यान कर भक्तों को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि इस महापुराण के पठन अथवा श्रवण से पापी, दुराचारी लोग शुद्ध हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि भगवान शिव की आराधना मनुष्य को मोक्ष प्रदान करती है। इसलिए समस्त मानव जाति को भगवान शिव की निर्मल मन से उपासना करनी चाहिए।



### परिषद ने दिया जल संसाधन का संदेश

**मंडीदीप।** औद्योगिक नगर में विश्व जल दिवस पर जनअभियान परिषद के तत्वावधान में कार्यक्रम हुआ। इसमें जल संकट से बचाव और जल स्त्रोतों के संरक्षण पर जागरूकता पर जोर दिया गया। इस दौरान नेमीरतन परमर्थिक समिति के अध्यक्ष विनोद जैन ने कहा कि विश्व जल दिवस मनाने का उद्देश्य जल संरक्षण के महत्व को समझाना है। बिना पानी के जीवन संभव नहीं। सतही और भूजल स्त्रोतों का दोहन हो रहा है। इससे जल संकट खड़ा हो गया है। इसी को देखते हुए विश्व जल दिवस मनाने का निर्णय लिया गया, ताकि जल संरक्षण पर विचार करें।

### आईपीएल में लग रहा जमकर सट्टा

**औबेदुल्लागंज।** आईपीएल क्रिकेट में जमकर सट्टा लगाया जा रहा है। सूत्रों के अनुसार नगर में दो या तीन लोग खाइबाजी का काम कर रहे हैं। नगर में आईपीएल क्रिकेट में सट्टा लगाने वाले पिछले 2 दिन से बड़े-बड़े दाव लग रहे हैं। मैन रोड पर आईपीएल के सट्टे लगाने के लिए दुकान लगी है।

### संत संतोख सिंह भजनगढ़ गुरुद्वारा में बैसाखी पर्व शुरू



**औबेदुल्लागंज।** वार्ड 10 अर्जुन नगर के संत संतोख सिंह भजनगढ़ गुरुद्वारा में 22 मार्च से सिख समुदाय का 326वां बैसाखी पर्व का शुभारंभ हो गया है। इस कार्यक्रम में गुरुद्वारा में प्रतिदिन सुबह 10 बजे से अखंड पाठ साहिब चल रहा है, जो लड़ीवार चलते हुए 13 अप्रैल रविवार को सुबह 10 बजे समाप्त होगा। इसक बाद सुबह 10 से दोपहर 12:30 तक प्रसिद्ध कथाकार जगजीत सिंह (जीते भैया) के द्वारा बैसाखी पर्व के संबंध में कथा का उद्बोधन करने के बाद भजन कीर्तन किया जाएगा। गुरु घर के वजीर भगवान सिंह ने सभी धार्मिक बंधुओं को धर्म लाभ लेने की अपील की है।

### अर्जुन नगर में विकास कार्य करने की मांग

**औबेदुल्लागंज।** अर्जुन नगर के नेता वचन लोधी, धर्मेंद्र चौरसिया, आरती यादव, पदम चौहान पूर्व पार्षद ने कहा कि अर्जुन नगर का विकास होना चाहिए। पुलिस चौकी खुलन, संजीवनी आयुर्वेदिक के अस्पताल का भवन बन गया है शीघ्र अस्पताल प्रारंभ करने, प्रधानमंत्री आवास की सूची का सत्यापन करानो, साफ-सफाई कराई सहित सड़क और नालियां बनने के लिए नगर परिषद के अधिकारियों से मांग की है। इधर, सोमवार को नगर परिषद ने मुनादी कर अतिक्रमण कर चार्ट और चाऊमीन की दुकाने लगने वालों को कहा कि कि सभी दुकानदार नगर परिषद द्वारा चिन्हित जगह पर दुकान लगाएं, जिससे लोगों को परेशानी न हो।

**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याण: | 1736 | | |
| दिन: | 138 | 20 | 468 |
| रात: | 468 | 82 | 345 |
| तारा: | | | |
| दिन: | 138 | 20 | 468 |
| रात: | 468 | 82 | 345 |

---

आरोपी जानता था घर की आर्थिक स्थिति, पता चलते ही की परिवार दर्शन को जा रहा है ओंकालेश्वर, कर दी थी वारदात

# बेटे के दोस्त ने व्यापारी के घर की तीस लाख की चोरी, इंदौर में गोल्ड बेचकर बनवाई सिल्लियां

**शाहपुरा क्षेत्र के जय भवानी परिसर सोसाइटी में हुई वारदात**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



आशुतोष श्रीवास्तव आरोपी



जितेंद्र मीणा आरोपी



धर्मेंद्र ऊर्फ मनीष प्रजापति, आरोपी

शाहपुरा पुलिस ने जय भवानी परिसर सोसाइटी में रहने वाले व्यापारी के घर हुई तीस लाख की नकबजनी का खुलासा कर दिया है। नकबजनी की वारदात व्यापारी के दोस्त के साथी ने अपने दोस्त के साथ मिलकर की थी। दरअसल, दोस्ती होने के कारण आरोपी को व्यापारी के बेटे ने बताया था कि वह परिवार के साथ ओंकालेश्वर दर्जन के लिए जा रहे हैं। आरोपी को व्यापारी की आर्थिक स्थिति के बारे में जानकारी थी और उसने वारदात को अंजाम दे दिया। वारदात में हाथ लगा गोल्ड आरोपी ने इंदौर में एक व्यापारी की मदद से गलाकर सिली बना ली थी।

जानकारी के अनुसार गोपाल प्रसाद अग्रवाल जय भवानी सोसाइटी शाहपुरा में रहते हैं। उनका पांच नंबर में सुपर बाजार है। उन्होंने शिकायत करते हुए बताया था कि 18 मार्च की दोपहर वह परिवार के साथ ओंकालेश्वर चले गए थे। वहां से अगले ही दिन 19 मार्च की रात करीब दस बजे घर पहुंचे तो मुख्य गेट का ताला टूटा मिला। अंदर जाकर देखा तो सामान बिखरा पड़ा है और अलमारी में रखी नगदी सहित सोने चांदी के जेवरात नहीं थे। उनके घर से नगदी समेत 30 लाख रुपए का समान चोरी हुआ था। पुलिस को घटनास्थल से सीसीटीवी कैमरे के फुटेज मिले थे। फुटेज के आधार पर पुलिस ने आशुतोष श्रीवास्तव को हिरासत में लिया था। आशुतोष व्यापारी के बेटे पीयुष का दोस्त निकला।

**एक दिन पहले हुई थी बात**

33 साल का आशुतोष श्रीवास्तव, शीतल हाइट मिसरोद में रहता हैं और इन दिनों इंदौर में ट्रेवल्स एजेंसी का संचालन कर रहा है। व्यापारी के बेटे पीयूष और आशुतोष की दोस्ती है। दोनों की घटना से एक दिन पहले बातचीत हुई थी। इस दौरान पीयूष ने बताया था कि परिवार के साथ ओंकालेश्वर जा रहा हूं। यह सुनते की परिवार ओंकालेश्वर जा रहा है। आशुतोष ने अपने साथी जितेंद्र उर्फ जीतू मीणा (30) निवासी सतलापुर, मंडीदीप, जिला रायसेन के साथ मिलकर योजना बनाई और उनके घर के मुख्य गेट का ताला और कुंदा तोड़कर वारदात को अंजाम दिया।

**इंदौर के व्यापारी को दिए थे जेवरात**

आरोपियों से पूछताछ में पता चला कि चोरी में हाथ लगा गोल्ड और चांदी लेकर वह इंदौर पहुंचे। इंदौर में धर्मेंद्र उर्फ मनीष प्रजापति (33) निवासी धार रोड छत्रीपुरा इंदौर को सोना और चांदी बेच दिया था। उसने सभी जेवरों को गला दिया। गलाकर तीन सोने की सिली और एक चांदी की सिल्ली बना ली थी। पुलिस ने आरोपी चारों सिल्ली बरामद कर ली हैं।

### इलाज के दौरान महिला बंदी की मौत

**भोपाल।** गांधी नगर स्थित केंद्रीय जेल में एनडीपीएस एक्ट में बंद महिला बंदी की इलाज के दौरान एम्स में मौत हो गई। ब्रेन कैंसर की बीमारी के कारण जेल से महिला को एम्स में भर्ती कराया गया था। करीब एक सप्ताह तक चले इलाज के बाद महिला की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार सुनीता कुंचबंदिया पत्नी श्याम (42) एनडीपीएस के प्रकरण में विदिशा की जेल में बंद थी। महिला बंदी को ब्रेन कैंसर था। कुछ दिन पहले इलाज के लिए सुनीता को केंद्रीय जेल भोपाल शिफ्ट किया गया था। करीब एक सप्ताह पूर्व महिला बंदी को एम्स में भर्ती कराया गया था। इलाज के दौरान रविवार दोपहर मौत हो गई।

---

गांधी नगर थाना क्षेत्र के मेपल ट्री कॉलोनी जेल रोड पर हुआ हादसा

# चर्च से लौट रही नर्सिंग छात्राओं की एक्टिवा डिवाइडर से टकराई, एक की मौत, दो घायल

- निजी मेडिकल कॉलेज के हॉस्टल में रह रही थी छात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गांधी नगर थाना क्षेत्र स्थित मेपल ट्री कॉलोनी, जेल रोड पर रविवार दोपहर चर्च से लौट रही छात्राओं की एक्टिवा डिवाइडर से टकरा गई। इस हादसे में एक्टिवा चला रही छात्रा की मौत हो गई, जबकि उसकी दो सहेलियों को चोट आने के कारण उनका निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है।

एएसआई प्रवीण सिंह ने बताया कि शानी मैथ्यू (22) मूलतः केरल की रहने वाली थी और बीएससी नर्सिंग की फोर्थ ईयर की छात्रा थी। इन दिनों वह निजी मेडिकल कॉलेज में इंटर्नशिप कर रही थी। रविवार दोपहर शानी मैथ्यू अपनी सहेली



मॉर्चुरी रूम में शव का इंतजार करते मृतका के परिजन।

सोना जॉर्ज और शैरिल जॉर्ज के साथ एक्टिवा से चर्च गई थी। एक्टिवा शानी चला रही थी। तीनों चर्च से प्रार्थना करने के बाद अपने हॉस्टल लौट रही थीं, तभी दोपहर करीब सवा 12 बजे उनकी एक्टिवा अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। इस हादसे में तीनों को गंभीर चोट आई थी। तीनों को निजी अस्पताल ले जाया गया, वहां शानी मैथ्यू की मौत हो गई, जबकि सोना जॉर्ज और शैरिल का इलाज चला रहा है। पुलिस का कहना है कि प्रथम दृष्टया यह बात सामने आई है कि उनकी एक्टिवा डिवाइडर से टकराई है। घायल छात्राओं के बयान होने के बाद पता चल सकेगा कि हादसे कैसे हुआ।

**दो बाइक आपस में टकराईं, एक की मौत**

**सूखीसेवनिया थाना क्षेत्र स्थित भोपाल विदिशा रोड पर हुआ हादसा**

**भोपाल।** सूखीसेवनिया थाना क्षेत्र स्थित भोपाल-विदिशा रोड पर बायपास चौराहा पर रविवार रात दो बाइक आपस में भिड़ गईं। इस हादसे में दोनों बाइक सवारों को गंभीर चोट आई थी। उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया, वहां इलाज के दौरान एक युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरी बाइक पर सवार युवक को गंभीर चोट होने के कारण उसका इलाज चल रहा है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार सुनील रजक पिता छोटेराम रजक (30) गांव कल्याणपुर सूखीसेवनिया में रहता था और पुताई के ठेके लेता था। रविवार रात वह बाइक से अपने घर लौट रहा था। बायपास चौराहा पर पहुंचते ही भोपाल-विदिशा रोड पर उसकी बाइक को सामने से आ रहे बाइक सवार संदीप विश्वकर्मा ने रात करीब सवा 8 बजे टक्कर मार दी। टक्कर लगने से दोनों ही बाइक सवारों को गंभीर चोट आई थी। दोनों को अस्पताल ले जाया गया था। वहां इलाज के दौरान सुनील रजक की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि घायल संदीप विश्वकर्मा (30) बैरसिया में रहता हैं। उसकी तबीयत में सुधार होने के बाद बयान दर्ज किए जाएंगे। बयान में ही हादसे के सही कारण सामने आ सकेंगे।

**बाइक सवार बदमाशों ने युवक का मोबाइल**

**भोपाल।** अशोका गार्डन थाना क्षेत्र स्थित न्यू फेमस होटल के सामने रविवार सुबह बाइक सवार दो बदमाशों ने युवक का मोबाइल झपट लिया। घटना के समय युवक अपने बेटे का इलाज कराने के लिए सीधी से भोपाल आया था। पुलिस ने घटना की तस्दीक करने के बाद अज्ञात झपट्टामारों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज चेक कर रही है। जानकारी के अनुसार फरियादी वीरेंद्र जायसवाल मूलतः सीधी के रहने वाले हैं। वह अपने बेटे के पथरी का इलाज करवाने के लिए भोपाल आए थे। रविवार सुबह वह ट्रेन से उतरने के बाद वह अशोका गार्डन के न्यू फेमस होटल के पास खड़े होकर सवारी वाहन का इंतजार कर रहे थे। इसी बीच करीब 5 बजे उन्होंने बेटे को मोबाइल थमाया और पास ही लघुशंका करने चले गए। इस दौरान मोबाइल पर कॉल आया तो बेटा बातचीत करने लगा। वीरेंद्र वापस लौटते, उसके पहले बाइक सवार दो बदमाश उनके बेटे के पास पहुंचे और मोबाइल झपटकर भाग निकले।

### दोगुना पेनल्टी से बचने के लिए 31 तक जमा कराएं प्रॉपर्टी टैक्स, छुट्टी वाले दिन भी खुले रहेंगे दफ्तर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल




मौजूदा वित्तीय वर्ष 2024-25 खत्म होने में अब महज एक हफ्ता बचा है। इन्हीं सात दिनों में नगर निगम ने बकाएदारों से अपना टैक्स चुकाने की न सिर्फ अपील की है, बल्कि चेतावनी दी है कि 1 अप्रैल से बकाएदारों को दोगुना टैक्स चुकाना होगा। क्योंकि टैक्स का गुणा-भाग (गणना) शत-प्रतिशत वार्षिक भाड़ा मूल्य को आधार मानकर की जाएगी, जिससे संपत्तिकर दोगुना हो जाएगा और इसकी जिम्मेदारी बकाएदारों की होगी। इस मामले में निगम प्रत्येक वार्ड में अनाउंसमेंट और मुनादी करा रहा है। साथ ही राजस्व विभाग से जुड़े अधिकारी-कर्मचारी घर-घर जाकर लोगों से मिलकर उन्हें वित्तीय वर्ष के बचे बाकी दिनों में टैक्स जमा करने की अपील कर रहे हैं।

करदाताओं की सुविधा को देखते हुए निगम के सभी जोन और वार्ड कार्यालय रविवार सहित अन्य अवकाश के दिनों में भी खुले रहेंगे। जहां संपत्तिकर सहित अन्य करों की राशि जमा की जा सकेगी। इसके अलावा करों का भुगतान ऑनलाइन भी कर सकते हैं। निगम प्रशासन ने करदाताओं से अपील की है कि वे अपने स्वयं के आवासीय उपयोग वाली संपत्तियों का चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 का संपत्तिकर 31 मार्च तक जमा करें, अन्यथा स्वयं के आवासीय उपयोग की संपत्तियों पर दी जाने वाली 50 प्रतिश की रियायत भी नहीं दी जाएगी और दोगुनी राशि का भुगतान करना होगा।

**33 फीसदी ज्यादा टैक्स कलेक्शन का टारगेट**

निगम आयुक्त हरेंद्र नारायण ने सभी जोनल अधिकारियों और वार्ड प्रभारियों को मौजूदा वित्तीय वर्ष में ज्यादा से ज्यादा टैक्स कलेक्शन का फरमान सुनाया है। सभी जोनल अधिकारियों और वार्ड प्रभारियों को पिछले साल हुए टैक्स कलेक्शन के मुकाबले 33 फीसदी ज्यादा टैक्स कलेक्शन का टारगेट दिया गया है। निगम आयुक्त खुद जोन-टू-जोन और वार्ड-टू-वार्ड टैक्स कलेक्शन का जायजा ले रहे हैं।

---

वैश्य महासम्मेलन की दो दिवसीय बैठक आयोजित

### डिजिटल इंडिया की तर्ज पर प्रदेश में लाखों सदस्य बनाने पर की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

औद्योगिक नगर में सबसे बड़े सामाजिक संगठन वैश्य महासम्मेलन मध्य प्रदेश की प्रदेश कार्य समिति की दो दिवसीय बैठक 22 एवं 23 मार्च को अनूपपुर जिला मुख्यालय में संपन्न हुई। उसमें जिले से 4 पदाधिकारी शमिल हुए। रायसेन जिला अध्यक्ष विनोद जैन ने बताया कि अनूपपुर में दो दिवसीय बैठक का शुभारंभ दीप प्रज्वलन कर कुलदेवी माता महालक्ष्मी की पूजा एवं सामूहिक वैश्य गौरव गान के साथ किया गया। प्रथम सत्र में डिजिटल इंडिया की तर्ज पर प्रदेश में लाखों की संख्या में सदस्य बनाने पर विचार कर डिजिटल सदस्यता दिलाने का संकल्प लिया। द्वितीय सत्र में प्रदेश अध्यक्ष सुधीर अग्रवाल द्वारा सभी व्यापारी बंधुओं को टैक्स, जीएसटी, आयकर के विषय में विस्तृत जानकारी दी।



**नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष का किया स्वागत**

कार्यक्रम शामिल हुए जस्टिस पीसी गुप्ता का अभिनंदन किया गया। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष सुधीर अग्रवाल ने कहा कि पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रदेश संरक्षक के मार्गदर्शक उमाशंकर गुप्ता के लगातार सतत मार्गदर्शन में यह संगठन मध्य प्रदेश की प्रत्येक तहसील एवं लगभग 23 हजार ग्राम पंचायत तक पहुंच चुका है। रायसेन जिला अध्यक्ष विनोद जैन ने संगठन के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष सुधीर अग्रवाल का स्वागत किया। बैठक के दौरान प्रदेश के समस्त पदाधिकारी, प्रदेश के जिला अध्यक्ष सहित रायसेन जिला अध्यक्ष विनोद जैन, रायसेन 2 अध्यक्ष संजीव जैन बनारसी, युवा जिला अध्यक्ष संयम जैन सहित सैकड़ों पदाधिकारी मौजूद रहे।



### दो दिनी यूरोलॉजी शिविर में अमेरिका के डॉक्टर करेंगे मुफ्त ऑपरेशन

**संतनगर।** सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय में सोमवार से लगे 100वें निःशुल्क यूरोलॉजी शिविर में 418 रोगियों ने इलाज के लिए पंजीयन कराया। शविर का आयोजन जीव सेवा संस्थान के सहयोग से किया जा रहा है। इनमें 311 पुरुष, 107 महिला रोगी तथा 19 बच्चे शामिल हैं। पेशाब की रुकावट के मरीजों की सुविधा के लिए अधिक मरीजों के पंजीयन की अवधि 2 दिन और बढ़ा दी गई है। अब मरीज 26 मार्च तक शिविर में पंजीयन करवा सकते हैं। अमेरिका के युरोलाजिस्ट डॉ. अमरसिंह भी शिविर में रोगियों के मुफ्त ऑपरेशन करेंगे।

जिला सराफा संघ के होली मिलन समारोह को लेकर विवाद

### आयोजक बोले- सबको मौखिक रूप से बुलाया नाराज व्यापारी बोले- कई सदस्यों को नहीं बुलाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

रविवार को रायसेन जिला सराफा संघ का होली मिलन समारोह औबेदुल्लागंज में आयोजित किया गया था। इस समारोह में औबेदुल्लागंज के सराफा संघ के साथ व्यापार महासंघ, किराना व्यापार संघ सहित अन्य लोग शामिल नहीं हुए। इनका कहना है कि हमें न तो आमंत्रण-पत्र दिया और न ही सूचना दी। हम लोग कैसे कार्यक्रम में जाते। वहीं, रायसेन जिले के सराफा संघ के अध्यक्ष राजेश सोनी ने का कहना है कि हमने कार्यक्रम का कोई आमंत्रण कार्ड छपवाया ही नहीं। हमने मंडीदीप, बरेली, बाड़ी, उदयपुरा, देवरी, सिलवानी, बेगमगंज, बमोरी सराफ संघ के अध्यक्ष एवं उनकी कार्यकारणी के सदस्यों को शामिल होने के लिए मौखिक रूप से जानकारी दी थी। वे लोग समारोह में किसी निजी विवाद के कारण नहीं आए। वहीं संजय अग्रवाल, सराफा संघ अध्यक्ष, औबेदुल्लागंज से जब हरिभूमि ने चर्चा की तो उन्होंने कहा हमें मौखिक रूप से बुलाया था पर अन्य सदस्यों को नहीं बुलाया। इसलिए नगर में आयोजित होली मिलन समारोह में किसी ने हिस्सा नहीं लिया।

**हमें मौखिक रूप से बुलाया था**

रायसेन सराफा संघ द्वारा रविवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया था, जिसमें हमें मौखिक रूप से बुलाया था, मगर अन्य किसी भी सदस्य को आमंत्रित नहीं किया गया था। औबेदुल्लागंज सराफा संघ ने बैठक कर होली मिलन समारोह में नहीं जाने का निर्णय लिया। इस लिए औबेदुल्लागंज सराफा संघ का कोई भी सदस्य कार्यक्रम में शामिल नहीं हुआ।

**संजय अग्रवाल,** सराफा संघ अध्यक्ष, औबेदुल्लागंज

**हमने सभी को आमंत्रित किया**

हमने सभी सदस्यों को कार्यक्रम में आने के लिए आमंत्रित किया, इसके बावजूद कुछ लोग नहीं पहुंचे। होली मिलन समारोह का किसी भी संघ ने बहिष्कार नहीं किया। जो कार्यक्रम में नहीं आया वे अपने व्यक्तिगत मामलों के कारण समारोह में नहीं आए थे। इस कार्यक्रम में मंडीदीप, बरेली, बाड़ी, उदयपुरा, देवरी, सिलवानी, बेगमगंज, बमोरी सराफ संघ के अध्यक्ष एवं उनकी कार्यकारणी के सदस्य भी शामिल थे।

**राजेश सोनी,** सराफ संघ के अध्यक्ष, रायसेन

**मौखिक रूप से आमंत्रित किया था**

हमें राजेश सोनी रायसेन सराफा संघ के अध्यक्ष ने मौखिक रूप से आमंत्रित किया था, हमारी किसी से कोई दुश्मनी नहीं है, इनका विवाद सराफा संघ के लोगों से हो सकता है। हमें इनसे कोई दिक्कत नहीं है, लेकिन हम होली मिलन समारोह में किसी कारणवश नहीं पहुंच सके।

**जगदीश चंदानी,** व्यापार महासंघ अध्यक्ष, औबेदुल्लागंज

**सदस्य को आमंत्रित नहीं किया गया था**

हमें समरोह में आने के लिए आमंत्रित नहीं किया गया था। इसलिए हम सराफा संघ के होली मिलन समारोह में नहीं गए। साथ ही औबेदुल्लागंज सराफा एसोसिएशन संघ के अन्य सदस्य को आमंत्रित नहीं किया गया था, इसलिए औबेदुल्लागंज सराफा संघ के सदस्यों ने होली मिलन समारोह का बहिष्कार किया है। हमें भी नहीं बुलाया है।

**विक्रम दाड़ी** किराना व्यापार संघ अध्यक्ष, औबेदुल्लागंज

---

मोबाइल में नई सिम डालते ही पुलिस ने आरोपी को किया ट्रेस

# बैंड मास्टर चौराहा पर सरेराह हत्या करने वाला पांचवा आरोपी गिरफ्तार, प्रेम प्रसंग में की थी आदिल की हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

तलैया थाना क्षेत्र स्थित बकरा मार्केट में आदिल की सरेराह चाकू गोदकर हत्या करने वाले फरार पांचवें आरोपी रौनक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने दो दिन पहले ही मोबाइल में नई सिम डाली थी। सिम डालकर मोबाइल स्टार्ट करते ही पुलिस ने उसकी लोकेशन ट्रैस कर ली। आरोपी को आगरा से गिरफ्तार किया गया है। वह अपने रिश्तेदार के घर छिपा था। आरोपी को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया है।



आदिल, मृतक

उल्लेखनीय है कि 16 मार्च की सुबह करीब 8 बजे किन्नर अलवीरा उर्फ महक और रौनक उर्फ अमन, बैंक मास्टर चौराहा के पास बकरा मार्केट से एक ऑटो में सवार हो रहे थे। इसी बीच बरखेड़ी जहांगीराबाद निवासी आदिल ने चाकू से अलवीरा पर हमला कर दिया। अलवीरा ने गली में भागकर अपनी जान बचाई। इस बीच रौनक समेत रहमान, नवाब और ड्रायवर ने आदिल से चाकू छीनकर उसकी निर्मम हत्या कर दी थी। पुलिस ने इस मामले में अलवीरा, नवाब, रहमान व ड्राइवर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था, जबकि आरोपी रौनक घटना के बाद से ही फरार था।

**प्रेम-प्रसंग में गई आदिल की जान**

थाना प्रभारी चतुर्भुज राठौर ने बताया कि आरोपी अलवीरा किन्नर से पहले आदिल की दोस्ती थी, लेकिन बाद में अलवीरा ने आदिल का साथ छोड़कर रौनक से दोस्ती कर ली। यह बात आदिल को नागवार गुजरी और हत्या करने के इरादे से उसने अलवीरा पर चाकू से हमला कर दिया। दूसरी ओर लोगों का कहना है कि बुधवारा में रहने वाले किन्नर समाज के लोग दो गुट में बंट गए हैं और दोनों ही गुट डेरे पर अपना कब्जा जमाना चाहते हैं। इसी को लेकर कई बार विवाद की स्थिति निर्मित हो चुकी है।

**रौनक के पिता ने अलवीरा को बनाया है बहन**

थाना प्रभारी राठौर का कहना है कि माता मंदिर इलाके में रहने वाले रौनक के पिता ने किन्नर अलवीरा को अपनी बहन बनाया है। इसी के चलते अलवीरा का रौनक के घर आना-जाना है। अलवीरा उर्फ महक कानपुर के एक बार में डांसर रह चुकी है। बाद में वह भोपाल आ गई और किन्नरों के समूह में शामिल हो गई।


### चेतीचांद पर सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए नियुक्त किए पदाधिकारी

**वाधवानी कार्यक्रम संयोजक, चोटरानी स्वागत अध्यक्ष बने**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर



प्रमुख सामाजिक संस्था सिंधु नवजागरण समिति द्वारा चेतीचांद पर्व पर आयोजित सिंधी सांस्कृतिक संध्या व सिंधी मेले की व्यवस्था व स्वागत कार्यक्रम के लिए पदाधिकारी घोषित किए हैं। समिति अध्यक्ष राम पारदासानी, महासचिव नरेश चोटरानी व संरक्षक माधु चांदवानी ने बताया कि 1 अप्रैल मंगलवार को रात्रि 8 बजे सिंधी सांस्कृतिक संध्या व सिंधी मेले का साधु वासवानी स्कूल ग्राउंड पर आयोजन किया गया है। इसके लिए कार्यक्रम संयोजक भाजपा नेता रमेश वाधवानी व वरिष्ठ समाजसेवी सुरेश चोटरानी को स्वागतध्यक्ष बनाया गया है।



समिति द्वारा विगत 36 वर्षों से चेतीचांद का पर्व बड़े धूमधाम से मनाया जाता है। इस वर्ष भी बडे धूमधाम से मनाया जाएगा। समिति ने चेतीचांद के उपलक्ष्य में सिंधु समाज स्कूल से निकलने वाली भगवान झूलेलाल की शोभायात्रा में समस्त नगरवासीयों से शामिल होने की अपील की हैं। इसके अलावा व्यापारिकबंधुओं, सामाजिक संगठनों व राजनेताओं से शोभायात्रा का जगह जगह स्वागत करने व अपने प्रतिष्ठान बंद रखने की अपील की है।




# ये अदब की महफिलें ये रतजगे, तुमसे मिलने का बहाना हो गया...

## दुष्यंत संग्रहालय में व्याख्यान एवं मुशायरा शायरात 'चिलमन' का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

जुल्म और सब्र साथ करते हो, दिन में किस तरह रात करते हो, औरतों के हुकूक याद नहीं, और तुम हक की बात हो.... निकहत अमरोहवी (अमरोहा), ये अदब की महफिलें ये रतजगे, तुमसे मिलने का बहाना हो गया, छेड़ नमिता फिर कोई ताजा गजल, आज मौसम शायराना हो गया.... नम्रता श्रीवास्तव (भोपाल) की गजल पर पूरा हॉल वाह वाह कह उठा। मुशायरा शायरात से सजी इस महफिल का नजारा देखने को मिला सोमवार को दुष्यंत संग्रहालय में मप्र उर्दू अकादमी द्वारा आयोजित 'चिलमन' में।

### महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देना है उद्देश्य

देवी अहिल्याबाई होलकर त्रिशताब्दी समारोह के अवसर पर आयोजित इस समारोह में उर्दू अकादमी की निदेशक डॉ. नुसरत मेहदी ने कहा कि चिलमन कार्यक्रम का उद्देश्य महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देना है। यह मंच महिलाओं को अपनी आवाज उठाने, समाज में पहचान बनाने, अधिकारों और उपलब्धियों पर चर्चा करने तथा रूढ़ियों को तोड़ने का अवसर देता है।इस अवसर पर समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए डॉ. मनेन्द्र कटियार का सम्मान किया गया।




### मुशायरे में इन शायरात ने कलाम पेश किए

*आए हैं जमाने में इज्जत की लगन ले कर*
*खामोश न बैठेंगे जख्मों के बदन ले कर*
*हालात का गम किसको मंजिल की तमन्ना है*
*बैठेंगे न हम अंजुम रस्ते में थकन लेकर।*
**अर्चना अंजुम (इन्दौर)**

*जितने तूफान उठाओगे मैं सह सकती हूं*
*तेज आंधी में लचकने की अदा है मुझमें*
**अलीना इतरत (नोएडा)**

*कर तो लूं एतराफे मोहब्बत तुम फसाना बना तो ना दोगे,*
*मैं तुम्हें खत तो लिख दूँ मगर तुम दोस्तों को दिखा तो ना दोगे !*
**मुमताज नसीम (दिल्ली)**

*मिरे सर पर रहे, आंचल तिरी बिंदी सलामत हो*
*इधर उर्दू फले फूले, उधर हिन्दी सलामत हो*
**डॉ. अम्बर आबिद (भोपाल)**

*आज फिर उनके आने की आई खबर*
*आज फिर दिन निकल आएगा रात में*
**राना जेबा (ग्वालियर)**

### 27 मार्च से शुरू होगा विश्व रंगमंच समारोह

## दुष्यंत संग्रहालय में होगा कबीला सोसायटी फॉर परफॉर्मिंग आर्ट्स का आयोजन

विश्व रंगमंच दिवस के अवसर पर दुष्यंत कुमार स्मारक पांडुलिपि संग्रहालय में तीन दिवसीय नाट्य समारोह का आयोजन किया जा रहा है। 27 मार्च से शुरू होने वाले इस समारोह में प्रतिदिन एक नाट्य प्रस्तुति होगी। समारोह का आयोजन कबीला सोसायटी फॉर परफॉर्मिंग आर्ट्स की ओर से किया जा रहा है। समारोह के निदेशक अनिमेष श्रीवास्तव और निर्देशक उज्ज्वल सिंह ने बताया कि यह पहला अवसर है जब कॉलेजों में बनें ड्रामा क्लब के छात्रों को किसी नाट्य समारोह में प्रस्तुति देने का अवसर मिल रहा है। समारोह का उद्देश्य कला से ऐसे लोगों को जोड़ना है जो कलाधर्मी नहीं हैं। समारोह के शुभारंभ अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी और शिक्षाविद् अनुपम चौकसे को समर सम्मान से विभूषित किया जायेगा।

### समारोह में कब कौन सी प्रस्तुति होगी

| | |
|---|---|
| दिनांक | 27 मार्च |
| नाटक | जादू मंतर |
| लेखक | अभिषेक गर्ग |
| निर्देशक | अभिषेक गर्ग |
| **28 मार्च** | |
| नाटक | कथा कोलाज |
| लेखक | एलएनसीटी एनसेंबल आर्ट एंड ड्रामा क्लब |
| निर्देशक | उज्ज्वल सिन्हा |
| **29 मार्च** | |
| नाटक | भोर का गीत |
| लेखक | दीपक नेमा |
| निर्देशक | दीपक नेमा |

### शहीद भवन में नाटक 'लचित बोरफुकन' का मंचन

# कई लाइब्रेरियों में इतिहास के पन्ने खोले तब जाकर मिली 'लचित बोरफुकन' की कहानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भारत के इतिहास में कई ऐसे वीर योद्धा हुए कहीं न कहीं इतिहास के गर्त में समा गए, उनके बारे कभी इतिहास में पढ़ाया ही नहीं गया, ऐसे ही एक महान योद्धा लचित बोरफुकन की कहानी भी युवाओं के भीतर ओज भरती है।

पूर्वोत्तर भारत के शिवाजी कहलाने वाले लचित को अहोम सेना की कमान और सरायघाट (1671) की नौसैनिक लड़ाई में जीत के लिए जाना जाता है, जिन्होंने अपने पराक्रम से मुग्ल सेनाओं के आक्रमण को विफल किया और डिफेंस अकादमी द्वारा उनके नाम पर वीरता पुरस्कार दिया जाता है। ऐसे ही वीर योद्धा की गाथा कहते नाटक 'लचित बोरफुकन' का मंचन सोमवार को शहीद भवन सभागार में किया गया। संस्कार कला निकेतन कल्चर एंड सोशल वेलफेयर समिति की ओर से प्रस्तुत इस नाटक में लेखन और निर्देशन विष्णु गर्ग का रहा। निर्देशन ने कहा कि इस नाटक को बनाने के लिए मैंने कई लाइब्रेरियों में इतिहास के पन्ने खोले, कई किताबें पढ़ीं तब जाकर इस कहानी को नाट्य रुप दे पाया।





### सराईघाट के युद्ध में मुगलों को दी शिकस्त

इसमें दिखाया कि आज से लगभग 400 साल पहले जब मुगलों का साम्राज्य था और औरंगजेब हिंदुस्तान के सत्ता पर बैठे हुए थे, तो उस समय जब औरंगजेब अपनी हिंदुस्तान में मुगलों का साम्राज्य का विस्तार कर रहा था तो उसने एवं साम्राज्य पर आक्रमण किया। अहोम साम्राज्य के राजा चक्रधर सिंह के सेनापति लचित बोरफुकान ने कई संघर्षों के बाद सराईघाट के युद्ध में मुगलों को शिकस्त दी। उनको अहोम भूमि पर टिकने नहीं दिया। मुगल अहोम भूमि से परास्त होकर वापिस लौट गए और महान वीर योद्धा लचित बोरफुकान ने अपनी मातृभूमि को स्वतंत्र कराया।








# 'वन्स अपॉन ए रनवे-द मास्करेड वॉक' में काल्पनिक पात्रों को किया जीवंत

## बीएसएस में ड्रामा फैंटेसी लाइट कैमरा एक्शन 2025 का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

बीएसएस में वार्षिक अंतर-कॉलेजिएट अंग्रेजी ड्रामा प्रतियोगिता 'लाइट्स, कैमरा, एक्शन (एलसीए) 2025' का आयोजन किया गया। फैंटेसी थीम पर आधारित इस प्रतियोगिता को इग्निस, बीएसएसएस इंग्लिश क्लब द्वारा आयोजित किया गया। जिसमें आरएनटीयू, निफ्ट, आईईएचई, एनआईडी, ओरिएंटल, एक्सीलेंस सहित कई प्रतिष्ठित संस्थानों ने भागीदारी की। कार्यक्रम में रैंप वॉक सेगमेंट, 'वन्स अपॉन ए रनवे-द मास्करेड वॉक' में प्रतिभागियों ने काल्पनिक पात्रों को जीवंत किया। इसमें निफ्ट के प्रतीक जायसवाल ने पहला स्थान प्राप्त और बीएसएस के नसीब तिर्की ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में इग्निस वॉल्यूम 5 का भी विमोचन हुआ।



# मध्य भारत के सबसे बड़े इनोवेशन कार्निवाल नवोन्मेष 2025 का आज होगा शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

अटल इंक्यूबेशन सेंटर-रबीन्द्रनाथ टैगोर यूनिवर्सिटी (एआईसी-आरएनटीयू) द्वारा स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी एवं रबीन्द्रनाथ टैगोर यूनिवर्सिटी के सहयोग से मध्य भारत के सबसे बड़े इनोवेशन कार्निवल नवोन्मेष 2025 का दो दिवसीय आयोजन आज से किया जा रहा है। इसका उद्देश्य उद्यमिता, रचनात्मकता और प्रौद्योगिकी-संचालित समाधानों को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम में देश के उद्योग जगत के कई प्रतिष्ठित नाम भी शामिल होंगे, जिसमें शार्क टैंक इंडिया के जज और बोट कंपनी के को-फाउंडर अमन गुप्ता और स्विगी के सीईओ रोहित कपूर।

> बोट कंपनी के को-फाउंडर अमन गुप्ता और स्विगी के सीईओ रोहित कपूर करेंगे युवाओं से संवाद





### 6 से 12 के छात्रों के लिए होंगी प्रतियोगिताएं

इस कार्यक्रम में कई प्रतियोगिताएं शामिल हैं, जिनमें कक्षा 6 से 12 के स्कूली छात्रों के लिए यंग इंवेंटर्स फेयर, यूजी-पीजी छात्रों के लिए इनोमेकर- प्रोडक्ट शोकेस, प्लान एक्स- बिजनेस प्लान बैटल, बाइनरी बैटल- सॉफ्टवेयर हैकाथान शामिल होंगी।

### महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज के वार्षिक उत्सव वाणी-2025 का आगाज



# अरेबिक, मारवाड़ी और दुल्हन मेहंदी से सजे हाथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

शासकीय महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज के पांच दिवसीय वार्षिक उत्सव वाणी-2025 का एस वी पॉलिटेक्निक में आगाज हुआ, जिसमें प्रथम दिन खेलकूद प्रतियोगिता के साथ साथ मेहंदी प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। जिसकी थीम 'दुल्हन मेंहदी' रखी गई। इसमें कुल 21 छात्राओं ने भाग लिया। इसमें किसी छात्रा ने अरेबिक अंदाज में तो किसी ने मारवाड़ी और दुलहन मेहंदी के रुप में हाथों पर मेहंदी की विभिन्न डिजाइंस उकेरी। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान संगीता विश्वकर्मा और द्वितीय स्थान काजल मेवाड़ को मिला।

# विजयदत्त श्रीधर को मिला हिन्दी जगत का सर्वोच्च सम्मान 'साहित्य वाचसपति'

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

हिन्दी साहित्य सम्मेलन,प्रयाग ने माधवराव सप्रे समाचार पत्र संग्रहालय एवं शोध संस्थान, भोपाल के संस्थापक-संयोजक एवं 'पद्मश्री' सम्मान विभूषित विजयदत्त श्रीधर को हिन्दी जगत के सर्वोच्च सम्मान 'साहित्य वाचस्पति' से सम्मानित किया है। श्रीयुत श्रीधर को यह सम्मान यहां वल्लभ विद्यानगर स्थित सरदार पटेल विश्वविद्यालय सभागार में हिन्दी साहित्य सम्मेलन के 76वें अधिवेशन के खुला अधिवेशन में दिया गया। श्रीधर के साथ यह सम्मान संस्कृत विद्वान पूर्व कुलपति 'अभिराज' राजेन्द्र मिश्र और सरदार पटेल विश्वविद्यालय के कुलपतिनिरंजन कुमार पूरनचंद पटेल को भी प्रदान किया गया।






### पत्रकारिता और साहित्य में श्रीधर के योगदान का हुआ जिक्र

उक्त सम्मान हिन्दी साहित्य सम्मेलन के सभापति आचार्य सूर्यप्रसाद दीक्षित और सम्मेलन के प्रधानमंत्री कुंतक मिश्र ने प्रदान किया। सम्मान के पूर्व श्रीधर की प्रशस्ति पढ़ी गयी। उसमें पत्रकारिता और साहित्य में उनके योगदान का जिक्र हुआ।श्रीयुत श्रीधर ने अपने सम्मान के बाद उपस्थित विद्वानों, अधिवेशन के प्रतिनिधियों और अन्य लोगों को सम्बोधित किया। उन्होंने कहा कि सम्मेलन के जिस मंच पर खड़ा होना सौभाग्य का विषय हुआ करता है,वहां सम्मानित होना गौरव की बात है। उन्होंने समय रहते महत्वपूर्ण संगठनों में समय रहते युवा नेतृत्व को सामने लाना आवश्यक बताया।

## संस्कार भारती में आज से सोलो सागा 3.0 का आगाज

**भोपाल।** आर्ट लोक स्टूडियोज ऑफ रियलिस्टिक विजुअलाइजेशन के द्वारा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी दो दिवसीय सोलो थियेटर फेस्टिवल 'सोलो सागा 3.0' का आयोजन 25 एवं 26 मार्च को संस्कार भारती में किया जा रहा है। रोजाना शाम 6.30 बजे आयोजित इस समारोह में प्रथम दिन सुरभि होमबल द्वारा एकल भरतनाट्यम नृत्य एवं गार्गी श्रीवास्तव द्वारा कथक नृत्य की प्रस्तुति दी जाएगी। वहीं दूसर दिन 26 मार्च को एकल नाट्य प्रस्तुति 'जाल' मंचित होगी। जिसे कमलेश दुबे और ओरती विश्वकर्मा द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा।



### रंगश्री लिटिल बैले ट्रूप में नाटक 'आधी रात के बाद' का मंचन

# न्याय व्यवस्था, शोषण, भू-माफिया, ड्रग माफिया पर सवाल खड़े करता नाटक

**भोपाल।** आज के समय में सभी अपने स्वार्थ के वशीभूत हैं, वर्तमान समय में कैसे भू-माफिया गरीबों की राशि लूट लेते हैं, किस तरह से इन्सानी जिन्दगियों की परवाह किये बगैर दवा कम्पनियां दवाईयों में मिलावट करती हैं। कैसे शारिरिक सुख तलाशते लोग रिश्तों की परवाह किये बगैर सिर्फ अपने बारे में सोचते हैं। समाज में व्याप्त विभिन्न प्रकारों के भ्रष्टाचारों की इन्हीं परतों को खोलता नाटक 'आधी रात के बाद' का मंचन सोमवार को रंगश्री लिटिल बैले ट्रूप में किया गया। बयार सांस्कृतिक महोत्सव के शुभारंभ अवसर पर आयोजित इस नाटक में लेखन डॉ. शंकर शेष का और निर्देशन नजीर कुरैशी ने किया।



### नाटक की कहानी

नाटक में एक चोर जज के घर चोरी करने घुसता है। जज से संवादों में बताता है कि उसे इतनी कीमत की वस्तु चुरानी है जिससे उसे सजा हो सके। जज ईमानदार है लेकिन चोर का न्याय पालिका पर विश्वास नहीं रहता। जज और चोर के संवाद के क्रम में सामाजिक विषयों को उजागर करते इस नाटक में दिखाया कि चोर का कानून पर कोई विश्वास नहीं है। जज के रूप में मो. आसिफ आजमी जमते हैं तो वहीं चोर की भूमिका संतोष पणिक्कर ने निभाई। ब्रजेश अनय की सुंदर प्रकाश परिकल्पना दृश्यों को निखारती नजर आई।

# उपमुख्यमंत्री शिंदे पर कमेंट के मामले में बोले कुणाल माफी नहीं मांगूंगा, एफआईआर दर्ज

एजेंसी ▶▶ मुंबई

स्टैंडअप कॉमेडियन कुणाल कामरा पर सोमवार को एफआईआर दर्ज होने के बाद पुलिस ने फोन पर पूछताछ की। कामरा ने कहा, मुझे अपने गीत पर कोई पछतावा नहीं है। मैं माफी नहीं मांगूंगा। अगर कोर्ट ने कहा तो ऐसा कर सकता हूं। इससे पहले बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) की टीम ने यूनीकॉन्टिनेंटल होटल में कार्रवाई की। होटल ने बयान जारी कर कहा कि फिलहाल इस क्लब को बंद कर रहे हैं। आर्टिस्ट्स को परफॉर्मेंस की जगह दी है। वे अपने बयानों के लिए खुद जिम्मेदार हैं, लेकिन हर बार हम निशाना बन जाते हैं।

› तोड़फोड़ के मामले में 11 शिवसैनिक गिरफ्तार बाद में छोड़ा, 40 पर एफआईआर दर्ज

› कुणाल कामरा ने शो का वीडियो रविवार को ही अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर शेयर किया था



### ठाणे की रिक्शा चेहरे पर दाढ़ी आंखों पर चश्मा हाय

दरअसल, हुआ ये कि रविवार को कामरा का एक वीडियो सामने आया था, जिसमें वे एक कविता पढ़ रहे हैं। इसकी पहली लाइन 'ठाणे की रिक्शा चेहरे पर दाढ़ी, आंखों पर चश्मा हाय... है।' कुणाल ने इसे फिल्म 'दिल तो पागल है' के गाने की धुन पर गाया। शिवसेना (शिंदे) के कार्यकर्ताओं ने इस कविता को महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे पर आपत्तिजनक कमेंट माना और रविवार रात को यूनीकॉन्टिनेंटल होटल में तोड़फोड़ की। दूसरे दिन सोमवार सुबह पुलिस ने तोड़फोड़ के आरोप में शिवसेना नेता राहुल कनाल सहित 11 शिवसैनिकों को गिरफ्तार कर लिया। इस केस में 40 शिवसैनिकों पर एफआईआर हुई थी।

### फडणवीस बोले- माफी मांगें

विवाद पर महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस का बयान सामने आया है।



उन्होंने कहा कि स्टैंड-अप कॉमेडी करने की आजादी है, लेकिन कोई भी जो चाहे वह नहीं बोल सकता। मुख्यमंत्री ने कहा कि कुणाल कामरा को माफी मांगनी चाहिए, इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कॉमेडी करने का अधिकार है, लेकिन अगर यह हमारे उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को बदनाम करने के लिए किया जा रहा है, तो यह सही नहीं है।

**इसलिए भड़के शिवसैनिक**

महाराष्ट्र में अभी महायुति की सरकार है। महायुति में भाजपा, शिवसेना (एकनाथ शिंदे) और एनसीपी (अजित पवार) शामिल हैं। शिवसेना का आरोप है कि कामरा की कविता की शुरुआत में ही उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के लुक को बताया गया है।

### राउत ने किया कुणाल का समर्थन

जहां शिंदे गुट कुणाल के खिलाफ गुस्से में है वहीं शिवसेना के नेता



संजय राउत ने कुणाल का समर्थन किया। राउत ने एक्स पर कुणाल का वीडियो शेयर करते हुए लिखा, कुणाल का कमाल! जय महाराष्ट्र। उन्होंने कहा, मैं कुणाल कामरा को लंबे समय से जानता हूं। वह हम पर भी ऐसी टिप्पणियां करते थे।



**संविधान की किताब पोस्ट की**

कुणाल ने एक तस्वीर पोस्ट की, उसमें वे हाथ में संविधान की एक प्रति लिए हुए हैं। इस पोस्ट में उन्होंने लिखा है, यही एक मात्र रास्ता है।

**हिंदुस्तान में घूमने नहीं देंगे: शिवसेना**

शिवसेना सांसद नरेश म्हास्के ने भी कुणाल को धमकी दी। म्हास्के ने कहा कि आपको महाराष्ट्र ही नहीं, पूरे हिंदुस्तान में घूमने नहीं देंगे। आपके पीछे पड़ गए, तो आपको देश छोड़ना पड़ेगा।

## खबर संक्षेप

### जशोदाबेन ने बांकेबिहारी से मांगा आशीर्वाद

**मथुरा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पत्नी जशोदाबेन शनिवार की देर शाम ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर पहुंचीं। ठाकुर बांकेबिहारीजी के



दर्शन कर पूजा-अर्चना की और आशीर्वाद लिया। दर्शन के बाद उन्होंने बाजार में ठाकुरजी की पोशाक की भी खरीदारी की। पुलिस ने मंदिर के वीआईपी कटघरे में उन्हें पहुंचाया। परिवार के पांच सदस्यों के साथ मंदिर पहुंचीं जशोदाबेन को मंदिर सेवायतों ने वैदिक मंत्रोच्चारण के मध्य पूजा-अर्चना करवाई और ठाकुरजी का प्रसादी अंगवस्त्र और प्रसाद भेंट किया। पूजन कर देश के सुख समृद्धि की कामना की।

### मुर्मू ने श्री नीलमाधव मंदिर में पूजा की

**भुवनेश्वर।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने ओडिशा के नयागढ़ जिले में श्री नीलमाधव मंदिर में सोमवार को पूजा-अर्चना की। राष्ट्रपति के साथ



ओडिशा के राज्यपाल हरि बाबू कंभमपति और मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी भी मौजूद थे। श्री नीलमाधव मंदिर महानदी के तट पर कांतिलो में स्थित है।मंदिर के पुजारी ने कहा, राष्ट्रपति ने आरती की। वह प्रसिद्ध भगवान विष्णु मंदिर में पूजा-अर्चना कर के प्रसन्न थीं। उन्होंने कहा कि स्वतंत्र भारत में पहली बार किसी राष्ट्रपति ने इस मंदिर में पूजा-अर्चना की है।

### छह वर्षों में 800 करोड़ रुपए से अधिक खर्च हुआ

**जम्मू।** जम्मू कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने सोमवार को विधानसभा को बताया कि पिछले छह वर्षों में जम्मू स्मार्ट सिटी



परियोजना पर 800 करोड़ रुपए से अधिक खर्च किए गए हैं। अब्दुल्ला (जो आवास एवं शहरी विकास विभाग के प्रभारी मंत्री भी हैं) ने कहा कि जम्मू स्मार्ट सिटी मिशन के तहत पूरे हो चुके कार्यों के संबंध में कोई बड़ी शिकायत नहीं मिली है। मुख्यमंत्री ने भाजपा के विक्रम रंधावा के अतारांकित प्रश्न के लिखित उत्तर में कहा, आज की तारीख तक जम्मू स्मार्ट सिटी ने 815.37 करोड़ रुपये खर्च किए हैं।

## नड्डा बोले-संविधान की धज्जियां उड़ाने का काम कांग्रेस ने किया

# मुस्लिम आरक्षण से शुरू लड़ाई संविधान पर आई, कांग्रेस घिरी, कर्नाटक तक घमासान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

संसद के चालू बजट सत्र में संविधान को लेकर भाजपा ने कांग्रेस को जमकर घेरा है। इस मुद्दे के जरिए भाजपा अब उस पिच पर बैटिंग कर रही है, जिस पर कांग्रेस लोकसभा चुनाव के दौरान से भाजपा को घेर रही थी। लेकिन कांग्रेस नेता राहुल गांधी का ये संविधान वाला सियासी हथियार अब भाजपा अपने पाले में लाती दिख रही है। दरअसल, ये सबकुछ शुरू हुआ कर्नाटक के डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार के एक बयान से। दरअसल, डीके शिवकुमार ने हाल ही में कर्नाटक में मुस्लिमों को आरक्षण देने के एक सवाल का जवाब देते हुए कहा कि अगर जरूरत हुई तो संविधान में बदलाव भी किया जाएगा। इसको लेकर भाजपा हमलावर है। भाजपा ने ये मुद्दा संसद में उठाया। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि कांग्रेस पार्टी मुस्लिम आरक्षण के लिए बाबा साहब के बनाए संविधान को क्यों बदलना चाहती है, कांग्रेस के अध्यक्ष जो इस सदन में विपक्ष के नेता भी हैं, उनको जवाब देना चाहिए। राज्यसभा में नेता सदन जेपी नड्डा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी जो संविधान की रक्षक बनती है। बाबा साहब ने स्पष्ट कहा है कि धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं दिया जा सकता। लेकिन कांग्रेस की सरकार ने साउथ में मुस्लिम धर्म के लिए कॉन्ट्रैक्ट में चार फीसदी आरक्षण का प्रावधान किया है।

> डीके शिवकुमार ने हाल ही में कर्नाटक में मुस्लिमों को आरक्षण देने के एक सवाल का जवाब देते हुए कहा कि अगर जरूरत हुई तो संविधान में बदलाव भी किया जाएगा।

जिस मुद्दे पर कांग्रेस घेरती थी अब खुद उसी मुद्दे पर घिरती दिखी

### रिजिजू ने लोकसभा में भी उठाया मुद्दा, कांग्रेस को सुनाई खरी खरी





**धर्म के नाम पर आरक्षण नहीं हो सकता**

जेपी नड्डा ने इसे ऑथेंटिकेट किया और कहा कि कर्नाटक के डिप्टी सीएम ने वहां के सदन में कहा है कि जरूरत पड़ी तो हम संविधान को बदलेंगे और ये लोग संविधान के बड़े रक्षक बनते हैं। वहां संविधान की धज्जियां उड़ाने का काम किया गया है। विपक्ष के नेता को इसका जवाब देना चाहिए। लोकसभा में भी किरेन रिजिजू ने कर्नाटक के मुस्लिम आरक्षण का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि भारत के संविधान में धर्म के नाम पर कोई रिजर्वेशन नहीं हो सकता है। कांग्रेस पार्टी का वरिष्ठ नेता संवैधानिक पद पर बैठकर जब यह कहता है कि मुस्लिम आरक्षण देने के लिए संविधान बदला जाएगा, ये बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### सदन के नेता के खिलाफ विपक्ष विशेषाधिकार हनन प्रस्ताव

राज्यसभा के इतिहास में शायद ऐसा पहली बार हुआ होगा कि सदन के नेता के खिलाफ विपक्ष विशेषाधिकार हनन प्रस्ताव लेकर आये। कांग्रेस के मुख्य सचेतक जयराम रमेश ने राज्यसभा में सदन के नेता जेपी नड्डा और केंद्रीय मंत्री किरण रिजिजू के खिलाफ अलग अलग प्रस्ताव सभापति के समक्ष मूव किया है। जयराम का आरोप है कि झूठी और मनगढंत आरोप कांग्रेस पार्टी पर उनके उनके नेता पर दोनों नेताओं ने लगाया है। दोनों नेताओं ने क्या क्या बोला, उसकी ट्रांसक्रिप्ड कॉपी राज्यसभा सचिवालय से लेकर जयराम ने अपने निवेदन के साथ ही नत्थी कर दिया।राज्यसभा में सोमवार को विपक्ष कुछ समझ पाता उससे पहले ही सत्ता पक्ष की ओर से ताबडतोड इल्जाम लगने लगे। मोर्चा संभाला हुआ था संसदीय कार्यमंत्री किरण रिजिजू ने। उन्होंने कहा कांग्रेस पार्टी के संवैधानिक पद पर बैठे एक नेता ने मुस्लिमों को आरक्षण देने की बात कही है। उन्होंने कहा है कि केंद्र में उनकी सरकार आई तो वे संविधान बदलकर मुस्लिमों को आरक्षण देंगे। जब कि धर्म के आधार पर संविधान में आरक्षण का प्रावधान बाबा साहेब अंबेडकर ने नहीं की।

### कभी नहीं बदला जाएगा संविधान: खरगे

राज्यसभा की कार्यवाही शुरू होते ही विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने स्पष्ट रूप से कहा कि संविधान को



कभी बदला नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा से संविधान की रक्षा करती आई है और आगे भी करती रहेगी। खरगे ने डीके शिवकुमार के मुस्लिम आरक्षण पर दिए बयान को लेकर सफाई देते हुए कहा कि उन्होंने ऐसा कोई बयान नहीं दिया है। उन्होंने सत्ताधारी भाजपा पर तथ्यों को तोड़-मरोड़कर जनता को गुमराह करने का आरोप लगाया।

## पक्ष-विपक्ष के बीच चला आरोप, प्रत्यारोप का सिलसिला

# कांग्रेस के शशि थरूर ने बताया विधेयक को सरकारी लीपापोती

› भाजपा से निशिकांत दुबे बोले दुनिया में मचे वित्तीय हाहाकार के बीच तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनकर उभरा भारत

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा में सोमवार को दो बार के स्थगन के बाद दोपहर 2 बजे सदन की कार्यवाही की शुरुआत हुई। पीठासीन सभापति संध्या राय ने जरूरी कागजात सदन के पटल पर रखवाने के बाद वित्त विधेयक-2025 पर चर्चा की शुरुआत करवाई। कांग्रेस के तिरुवनंतपुरम से वरिष्ठ सांसद शशि थरूर को सबसे पहले बोलने का मौका दिया गया। उन्होंने सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि यह विधेयक एक सरकारी लीपापोती से ज्यादा और कुछ नहीं है। इसमें वित्त मंत्री मानो जोड़-तोड़ के उत्कृष्ट उपायों का एक बेहतरीन उदाहरण प्रस्तुत कर रही हैं। एक ऐसे समय में जब देश को स्पष्टता, दृढ़ विश्वास और निर्णायक नेतृत्व की नितांत आवश्यकता है। सरकार का आर्थिक प्रबंधन संरचनात्मक चुनौतियों से जूझ रहा है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि वर्तमान में अर्थव्यवस्था को गति प्रदान करने वाले सरकार की तमाम बड़ी परियोजनाएं रुकी पड़ी हुई हैं, केंद्र देश में आर्थिक विश्वास बहाल करने में असमर्थ साबित हुआ है।

### वित्त मंत्री की गैरमौजूदगी पर उठाए सवाल

सदन में विधेयक पर चर्चा की शुरुआत के दौरान वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण कुछ देर के लिए उपस्थित नहीं थी। इसे लेकर कांग्रेस सांसद शशि थरूर के अलावा विपक्ष के कुछ अन्य दलों के जन प्रतिनिधियों ने भी विरोध जताया। जिसके जवाब में पीठासीन सभापति संध्या राय ने कहा कि वित्त जल्द ही सदन में आएंगी। अभी वह राज्यसभा में बैंकिंग के विषय पर चल रही कार्यवाही में भाग ले रही हैं। संसदीय कार्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि विधेयक को सदन में वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने पेश किया है और वह इस वक्त सदन में मौजूद हैं।

### › तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बना भारत

चर्चा में सत्ता पक्ष की तरफ से शामिल हुए भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने सरकार का बचाव करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी की यह आदत बन चुकी है कि वह हर मामले में सकारात्मक चीजें देखे बिना बस उसकी आलोचना शुरू कर देती है। इससे लगता है कि केवल सरकार का विरोध ही उनका एकमात्र एजेंडा बनकर रह गया है। मोदी सरकार का यह बजट गरीब, किसान और आम आदमी के लिए मुफीद साबित होगा और इससे केंद्र के 2047 के विकसित भारत के विजन की भी पूर्ति होगी। उन्होंने कहा कि ऐसे समय में जब पूरी दुनिया वित्त के मामले में कराह रही है। दुनिया के तमाम देशों की अर्थव्यवस्थाएं (अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस) हिली हुई हैं, करंट अकाउंट डेफिसिट का मुद्दा जोरों पर हैं। उस दौर में पूरी दुनिया भारत की तरफ देख रही है। भारत एक ऐसे सितारे के रूप में सामने आया है, जिसकी अर्थव्यवस्था विश्व भर की चुनौती को मात देते हुए तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनकर उभरी है।

## संसदीय स्थायी समिति ने की सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय को अनुशंसा

# तो प्रेस काउंसिल को मिल सकता है मीडिया कांउसिल के रूप में विस्तार

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

संसदीय स्थायी समिति ने प्रेस काउंसिल को व्यापक कर मीडिया काउंसिल बनाने की सिफारिश सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय से की है। मीडिया के विस्तार को देखते हुए उससे संबंधित मुद्दों, जैसे सोशल मीडिया के दुरुपयोग, डिजिटल प्लेटफॉर्म्स की जवाबदेही, और ऑनलाइन सामग्री के नियमन को लेकर हाल के वर्षों में कई संसदीय समितियों ने चर्चा की है। संसदीय समिति (जैसे सूचना प्रौद्योगिकी समिति या कोई संयुक्त संसदीय समिति) ने मीडिया काउंसिल की स्थापना की सिफारिश करते हुए इस बात पर बल दिया है कि डिजिटल युग में बढ़ते हुए फेक न्यूज़, गलत सूचना, और मीडिया की जवाबदेही जैसे मुद्दों के समाधान और जिम्मेदारी तय करने के लिए प्रेस काउंसिल जैसी नियामक संस्था का विस्तार मीडिया काउंसिल के रूप में किया जाना चाहिए। समिति ने अपनी सिफारिश में मंत्रालय को ये भी सुझाव दिया है कि सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के साथ सूचना एवं तकनीकि मंत्रालय और दूरसंचार मंत्रालय को मिलाकर एक बड़ी रेगुलेटरी बॉडी बनायी जा सकती है।

## राहुल गांधी ने छात्रों को संबोधित किया

# भाजपा, संघ पर निशाना कहा तो किसी को नौकरी नहीं मिलेगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली में छात्र संगठन एनएसयूआई ने नई शिक्षा नीति के विरोध में प्रदर्शन किया। इस दौरान लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने भी छात्र नेताओं को संबोधित किया। उन्होंने आरोप लगाया कि आरएसएस भारत के भविष्य और शिक्षा प्रणाली को खत्म करने का प्रयास कर रहा है। दिल्ली में नई शिक्षा नीति 2020 के खिलाफ एनएसयूआई के विरोध प्रदर्शन में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा कि एक संगठन भारत



के भविष्य और भारत की शिक्षा प्रणाली को खत्म करने का प्रयास कर रहा है। उस संगठन का नाम आरएसएस है। अगर हमारी शिक्षा प्रणाली उनके हाथों में चली गई, जो धीरे-धीरे हो रहा है, तो यह देश नष्ट हो जाएगा। इस देश में किसी को भी नौकरी नहीं मिलेगी।

## बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट स्थल पर हादसा



अहमदाबाद। बुलेट ट्रेन परियोजना स्थल पर निर्माण के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला 'सेगमेंटल लॉन्चिंग गैंट्री' दुर्घटनावश अपनी जगह से हट गया जिसकी वजह से समीपवर्ती रेलवे लाइन पर कई ट्रेनों की आवाजाही बाधित हुई। राष्ट्रीय हाई-स्पीड रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने बताया कि यह हादसा रविवार रात करीब 11 बजे वटवा में हुआ। हालांकि, इसमें कोई हताहत नहीं हुआ और न ही पहले से बने हुए ढांचे को कोई नुकसान पहुंचा। अधिकारी ने बताया कि घटना के कारण कम से कम 25 ट्रेनों को रद्द तथा 15 ट्रेनों को आंशिक रूप से रद्द किया।

## आरजीकर कॉलेज में दुष्कर्म का मामला

# कोर्ट ने सीबीआई से मांगी केस डायरी, पूछा- क्या सबूत मिटाने की संभावना भी जांच रहे

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

आरजीकर अस्पताल और मेडिकल कॉलेज में ट्रेनी डॉक्टर के साथ



दुष्कर्म और हत्या मामले में सोमवार को कलकत्ता हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। इस दौरान हाईकोर्ट ने सीबीआई को मामले की जांच से संबंधित केस डायरी अगली सुनवाई पर पेश करने का निर्देश दिया है। सुनवाई के दौरान अदालत ने सीबीआई ये यह भी पूछा कि क्या केंद्रीय एजेंसी अपनी जांच में सामूहिक दुष्कर्म या मामले में सबूतों को नष्ट किए जाने की संभावना के एंगल पर भी जांच कर रही है। वहीं, मृतका के परिजन और मामले में याचिकाकर्ता ने इस दौरान अदालत की निगरानी में जांच की मांग की। उन्होंने दावा किया कि ट्रायल कोर्ट में आरोप-पत्र दाखिल करते समय सीबीआई ने कहा था कि अपराध में बड़ी साजिश शामिल थी। ऐसे में उन्होंने मामले की आगे की जांच के लिए प्रार्थना की। जिस पर न्यायमूर्ति तीर्थंकर घोष ने निर्देश दिया।

### ये भी पूछा अपराधी एक है या और भी हैं

न्यायमूर्ति घोष ने उप महाधिवक्ता (डीएसजी) को यह साफ करने का निर्देश दिया कि क्या सीबीआई ने कभी भी भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 70 (सामूहिक बलात्कार) के तहत अपराध की जांच करने पर विचार किया था। चूंकि इस मामले में एक व्यक्ति को पहले ही दोषी ठहराया जा चुका है। ऐसे में न्यायमूर्ति घोष ने आगे पूछा कि क्या सीबीआई ने अपने आरोप-पत्र में इस बात पर विचार किया था कि अपराध एक अकेले अपराधी द्वारा किया गया था।

## कांग्रेस ने सरकार पर तीखा हमला बोला

# संसद में वक्फ विधेयक आया तो हो सकता है भारी विरोध

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस ने वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2024 को लेकर केंद्र की मोदी सरकार पर तीखा हमला बोला है। कांग्रेस महासचिव (संचार) जयराम रमेश ने अपने बयान में इस विधेयक को संविधान पर हमला करार दिया और इसे भाजपा की उस रणनीति का हिस्सा बताया, जिसका उद्देश्य देश के बहु-धार्मिक समाज में सामाजिक सद्भाव को नुकसान पहुंचाना और अल्पसंख्यक समुदायों को बदनाम करना है।

जाहिर है मुख्य विपक्षी दल के इस रुख का असर संसदीय कार्यवाही पर सोमवार को पड़नी तय है। सूत्रों ने बताया कि केंद्र सरकार के रणनीतिकार



वक्फ विधेयक को संसद से पारित कराने को लेकर अभी मुफीद समय मान रहे हैं। घटक दल बिहार के मुख्यमंत्री और जदयू नेता नीतीश कुमार कथित बीमारी की वजह से सियासी रूप से बहुत एक्टिव नहीं। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू को पहले ही केंद्र सरकार ने विधेयक पर उन्हें अपने पाले में कर लिया है। अब बस बिहार विधानसभा चुनाव में वक्फ विधेयक पारित होने पर राजनीतिक असर का आकलन भाजपा कर रही है। इसी सत्र में विधेयक को पारित कराने का प्रस्ताव है ये कांग्रेस के वरिष्ठ नेता भी मान रहे हैं। यही वजह है कि जंतर मंतर पर असदुद्दीन ओवैसी के नेतृत्व में पहले मुस्लिम संगठनों ने प्रदर्शन कर दबाव बनाया अब रविवार को कांग्रेस पार्टी के संचार विभाग के अध्यक्ष, राज्यसभा सांसद जयराम रमेश ने औपचारिक रूप से विधेयक को पांच कारणों से अनुचित ठहराया है। सीधा इशारा है, संसद में विधेयक लाया गया तो भारी विरोध होगा। जयराम रमेश ने यह भी आरोप लगाया कि भाजपा इस विधेयक के जरिए समाज को ध्रुवीकृत कर चुनावी लाभ लेने की कोशिश कर रही है। कांग्रेस पुरजोर विरोध करती रहेगी।

### 5 कारण जिससे वक्फ विधेयक का है विरोध

- यह वक्फ प्रबंधन के संस्थानों जैसे राष्ट्रीय परिषद, राज्य बोर्ड और ट्रिब्यूनल के अधिकारों को कम करता है, ताकि अल्पसंख्यक समुदाय को उनकी धार्मिक परंपराओं और संस्थाओं के प्रशासन से वंचित किया जा सके।
- वक्फ की परिभाषा में जानबूझकर अस्पष्टता पैदा की गई है, जिससे यह स्पष्ट नहीं है कि कौन अपनी भूमि को वक्फ के लिए दान कर सकता है।
- 'वक्फ बाई यूजर' की अवधारणा, जो न्यायपालिका द्वारा लंबे समय से मान्य थी, को समाप्त किया जा रहा है।
- वक्फ प्रशासन को कमजोर करने और अतिक्रमण को बढ़ावा देने के प्रावधान जोड़े गए हैं, साथ ही अतिक्रमण करने वालों को बचाने के लिए कानूनी सुरक्षा बढ़ाई जा रही है।
- कलेक्टर और राज्य सरकार के अधिकारियों को वक्फ संपत्तियों पर एकतरफा निर्णय लेने की व्यापक शक्तियां दी गई हैं, जिससे शिकायत या आरोप के आधार पर वक्फ की मान्यता रद्द की जा सकती है।

# एडीए के अधिकारी का बड़ा दावा

# भारत में बन रहे एडवांस्ड मीडियम कॉम्बैट एयरक्राफ्ट, अमेरिका व चीन की छठी पीढ़ी के लड़ाकू विमानों को 'मात' देने में हैं सक्षम

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत के एयरोनॉटिकल डेवलपमेंट एजेंसी (एडीए) के अधिकारी का दावा है कि छठी पीढ़ी के लड़ाकू विमानों को लेकर इतना ज्यादा प्रचार हो रहा है, जिसने भारत के 5.5 पीढ़ी के एडवांस्ड मीडियम कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एएमसीए) को ओवरशैडो कर दिया है। उन्होंने कहा कि अमेरिका और चीन अपने छठी पीढ़ी लड़ाकू विमानों का जितना प्रचार कर रहे हैं।

असलियत उससे काफी अलग है। जो खूबियां छठी पीढ़ी एयरक्राफ्ट को एडवांस बनाते हैं, वो एएमसीए में भी होने वाले हैं। एएमसीए भारत का 5.5 पीढ़ी का लड़ाकू विमान है, जो साल 2028 तक अपनी पहली उड़ान भरेगा। अधिकारी ने कहा कि एएमसीए में भी वो खूबियां होंगी, जो छठी पीढ़ी के लड़ाकू विमानों में बतलाई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि छठी पीढ़ी के लड़ाकू विमान में चुनिंदा खूबियां होंगी। दूसरे देशों के फाइटर जेट एएमसीए जितने सक्षम और एडवांस नहीं होंगे।

उन्होंने कहा कि एएमसीए भारत की महत्वकांक्षाओं की भावी योजना को दिखाता है, जबकि अमेरिका, चीन और यूरोपीय देश अपने छठी पीढ़ी एयरक्राफ्ट को लेकर जो बातें कर रहे हैं, वो जमीनी स्तर पर नजर नहीं आती हैं, इससे पता चलता है कि उनकी महत्वकांक्षाओं और वास्तविकता के बीच कितना फर्क है।

छठी पीढ़ी के विमान बेंचमार्क पर लड़खड़ाते दिख रहे

भारत का एएमसीए 27 टन के साथ उड़ान भरने में सक्षम

एएमसीएम में डेटा फ्यूजन और एआई जैसी क्षमताएं



## फंक्शनल वैरिएबल साइकिल इंजन भी नहीं बना पाए

*अधिकारी ने कहा कि छठी पीढ़ी हथियार विकसित करने के लिए अमेरिका और चीन की चर्चा सबसे ज्यादा है, जो लंबी दूरी की क्षमताओं का वादा करते हैं, लेकिन वे उस बेंचमार्क पर लड़खड़ाते हुए नजर आ रहे हैं। वह अभी तक फंक्शनल वैरिएबल साइकिल इंजन (वीसीई) का प्रदर्शन नहीं बना सके हैं, जो छठी पीढ़ी लड़ाकू विमानों के लिए सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण है। वीसीई को छठी पीढ़ी प्रोपल्शन का अहम हिस्सा माना जाता है, जो हमला करने के लिए हवा के प्रवाह को गतिशीलता के साथ समायोजित करता है। इससे उसकी अटैक रेंज 30 पर्सेंट तक बढ़ जाती और सुपीरियर थर्मल मैनेजेंट भी कर सकता है। उन्होंने कहा कि अमेरिका और चीन में से कोई भी एक फंक्शनल वीसीई का प्रदर्शन नहीं कर सका है।*

**बड़े देश पुराने इंजनों के साथ उड़ान भर रहे**

उन्होंने कहा कि अमेरिका अब तक एक्सए 100 की टेस्टिंग कर रहा है, जबकि चीन तो अपने पांचवी पीढ़ी के जे-20 के डब्ल्यूएस-15 इंजन में ही उलझा हुआ है तो छठीं पीढ़ी के विमानों की बात ही छोड़िए। उन्होंने कहा कि ये देश पुराने इंजनों के साथ उड़ान भर रहे हैं। भारत का 5.5 पीढ़ी वाला एएमसीए 2028 तक अपनी पहली फ्लाइट भर लेगा। अमेरिका ने साल 2020 में नेक्स्ट जेनरेशन एयर डोमिनेंस (एनजीएडी) प्रोग्राम के तहत एक प्रोटोटाइप की उड़ान भरी थी, जिसे नेक्स्ट जेनरेशन एयरक्राफ्ट का बताया गया था। हालांकि, उसके इंजन की डिटेल्स अभी तक सामने नहीं आई हैं।

## विकसित देशों की बातें हवा-हवाई

उधर, चीन के छठी पीढ़ी एयरक्राफ्ट की चर्चा पिछले साल तब शुरू हुई थीं, जब उसने एक उड़ान भरते हुए लड़ाकू विमान का वीडियो जारी किया था, जिसमें टेल नहीं थी। इसके बाद चर्चा शुरू हो गई कि वह नेकेस्ट जेनरेशन एयरक्राफ्ट तैयार कर रहा है। यूरोपीये देशों में भी छठी पीढ़ी एयरक्राफ्ट की होड़ लगी है। ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी और स्पेन मिलकर इस काम में जुटे हुए हैं। ब्रिटेन के ग्लोबल कॉम्बैट एयर प्रोग्राम (जीसीएपी) और फ्रैंको-जर्मन-स्पेनिश फ्यूचर कॉम्बैट एयर सिस्टम (एफसीएएस) छठी पीढ़ी के वीसीई को मिलकर विकसित कर रहे हैं। अधिकारी का कहना है कि छठी पीढ़ी के विमानों के निर्माण को लेकर विकसित देशों की बातें हवा-हवाई प्रतीत होती हैं। इन देशों के छठी पीढ़ी एयरक्राफ्ट एएमसीए जितने क्षमतावान और समर्थ नहीं होंगे। ये न तो 27 टन के साथ उड़ान भरने में सक्षम होंगे और न ये डेटा फ्यूजन और आर्टिफिशिएल इंटेलीजेंस (एआई) जैसी क्षमताओं से सुसज्जित होंगे, जो पहले से ही हमारे रोडमैप का हिस्सा हैं।

---

## खबर संक्षेप

### बाल मंत्री थोर्सडॉटिर का इस्तीफा मंजूर

**लंदन।** आइसलैंड के राष्ट्रपति ने उत्तरी अटलांटिक द्वीप राष्ट्र की



शिक्षा एवं बाल मामलों की मंत्री एस्थिल्डुर लोआ थोर्सडॉटिर का इस्तीफा स्वीकार कर लिया। 58 वर्षीय थोर्सडॉटिर ने हाल ही में स्वीकार किया कि जब वह 23 वर्ष की थीं, तब उन्होंने एक 15 वर्षीय लड़के के साथ संबंध बनाए थे, जिससे एक संतान भी हुई। उस दौरान बच्चे का पिता 16 वर्ष का था। पिछले सप्ताह राष्ट्रीय प्रसारक आरयूवी इसका खुलासा किया।

### पीएम हान के खिलाफ महाभियोग खारिज

**सियोल।** राजनैतिक गतिरोध का सामना कर रहे दक्षिण कोरिया में



पीएम हान के खिलाफ महाभियोग खारिज कर दिया गया है। साथ ही उन्हें कार्यवाहक राष्ट्रपति के रूप में बहाल कर दिया गया है। दक्षिण कोरिया की संवैधानिक अदालत ने सोमवार को यह फैसला सुनाया। बता दें, राष्ट्रपति यून सुक येओल पर 3 दिसंबर को देश में मार्शल लॉ लगाने के उनके फैसले के कारण नेशनल असेंबली द्वारा महाभियोग लगाया था। जिसके बाद उन्हें सत्ता से निलंबित कर दिया गया था।

---

### विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने संसदीय सलाहकार समिति के समक्ष दी जानकारी

# पीएम मोदी से मिलना चाहते हैं यूनुस, बिम्सटेक सम्मेलन में द्विपक्षीय वार्ता का किया है अनुरोध

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत सरकार अब बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस और पीएम नरेंद्र मोदी के बीच आगामी बिम्सटेक शिखर सम्मेलन में द्विपक्षीय बैठक के लिए बांग्लादेश की अपील पर विचार कर रही है। यह जानकारी विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने एक संसदीय समिति की बैठक में सभी सदस्यों को दी है। सूत्रों ने बताया कि विदेश मामलों की संसदीय सलाहकार समिति की शनिवार को इस वर्ष की पहली बैठक में कई सांसदों ने बांग्लादेश में हिंदुओं पर हमलों पर चिंता जताई और पूछा कि भारत इस संबंध में क्या कदम उठा रहा है। तब जयशंकर ने सदस्यों को बताया कि ढाका की अंतरिम सरकार ने दावा किया है कि हिंदुओं पर हमले 'राजनीति से प्रेरित' थे और 'अल्पसंख्यकों को निशाना बनाकर' नहीं किए गए थे। जयशंकर से जब पूछा गया कि क्या बिम्सटेक बैठक में पीएम मोदी की यूनुस से द्विपक्षीय बातचीत होने के आसार हैं? इस पर विदेश मंत्री ने कहा कि युनूस का अनुरोध विचाराधीन है। बैठक में इससे पूर्व विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने भारत के बांग्लादेश, म्यांमार, मालदीव और श्रीलंका से संबंधों पर एक विस्तृत प्रेजेंटेशन दिया।

बिम्सटेक शिखर सम्मेलन में भाग ले सकते हैं पीएम मोदी

*भारत बिम्सटेक को मजबूत करने का प्रयास कर रहा है*

## भारत सरकार अंतरिम सरकार के समक्ष मुद्दे उठा रही



कांग्रेस सांसद केसी वेणुगोपाल, मनीष तिवारी, मुकुल वासनिक और शिवसेना यूबीटी की प्रियंका चतुर्वेदी समेत कई दलों के सांसदों ने बैठक में बांग्लादेश में हिंदुओं पर



अत्याचार और उसे रोकने के संबंध में उठाए जाने के मुद्दे को जोरशोर से उठाया। इस पर जयशंकर ने कहा कि भारत सरकार विभिन्न स्तरों पर बांग्लादेश के अंतरिम प्रशासन से संपर्क जारी है और इन मुद्दों को उठाया गया है। सरकार आगे भी ऐसा करना जारी रखेगी। इस बैठक में कमोबेश सभी सांसदों ने बांग्लादेश के मुद्दे को भी चर्चा का मुख्य बिंदु बनाए रखा।

### सार्क से ज्यादा प्रभावी होगा बिम्सटेक

भारत बिम्सटेक को दक्षिण एशिया और दक्षिण पूर्व एशिया के बीच एक मजबूत आर्थिक और रणनीतिक गठजोड़ के रूप में विकसित कर रहा है। यह सार्क की तुलना में अधिक प्रभावी क्षेत्रीय संगठन बनने की ओर बढ़ रहा है। वहीं, शेख हसीना सरकार के पतन के बाद बांग्लादेश में राजनीतिक अस्थिरता बनी हुई है। अंतरिम सरकार भारत के साथ अपने संबंधों को मजबूत करना चाहती है। बता दें कि भारत बांग्लादेश में स्थिरता और लोकतंत्र को मजबूत करने के पक्ष में है,लेकिन, भारत यह भी सुनिश्चित करना चाहता है कि बांग्लादेश में कट्टरपंथी ताकतें हावी न हों।

**पाकिस्तान की वजह से सार्क निष्क्रिय**

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने कहा कि पाकिस्तान के रवैये के कारण सार्क/दक्षेस (दक्षिण एशिया सहयोग संगठन) निष्क्रिय है और इसलिए भारत बिम्सटेक (बहुक्षेत्रीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग के लिए बंगाल की खाड़ी पहल) को मजबूत करने का प्रयास कर रहा है। उन्होंने संकेत दिया कि पीएम मोदी दो से चार अप्रैल तक बैंकॉक में आयोजित होने वाले बिम्सटेक शिखर सम्मेलन में भाग ले सकते हैं, लेकिन बैठक में उन्होंने अपनी यात्रा की पुष्टि नहीं की। उन्होंने कहा कि वह बाद में पाकिस्तान और चीन के बारे में अलग से बात

### पीएम मोदी श्रीलंका दौरे पर जाएंगे

*पीएम मोदी ने सांसदों को बांग्लादेश, मालदीव, म्यांमार और श्रीलंका के साथ संबंधों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पीएम मोदी अगले महीने श्रीलंका की यात्रा पर भी जा रहे हैं। कुछ सांसदों ने पाकिस्तान व म्यांमार में नशीली दवाओं और हथियारों की तस्करी पर भी सवाल किए। बता दें, बांग्लादेश में 5 अगस्त 2024 को तत्कालीन पीएम शेख हसीना सरकार का तख्तापलट करने के बाद मोहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार ने सत्ता संभाली है और तब से लगातार अल्पसंख्यक हिंदुओं का संहार बांग्लादेश में जारी है और पाकिस्तान की शह पर वहां भारत विरोधी वातावरण तैयार किया जा रहा है। एक रिपोर्ट के अनुसार पिछले कुछ महीनों में बांग्लादेश में सैंकड़ों हिंदुओं की हत्या की गई है।*

---

### कठुआ मुठभेड़ पर बोले सीएम अब्दुल्ला

# लोगों के सहयोग बिना आतंकवाद को समाप्त नहीं किया जा सकता



एजेंसी ▶▶ श्रीनगर

जम्मू-कश्मीर के सीएम उमर अब्दुल्ला ने आतंकवाद को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि लोगों के सहयोग के बिना जम्मू-कश्मीर से आतंकवाद को खत्म नहीं किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार केंद्र शासित प्रदेश में सुरक्षा स्थिति को शांतिपूर्ण बनाए रखने के लिए केंद्रीय गृह मंत्रालय को सहयोग दे रही है। विधानसभा में दिन की कार्यवाही शुरू होने से पहले सीएम ने संवाददाताओं से कहा कि हालांकि यह (सुरक्षा) सीधे तौर पर हमारी जिम्मेदारी नहीं है, लेकिन मैं बार-बार कह रहा हूं कि लोगों के सहयोग के बिना आतंकवाद को समाप्त नहीं किया जा सकता। हमारी सरकार स्थिति को नियंत्रण में रखने और शांति बनाए रखने के लिए उपराज्यपाल का भी सहयोग कर रही है।

### सीमावर्ती गांवों में अभियान जारी

सीएम ने कहा कि अभियान सीमावर्ती गांव में चल रहा है और संभव है कि वे सीमा पार से आए हों। उन्होंने कहा कि इस पर अभी कोई बयान देना जल्दबाजी होगी। आतंकवादियों द्वारा कठुआ और बिलावर को बार-बार निशाना बनाए जाने के बारे में पूछे जाने पर सीएम ने कहा कि जम्मू क्षेत्र के कई इलाकों में पिछले कुछ वर्षों में आतंकवादी गतिविधियां देखी गई हैं, जैसा कि हमने राजौरी, पुंछ और कई अन्य इलाकों में देखा है। बता दें, जम्मू के कठुआ जिले में रविवार देर शाम आतंकियों के साथ सुरक्षाबलों की मुठभेड़ हो गई। जिले में घने जंगलों में आतंकवादियों के खिलाफ चल रही सर्च ऑपरेशन दूसरे दिन भी जारी रही। पुलिस महानिदेशक नलिन प्रभात के नेतृत्व में सुरक्षा बलों ने अतिरिक्त कमांडो, ड्रोन और स्निफर डॉग्स की मदद से ऑपरेशन को और तेज किया है।

### मौके पर पहुंचे एनएसजी कमांडो

जंगल की आड़ में छिपे आतंकियों पर कार्रवाई करने के लिए एनएसजी कमांडो को लाया गया है। हीरानगर के सन्याल में पांच आतंकियों को देखे जाने के बाद सुरक्षाबलों ने तलाशी अभियान शुरू किया था। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, दो समूहों में पांच से छह आतंकवादी शनिवार को घुसपैठ कर सकते हैं। गांव की महिलाएं लकड़ी इकट्ठा करने के दौरान आतंकवादियों को देख चुकी हैं। कठुआ जिला पिछले एक साल से पाकिस्तान आधारित आतंकवादियों के लिए एक प्रमुख घुसपैठ मार्ग बन गया है। इस क्षेत्र में हाल के महीनों में कई आतंकवादी हमले हुए हैं।

---

इजराइली सेना का गाजा में हमला

# अस्पताल के अंदर रह रहे हमास के दो प्रमुख कमांडरों को मारा

एजेंसी ▶▶ तेल अवीव

इजराइली रक्षा बलों ने गाजा के नासिर अस्पताल में हमला करके दो प्रमुख हमास कमांडर को मार डाला। इजराइली रक्षा बल ने एक्स पर पोस्ट में लिखा कि गाजा में नासिर अस्पताल के अंदर से काम कर रहे दो प्रमुख हमास कमांडरों को मारा गया। यह हमला खुफिया जानकारी जुटाने के बाद सटीक हथियारों के साथ किया गया था। इजराइली सेना ने हमास पर नागरिक स्थलों का ढाल के रूप में उपयोग करने का आरोप लगाया। सेना ने कहा कि हमास गाजा की आबादी को खतरे में डालकर नागरिक बुनियादी ढांचे का दोहन करता है। एक अस्पताल का उपयोग घातक हमलों की योजना बनाने और उन्हें अंजाम देने के लिए आश्रय के रूप में करता है।

### नेतन्याहू के खिलाफ बढ़ रहा असंतोष, गृह युद्ध की आशंका

इजराइल देश में अब गृह युद्ध की आशंका है। पीएम बेंजामिन नेतन्याहू नीत सरकार के खिलाफ लोग बड़े पैमाने पर विरोध-प्रदर्शन कर रहे हैं। ताजा घटनाक्रम में इजराइली सुप्रीम कोर्ट के एक पूर्व मुख्य न्यायाधीश ने गृहयुद्ध की चेतावनी दी है। अगर इजराइली सरकार देश के शीर्ष कानूनी और सुरक्षा अधिकारियों को हटाने पर



अड़ी रहेगी तो सांविधानिक संकट पैदा हो सकता है। बता दें कि पीएम नेतन्याहू ने पिछले सप्ताह शिन बेट (आंतरिक सुरक्षा सेवा) के प्रमुख रोनेन बार को बर्खास्त करने का ऐलान कर चुके हैं। उन्होंने इस कदम को उठाने के पीछे हमास के 7 अक्तूबर, 2023 के हमलों को रोकने में विफलता के कारण का हवाला दिया।

### अटॉर्नी जनरल को बर्खास्त करने की प्रक्रिया

नेतन्याहू की सरकार ने अटॉर्नी जनरल को बर्खास्त करने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी है। उन पर आरोप लगाया गया है कि वे सरकार के एजेंडे में बाधा डाल रहे हैं। यह सब ऐसे समय में हो रहा है जब शिन बेट नेतन्याहू के कार्यालय में संभावित घुसपैठ की जांच कर रही है। नेतन्याहू पर भ्रष्टाचार का मुकदमा भी चल रहा है। ऐसे में सरकार और न्यायपालिका के बीच टकराव के कारण इजराइल में तनाव बढ़ने का खतरा है।


---

### रिपलिंग के शंकर ने पत्नी पर लगाए आरोप

# बेटे का किया अपहरण, उसके अवैध संबंध भी, तलाक के लिए बड़ी राशि मांग रही

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

चेन्नई के टेक आंत्रप्रेन्योर प्रसन्ना शंकर इन दिनों चर्चा में हैं। हाल के दिनों में उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपनी कहानी को साझा किया है। इंजीनियर ने अपनी पत्नी पर कई गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने एक पोस्ट में दावा किया कि वह अपनी पत्नी से अलग रह रहे हैं। उनका कहना है कि उनकी पत्नी अब तलाक के लिए एक बड़ी राशि की डिमांड कर रही हैं। शंकर ने यह भी दावा किया कि उनकी पत्नी चेन्नई पुलिस के साथ मिलकर उन्हें परेशान कर रही है। शंकर सिंगापुर बेस्ड क्रिप्टो सोशल नेटवर्क पीपीएलडॉटकॉम के संस्थापक हैं। इससे पहले वह रिपलिंग नाम की एक कंपनी की भी स्थापना



कर चुके हैं। प्रसन्ना ने बताया कि पत्नी के अवैध संबंधों के बारे में पता चला तो उल्टा उनकी पत्नी ने उन पर घरेलू हिंसा और प्रताड़ना का आरोप लगा दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि झूठी पुलिस शिकायत दर्ज कराई गई। पत्नी ने भारत की बजाय अमेरिका में तलाक की अर्जी दी। कहा कि उनकी पत्नी ने उनके 9 साल के बेटे के अमेरिका में छुपाए रखा। इसी वजह से उन्होंने अपनी पत्नी के खिलाफ किडनैपिंग का मामला दर्ज कराया। बाद में अमेरिकी अदालत ने प्रसन्ना के पक्ष में फैसला सुनाया था।

---

कनाडा में 28 अप्रैल को होंगे आम चुनाव

# पीएम बोले- ट्रंप से निपटने मजबूत जनादेश दें, टैरिफ वार बड़ा खतरा

एजेंसी ▶▶ टोरंटो

कनाडा में आम चुनाव के लिए प्रचार अभियान की शुरुआत करते हुए देश के नए पीएम मार्क कार्नी और उनके प्रतिद्वंद्वी एवं कंजर्वेटिव पार्टी के नेता पियरे पोलीवरे ने रविवार को कहा कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को कनाडा की संप्रभुता का सम्मान करना चाहिए। ट्रंप की ओर से कनाडा की संप्रभुता को पैदा किए गए खतरे और व्यापार युद्ध की आशंका की पृष्ठभूमि में दोनों ने यह बयान दिया है। कार्नी ने घोषणा की कि 28 अप्रैल को मतदान से पहले पांच सप्ताह तक चुनाव प्रचार अभियान चलेगा। उन्होंने कहा कि वो अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से निपटने के लिए मजबूत जनादेश चाहते हैं।

### ईयू के साथ किया व्यापार समझौता



कार्नी ने बताया कि उन्होंने पीएम पद की शपथ लेने के बाद ऑस्ट्रेलिया के साथ नए राष्ट्रीय रक्षा समझौते पर हस्ताक्षर किए, फ्रांस और ब्रिटेन के साथ संबंधों को मजबूत करने का काम किया, यूरोपीय यूनियन के साथ नए व्यापार समझौते पर चर्चा शुरू की। उन्होंने कहा कि मुझे पता था कि अमेरिकियों से लड़ने, ट्रंप के टैरिफ से निपटने और कनाडा की अर्थव्यवस्था को ठीक करने के लिए हमारे देश को एक्शन लेने की जरूरत है। कार्नी ने कहा कि वो महिलाओं के अबॉर्शन अधिकार का समर्थन करते हैं।

### ट्रंप की धमकियों से बड़े संकट का सामना कर रहे

कार्नी ने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप के अनुचित व्यापारिक कदमों और हमारी संप्रभुता के खिलाफ उनकी धमकियों के कारण हम अपने जीवन के सबसे बड़े संकट का सामना कर रहे हैं। ट्रंप का दावा है कि कनाडा वास्तव में कोई देश नहीं है। वह हमें तोड़ना चाहते हैं ताकि अमेरिका हमारा मालिक बन सके। हम ऐसा नहीं होने देंगे। लिबरल पार्टी ने शनिवार को घोषणा की थी कि कार्नी पहली बार संसद सदस्य बनने के लिए ओटावा के उपनगरीय क्षेत्र नेपियन से चुनाव लड़ेंगे। 'हाउस ऑफ कॉमन्स' की 343 सीट या जिलों के लिए चुनाव प्रचार 37 दिन तक चलेगा।

---

### शिमला एयरपोर्ट पर बड़ा हादसा टला

# पायलट को लगाने पड़े इमरजेंसी ब्रेक उपमुख्यमंत्री और डीजीपी भी थे सवार

एजेंसी ▶▶ शिमला

शिमला स्थित जुब्बड़हट्टी एयरपोर्ट पर सोमवार सुबह एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। दिल्ली से शिमला आ रही एलायंस एयर की एटीआर फ्लाइट लैंडिंग के दौरान असंतुलित हो गई और रनवे पर सही दूरी तय नहीं कर पाई। विमान अपेक्षा से काफी आगे उतर गया, जिससे अंतिम छोर पर पायलट को इमरजेंसी ब्रेक लगाने पड़े। इस घटना में विमान में सवार प्रदेश के उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री, डीजीपी डॉ. अतुल वर्मा और अन्य यात्री भी मौजूद थे। विमान में अचानक हुई इस परेशानी के बाद यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई।



हालांकि, पायलट और क्रू मेंबर्स की सूझबूझ और अनुभव के कारण विमान को सुरक्षित रूप से रोक लिया गया। विमान की लैंडिंग को लेकर एलायंस एयर ने तकनीकी कारणों का हवाला देते हुए धर्मशाला जाने वाली अगली फ्लाइट को रद्द कर दिया और अन्य उड़ानों पर भी अस्थायी रोक लगा दी। जुब्बड़हट्टी एयरपोर्ट का रनवे अपनी सीमित लंबाई के कारण हमेशा विमानों के लिए चुनौतीपूर्ण रहा है।

---

### हिंद महासागर क्षेत्र के मजबूत भागीदार और सबसे पहले बल के रूप में बढ़ेगी क्षमता

# नौसेना ने पहली बार किया 'आईओएस सागर' और 'अकेयम युद्धाभ्यास'

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

अब वो दिन दूर नहीं जब भारतीय नौसेना हिंद महासागर क्षेत्र (आईओआर) में एक अहम-पसंदीदा सुरक्षा भागीदार और सबसे पहले प्रतिक्रिया के साथ सहायता प्रदान करने वाले समुद्री बल के रूप में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराएगी। इसके लिए उसने 'इंडियन ओसियन शिप 'सागर' और 'बहुपक्षीय अकेयम युद्धाभ्यास' जैसी दो नई और अनोखी पहल की पहली बार शुरुआत की है।

दोनों के केंद्र में अफ्रीका महाद्वीप के पूर्वी भाग में मौजूद भारत के मित्र देश (एफसीसी) शामिल हैं। आईओएस सागर के लिए नौसेना के अपतटीय जहाज सुनयना का प्रयोग किया जाएगा। जबकि अकेयम एक बहुपक्षीय नौसैन्य युद्धाभ्यास है, जिसका संस्कृत में अर्थ होता है एकता। यह जानकारी नौसेना के उप-प्रमुख वाइस एडमिरल तरुण सोबती ने दी। इस दौरान उक्त आयोजन से जुड़ा लोगो भी जारी किया गया।

### सुनयना पर सवार होंगे 9 देशों के 44 कर्मी, ईईजेड की करेंगे निगरानी



सोबती ने बताया कि आईओएस सागर के तहत भारतीय नौसेना के साथ अफ्रीकी महाद्वीप के 9 देशों (कोमोरोस, केन्या, मेडागास्कर, मालदीव, मॉरीशस, मोजांबिक, सेशेल्स, श्रीलंका और दक्षिण अफ्रीका) के 44 कर्मी सुनयना जहाज पर सवार होकर हिंद महासागर के दक्षिण पश्चिमी क्षेत्र में एक साथ समुद्री गश्त के साथ विशिष्ट आर्थिक जोन (ईईजेड) की निगरानी करते हुए नजर आएंगे। इनकी यह तैनाती कुल 33 दिन की होगी। जिसे रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह अगले महीने 5 अप्रैल को कारवार नौसैन्य अड्डे से हरी झंडी प्रदान करेंगे। इसका समापन 8 मई को होगा जिसमें जहाज कोच्चि वापस लौटेगा। आईओएस सागर की एक खास बात यह भी है कि इसमें इतनी बड़ी तादाद में अलग-अलग देशों के नौसैन्य कर्मी एक साथ सुनयना जहाज पर खाएंगे, पिएंगे, सोएंगे और अपने मिशन को पूरा करेंगे। आईओएस सागर और अकेयम से नौसेना की बाकी अफ्रीकी देशों की नौसेनाओं के साथ आपसी समझ बढ़ेगी, अनुभवों को साझा करेंगे।

**13 अप्रैल को शुरू होगी**

नौसेना के उप प्रमुख ने कहा कि 13 अप्रैल से तंजानिया के दार-एस-सलाम में होने वाला अफ्रीका इंडिया की मेरीटाइम इंगेजमेंट (अकेयम) युद्धाभ्यास कुल 6 दिन का होगा। जिसका उद्घाटन रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह करेंगे। इसका समापन 18 अप्रैल को होगा। भारत और तंजानिया की पीपल्स डिफेंस फोर्स (पीडीएफ) युद्धाभ्यास की सह-अध्यक्षता करेंगी। इसमें भारत के साथ कोमोरोस, जिबूती, एरिट्रिया, केन्या, मेडागास्कर, मॉरीशस, मोजांबिक, सेशेल्स और दक्षिण अफ्रीका की नौसेनाएं शामिल होंगी।

### पीएम का विजन अहम

उन्होंने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी ने आईओआर और इसमें भी विशेष रूप से वैश्विक दक्षिण के देशों के साथ भारत के समुद्री संबंधों को और अधिक प्रगाढ़ बनाने के उद्देश्य के साथ 2015 में मॉरीशस से सागर विजन की शुरुआत की थी। इसका एक दशक पूरा होने पर इसे और अधिक विस्तार प्रदान करते हुए इसी साल म्युचुअल एंड होलिस्टिक एडवांसमेंट फॉर सिक्योरिटी एंड ग्रोथ एक्रोस रीजंस (महासागर) विजन की घोषणा की गई है। एक महीने से अधिक की समुद्री यात्रा में तंजानिया का दार-एस-सलाम, नकाला, पोर्ट लुइस, पोर्ट विक्टोरिया और माले सुनयना के बंदरगाह पड़ाव के रूप में शामिल होंगे।




# आईपीएल : एक विकेट की रोमांचक जीत, दिल्ली ने लखनऊ को हराया

एजेंसी ▶▶| विशाखापत्तनम

दिल्ली कैपिटल्स ने 'इम्पैक्ट सब' आशुतोष शर्मा की सूझबूझ से खेली गई 31 गेंद में नाबाद 66 रन की तूफानी पारी से सोमवार को यहां आईपीएल के रोमांचक मुकाबले में लखनऊ सुपर जायंट्स को तीन गेंद रहते एक विकेट से हरा दिया। आशुतोष ने शाहबाज अहमद की गेंद पर गगनदायी छक्का जड़कर टीम को जीत दिलाई। उन्होंने अपनी पारी के दौरान पांच चौके और इतने ही छक्के जड़े। दिल्ली कैपिटल्स ने इससे पहले एलएसजी को आठ विकेट पर 209 रन पर रोक दिया। फिर उसने आशुतोष की धमाकेदार पारी 19.3 ओवर में नौ विकेट पर 211 रन बनाकर जीत दर्ज की।

## 'इम्पैक्ट प्लेयर' आशुतोष ने खेली नाबाद 66 रन की तूफानी पारी



### तीन विकेट पर सात रन के बाद जीता मैच

लक्ष्य का पीछा करने उतरी दिल्ली कैपिटल्स की शुरुआत काफी खराब रही जिसने पावरप्ले में चार विकेट गंवा दिए थे और एक समय उसका स्कोर तीन विकेट पर सात रन था। इससे ऐसा लग रहा था कि यह लक्ष्य उसके लिए बहुत बड़ा है लेकिन आशुतोष ने उसकी उम्मीदों को पंख लगाकर जीत दिलाई। आशुतोष और विप्रज निगम (39 रन) ने तेजी से खेलते हुए सातवें विकेट के लिए 22 गेंद में 55 रन बनाकर टीम को जीत के करीब पहुंचाया। अंतिम चार ओवर में जीत के लिए 42 रन की जरूरत थी। पर 17वें ओवर की पहली गेंद पर राठी की कैरम बॉल लेग साइड पर फ्लिक करने के प्रयास में विप्रज कैच आउट हो गए। दूसरे छोर पर साथ नहीं मिलने के बावजूद आशुतोष अंत तक डटे रहे और अपनी टीम को जीत तक पहुंचाया।



### स्टार्क ने झटके तीन विकेट

दिल्ली कैपिटल्स के लिए मिचेल स्टार्क ने 42 रन देकर तीन और कुलदीप यादव ने 20 रन देकर दो विकेट झटके। एक समय ऐसा लग रहा था कि एलएसजी 240 रन से अधिक का स्कोर खड़ा करेगी लेकिन कुलदीप और मिचेल स्टार्क के शानदार स्पेल की बदौलत दिल्ली कैपिटल्स ने प्रतिद्वंद्वी टीम की आक्रामकता पर ब्रेक लगा दिया।

### स्कोर बोर्ड

| लखनऊ सुपर जायंट्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| मारक्रम का स्टार्क बो निगम | 15 | 13 | 1 | 1 |
| मार्श का स्टब्स बो मुकेश | 72 | 36 | 6 | 6 |
| निकोलस बो मिचेल स्टार्क | 75 | 30 | 6 | 7 |
| पंत का डुप्लेसी बो कुलदीप | 00 | 06 | 0 | 0 |
| डेविड मिलर नाबाद | 27 | 19 | 1 | 2 |
| बदोनी का स्टब्स बो कुलदीप | 04 | 05 | 0 | 0 |
| शार्दुल ठाकुर रन आउट | 00 | 02 | 0 | 0 |
| अहमद का सब बो मिचेल स्टार्क | 00 | 08 | 1 | 0 |
| रवि बिश्नोई बो मिचेल स्टार्क | 00 | 02 | 0 | 0 |
| दिग्वेश राठी नाबाद | 00 | 00 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 07, कुल : 20 ओवर में 209/8
गेंदबाजी : स्टार्क 4-0-42-3, अक्षर 3-0-18-0, निगम 2-0-35-1, मुकेश 2-0-22-1, कुलदीप 4-0-20-2, मोहित 4-0-42-0, स्टब्स 1-0-28-0.

| दिल्ली कैपिटल्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| मैकगुर्क का बडोनी बो ठाकुर | 01 | 02 | 0 | 0 |
| डुप्लेसी का मिलर बो रवि बिश्नोई | 29 | 18 | 3 | 2 |
| अभिषेक पोरेल का पूरन बो ठाकुर | 00 | 02 | 0 | 0 |
| समीर रिज्वी का पंत बो सिद्धार्थ | 04 | 04 | 1 | 0 |
| अक्षर पटेल का पूरन बो राठी | 22 | 11 | 3 | 1 |
| ट्रिस्टन स्टब्स बो सिद्धार्थ | 34 | 22 | 1 | 3 |
| आशुतोष शर्मा नाबाद | 66 | 31 | 5 | 5 |
| निगम का सिद्धार्थ बो राठी | 39 | 15 | 5 | 2 |
| मिचेल स्टार्क का पंत बो बिश्नोई | 02 | 05 | 0 | 0 |
| कुलदीप यादव रन आउट | 05 | 05 | 1 | 0 |
| मोहित शर्मा नाबाद | 01 | 02 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 08, कुल : 19.3 ओवर में 211/9
गेंदबाजी : शार्दुल 2-0-19-2, सिद्धार्थ 4-0-39-2, राठी 4-0-31-2, रवि बिश्नोई 2-0-22-1, प्रिंस 4-0-53-2, अहमद 1.3-0-22-0.

खास खबर

## धोनी की फुर्ती देखकर मंत्रमुग्ध हो गए हेडन



**चेन्नई।** महेंद्र सिंह धोनी ने 43 साल की उम्र होने के बावजूद रविवार को यहां खेले गए इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में जिस तरह की फुर्ती दिखाकर मुंबई इंडियंस के कप्तान सूर्यकुमार यादव को स्टंप आउट किया उसे देखकर ऑस्ट्रेलिया के पूर्व सलामी बल्लेबाज मैथ्यू हेडन मंत्रमुग्ध हो गए। धोनी अपने करियर के अंतिम पड़ाव पर हैं। उन्होंने पांच साल पहले अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया था लेकिन चेन्नई सुपर किंग्स को पांच आईपीएल खिताब दिलाने के बाद वह अपनी इस टीम की तरफ से केवल एक खिलाड़ी के रूप में खेल रहे हैं।

## आज अय्यर और गिल के बीच होगी कप्तानी की रोचक जंग

**अहमदाबाद।** पंजाब किंग्स और गुजरात टाइटंस के बीच मंगलवार को यहां होने इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में श्रेयस अय्यर और शुभमन गिल के बीच कप्तानी की भी रोचक जंग देखने को मिलेगी। अय्यर आईपीएल के सफल कप्तानों में शामिल है। उनके नेतृत्व में कोलकाता नाइट राइडर्स ने पिछले साल खिताब जीता था। इससे चार साल पहले 2020 में दिल्ली कैपिटल्स ने उनकी कप्तानी में फाइनल में जगह बनाई थी। अब उनका लक्ष्य पंजाब का आईपीएल खिताब जीतने का 18 साल लंबा इंतजार खत्म करना होगा। पंजाब आईपीएल 2018 के सेमीफाइनल में पहुंचा था जबकि उसने 2014 में फाइनल में जगह बनाई थी लेकिन पिछले चार वर्षों में शीर्ष पांच में भी जगह नहीं बना सका।



## कोवेंट्री का जिंबॉब्वे पहुंचने पर भव्य स्वागत

**हरारे।** अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति की नवनिर्वाचित अध्यक्ष क्रिस्टी कोवेंट्री का अपने गृह देश जिंबॉब्वे पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। अफ्रीका के देश जिंबॉब्वे को वर्षों तक अमेरिका और अन्य पश्चिमी देशों से अलगाव और प्रतिबंधों का सामना करना पड़ा है। जिंबॉब्वे की खेल मंत्री 41 वर्षीय कोवेंट्री आईओसी अध्यक्ष पद की दौड़ में एकमात्र महिला उम्मीदवार थीं और वह विश्व की सर्वोच्च खेल संस्था की प्रमुख चुनी जाने वाली पहली महिला और पहली अफ्रीकी हैं। कोवेंट्री ने रविवार को जिंबॉब्वे पहुंचने पर कहा, 'यह सिर्फ मेरी सफलता नहीं है, यह हमारी सफलता है। हमने बाधाओं को पार कर दिया।'



# रहाणे, अश्विन सहित 8 खिलाड़ियों की हुई घर वापसी, एक बना कप्तान

### आर अश्विन




आर अश्विन को आईपीएल 2025 के मेगा ऑक्शन में चेन्नई सुपर किंग्स ने खरीदा। वह पिछले सीजन राजस्थान रॉयल्स का हिस्सा थे। चेन्नई ने 2015 में रिलीज कर दिया था। इसके बाद वह पंजाब किंग्स और राजस्थान रॉयल्स में शामिल हुए।

### भुवनेश्वर कुमार



तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार को मेगा ऑक्शन से पहले सनराइजर्स हैदराबाद ने रिलीज कर दिया था। इसके बाद आरसीबी ने इस गेंदबाज को अपने खेमे में शामिल किया। साल 2010 में आरसीबी ने भुवनेश्वर कुमार को रिलीज कर दिया था। इसके बाद वह सनराइजर्स हैदराबाद के साथ रहे और कप्तानी भी संभाली।

### ग्लेन मैक्सवेल



ग्लेन मैक्सवेल को पंजाब किंग्स ने मेगा ऑक्शन में खरीदा। साल 2020 में पंजाब किंग्स ने मैक्सवेल को रिलीज कर दिया था। इसके बाद वह आरसीबी का हिस्सा रहे। अब फिर से पंजाब फ्रेंचाइजी ने मैक्सवेल पर भरोसा जताया है।

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आईपीएल 2025 का आगाज हो चुका है। फटाफट क्रिकेट का उद्घाटन मुकाबला केकेआर और आरसीबी के बीच खेला गया। आरसीबी ने जीत के साथ आगाज किया है। 18वें सीजन की शुरुआत से पहले मेगा ऑक्शन हुआ था और 10 फ्रेंचाइजियों की पूरी की पूरी टीम बदल गई।

हर टीम में नए चेहरे शामिल हो गए हैं। किसी ने अपनी टीम छोड़ नई टीम में जगह बनाई तो किसी-किसी ने अपनी पुरानी फ्रेंचाइजी में सालों बाद वापसी की। इसमें दिग्गज खिलाड़ी भी शामिल हैं जिन्होंने घर वापसी की है। ऐसे 8 खिलाड़ी हैं जिनकी पुरानी टीम में वापसी हुई है। इसमें अजिंक्य रहाणे और अश्विन का भी नाम शामिल है। आइए जानते हैं उन 8 खिलाड़ियों के बारे में...

### अजिंक्य रहाणे को मिली कप्तानी



चेन्नई सुपर किंग्स ने साल 2023 में अजिंक्य रहाणे को खरीदा था। रहाणे उस सीजन चैंपियन रहे और अपना पहला आईपीएल खिताब जीता। वह 2024 तक चेन्नई के साथ रहे। इसके बाद मेगा ऑक्शन में एक बार फिर कोलकाता नाइट राइडर्स ने अपने पुराने बल्लेबाज को खरीद लिया और इस सीजन के लिए अपना कप्तान भी नियुक्त किया।

### मनीष पांडे

केकेआर ने अपने पुराने बल्लेबाज को घर बुला लिया है। मनीष पांडे ने साल 2014 के फाइनल में केकेआर के लिए 94 रन की पारी खेली थी और केकेआर ने पहली बार आईपीएल की ट्रॉफी जीती थी। साल 2017 में केकेआर ने पांडे को रिलीज कर दिया। अब एक बार फिर फ्रेंचाइजी ने अपने साथ जोड़ा है।

### ट्रेंट बोल्ट

राजस्थान रॉयल्स के लिए पावर प्ले में विकेट चटकाने वाले ट्रेंट बोल्ट अब मुंबई के लिए यह काम करते हुए दिखाई देंगे। बोल्ट की घर वापसी हुई है। 2021 में मुंबई ने ट्रेंट बोल्ट को रिलीज कर दिया था। अब फिर से अपने तेज गेंदबाज को वापस हासिल कर लिया है।

### सैम करन

साल 2021 में चेन्नई सुपर ने सैम करन को रिलीज कर दिया था। इसके बाद वह पंजाब किंग्स से जुड़े और फ्रेंचाइजी की कप्तानी भी की। हालांकि, इस सीजन फिर चेन्नई ने सैम करन पर दांव खेला और इंग्लिश ऑलराउंडर को अपनी टीम में शामिल कर लिया।

### जोफ्रा आर्चर

साल 2021 तक राजस्थान के लिए खेलने वाले जोफ्रा आर्चर को मुंबई इंडियंस ने अपने साथ जोड़ा था। हालांकि, इंजरी की वजह से ज्यादा आईपीएल के मैच खेल नहीं सके। अब राजस्थान रॉयल्स ने अपने पुराने गेंदबाज को फिर से घर बुला लिया है।

## अश्विन की क्रिकेट समझ के कायल हैं रचिन



**चेन्नई।** चेन्नई सुपर किंग्स की मुंबई इंडियंस के खिलाफ आईपीएल मैच में जीत के नायक रचिन रविंद्र ने इसका श्रेय क्रिकेट की बहुत अच्छी समझ रखने वाले रविचंद्रन अश्विन की अगुवाई वाले स्पिन आक्रमण को दिया। रविंद्र ने कहा, 'ऐश (अश्विन) एक विश्व स्तरीय खिलाड़ी है। मैंने उनके खिलाफ कुछ मैच खेले हैं। वह टीम के साथ अपना व्यापक अनुभव और क्रिकेट ज्ञान को जोड़ता है। मेरे कहने का मतलब है कि वह जिस तरह से स्पिन गेंदबाजी के बारे में अपनी बात रखता है और टिप्स देता है। वह खेल की बहुत अच्छी समझ रखते हैं और भारत के महान खिलाड़ियों में शामिल हैं।'

## पुथुर ने पदार्पण मैच में किया प्रभावित



**मुंबई।** भारतीय क्रिकेट जगत के लिए अब तक अनजान रहे मुंबई इंडियंस के स्पिनर विग्नेश पुथुर ने आईपीएल के अपने पदार्पण मैच में चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ तीन विकेट झटक कर प्रभावित किया। मुंबई की टीम रविवार को खेले गए इस मैच को चार विकेट से हार गई। पुथुर को मैच के बाद धोनी से मिली तारीफ और शाबाशी लंबे समय तक याद रहेगी। ऑटो रिक्शा चालक के बेटे पुथुर ने अब तक प्रथम श्रेणी या लिस्ट ए स्तर का मैच भी नहीं खेला है।

खबर संक्षेप



### तमीम सीने में दर्द के बाद अस्पताल में भर्ती

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश के पूर्व कप्तान तमीम इकबाल को सोमवार को ढाका में ढाका प्रीमियर डिवीजन क्रिकेट लीग मैच के दौरान दिल का दौरा पड़ने के बाद एंजियोप्लास्टी से गुजरना पड़ा। ईएसपीएन क्रिकइन्फो की रिपोर्ट के अनुसार मोहम्मडन स्पोर्टिंग क्लब और शाइनपुकुर क्रिकेट क्लब के बीच खेले गए 50 ओवर के मैच के दौरान पहली पारी में 36 वर्षीय इकबाल को सीने में दर्द महसूस हुआ जिसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। मोहम्मडन की कप्तानी कर रहे तमीम ने एक ओवर तक क्षेत्ररक्षण किया, जिसके बाद सीने में दर्द के कारण उन्हें नजदीकी अस्पताल ले जाया गया।

### न्यूजीलैंड विश्व कप के लिए क्वालीफाई

**ऑकलैंड।** न्यूजीलैंड ने ओशिनिया परिसंघ क्वालीफाइंग श्रृंखला के फाइनल में सोमवार को न्यू कैलेडोनिया को 3-0 से हराकर अगले साल होने वाले विश्व कप फुटबॉल में अपनी जगह सुरक्षित की। यह तीसरा अवसर है जबकि न्यूजीलैंड ने विश्व कप में जगह बनाई। इससे पहले वह स्पेन में 1982 में और दक्षिण अफ्रीका में 2010 में खेले गए विश्व कप में जगह बनाने में सफल रहा था।

दूसरी राष्ट्रीय डेफ शूटिंग चैम्पियनशिप 2025

## शूटिंग खिलाड़ी कुशाग्र ने जीते स्वर्ण सहित 2 पदक, बैडमिंटन खिलाड़ी गौरांशी ने जीता कांस्य पदक





*बैडमिंटन खेल का स्वर्ण तमिलनाडू और रजत उत्तरप्रदेश के नाम रहा, दूसरा कांस्य पदक पंजाब ने अर्जित किया*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

दूसरी राष्ट्रीय डेफ शूटिंग, टेबल टेनिस और टेनिस चैम्पियनशिप 2025 का आयोजन 20 से 24 मार्च तक अहमदाबाद (गुजरात) में किया गया। इस प्रतियोगिता में सोमवार को प्रतियोगिता के अंतिम दिन मप्र राज्य शूटिंग अकादमी भोपाल के खिलाड़ी कुशाग्र सिंह राजावत ने शानदार खेल प्रदर्शन कर 1 स्वर्ण और 1 रजत सहित 2 पदक जीते। वहीं खेल अकादमी के खिलाड़ी ने शूटिंग (रायफल) ने 50मी. रायफल 3 पोजीशन स्पर्धा में उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण एवं 50 मी. रायफल प्रोन में 01 रजत पदक सहित कुल 2 पदक अपने नाम किया। उल्लेखनीय है कि शूटिंग खिलाड़ी कुशाग्र सिंह राजावत शूटिंग अकादमी के मुख्य प्रशिक्षक जोयदीप कर्माकर और सहा. प्रशिक्षक वैभव शर्मा के मार्गदर्शन में प्रशिक्षणरत हैं। वहीं खेल अकादमी की बैडमिंटन खिलाड़ी गौरांशी शर्मा ने बैडमिंटन के सिंगल इवेन्ट में कांस्य पदक अपने नाम किया। प्रतियोगिता के बैडमिंटन खेल का स्वर्ण तमिलनाडू और रजत उत्तरप्रदेश के नाम रहा। प्रतियोगिता का दूसरा कांस्य पदक पंजाब ने अर्जित किया।

### खेल मंत्री सारंग ने दी बधाई



दूसरी राष्ट्रीय डेफ शूटिंग और बैडमिंटन चैम्पियनशिप 2025 के दोनो पदक विजेता खिलाड़ियों कुशाग्र सिंह राजावत और गौरांशी शर्मा के खेल प्रदर्शन की सराहना करते हुये प्रदेश के खेल मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने बधाई दी है।

## अंकुर ने अकीरा को 64 रन से हराया



**भोपाल।** सुनील श्रवण क्रिकेट अकादमी के तत्वाधान मे प्रथम ध्रुव नारायण सिंह 'दरबार ट्रॉफी' अंडर-15 वनडे क्रिकेट टूर्नामेंट में सोमवार कोच अकीरा क्रिकेट अकादमी और अंकुर क्रिकेट अकादमी के बीच मैच खेला गया, जिसमें अकीरा ने टॉस जीतकर पहले गेन्दबाज़ी करने का फैसला किया। अंकुर अकादमी की टीम 49.4 ओवर मे 220 रन बनाकर ऑआउट हो गई। जवाबी पारी खेलने उतरी अकीरा अकादमी की टीम 156 रन ही बना सकी। रबजीत को दोहरे प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच दिया गया। उन्हें बीडीसीए कोषाध्यक्ष सीएस धाकड़ और बीडीसीए मेंबर आदित्य विजय सिंह ने पुरुस्कृत किया।

सौम्या रहीं प्लेयर ऑफ़ द मैच, फाइनल मैच मुंबई के विरुद्ध 26 मार्च को

## कप्तान सौम्या तिवारी की धमाकेदार पारी से मध्य प्रदेश फाइनल में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

बीसीसीआई द्वारा आयोजित महिला अंडर 23 क्रिकेट टूर्नामेंट का सेमीफाइनल मुकाबला सोमवार को मध्य प्रदेश व उत्तर प्रदेश के मध्य खेला गया। इस मैच में सौम्या तिवारी की कप्तानी पारी 7 चौके की मदद से नाबाद 76 रनों की मदद से मध्य प्रदेश ने उत्तर प्रदेश को पराजित कर फ़ाइनल में प्रवेश किया। आइकॉन क्रिकेट अकादमी मैदान, जगिरोड, गुवाहाटी में खेले गए इस मुकाबले में मध्य प्रदेश ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया। मध्य प्रदेश ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में 6 विकेट के



नुकसान पर 210 रन बनाए। कप्तान सौम्या तिवारी के नाबाद 76 रनों के साथ संस्कृति गुप्ता के 23 गेंद पर नाबाद 43 रन के अलावा क्रांति गौड़ ने 20 रन की पारी खेली। उत्तर प्रदेश की गेंदबाज एकता ने 3, गरिमा यादव, अल्मास भारद्वाज व अर्चना देवी ने 1-1 विकेट लिए। जवाब में उत्तर प्रदेश की टीम 42.4 ओवर में 10 विकेट खोकर 119 रन ही बना सकी। उत्तर प्रदेश की ओर से सम्पदा दीक्षित व मुस्कान मलिक 36-36 रनों के अलावा तृप्ति सिंह की 29 रन बना सकी। चार बल्लेबाज बगैर खाता खोले लौट गईं। मध्य प्रदेश की ओर से गेंदबाजी करते हुए वैष्णवी शर्मा ने 3, अनुष्का शर्मा व सूचि उपाध्याय ने 2-2 व कल्याणी जाधव ने 1 विकेट लिए। सौम्या तिवारी अरेरा अकादमी भोपाल की क्रिकेटर हैं। इस अवसर पर अरेरा क्रिकेट अकादमी के हेमंत कपूर व सुरेश चेनानी ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है।

इंदौर में 18वीं अभा पुलिस निशानेबाजी प्रतियोगिता का सीएम ने किया शुभारंभ

## भविष्य में हमारा प्रदेश खेलों की राजधानी बनेगा: डॉ.यादव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश खेलों के क्षेत्र में तेजी से उभर कर सामने आ रहा है। भविष्य में हमारा प्रदेश खेलों की राजधानी बनेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इंदौर में निशानेबाजों की खोज के लिए कार्यक्रम प्रारंभ करने की भी घोषणा की। उन्होंने कहा कि प्रशासन और बीएसएफ के समन्वय से निशानेबाजों की खोज की जाएगी।

उन्हें रेवती रेंज में प्रशिक्षण भी दिलाया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कार्यकम के आयोजन के लिए बीएसएफ के टीम को बधाई दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आज इंदौर के रेवती रेंज में 18वीं अखिल भारतीय पुलिस निशानेबाजी (खेल) चैम्पियनशिप-2024 के शुभारंभ समारोह को संबोधित कर रहे थे। प्रतियोगिता केंद्रीय आयुध एवं युद्ध कौशल विद्यालय (सीएसडब्ल्युटी) सीसुबल, इंदौर द्वारा आयोजित की जा रही है, जो 24 से 29



मार्च 2025 चलेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस अवसर पर एक स्मारिका का विमोचन भी किया। उद्घाटन समारोह में बीएसएफ और पुलिस ब्रास बैंड द्वारा बजाए गए लयबद्ध मार्चिंग धुनों पर केंद्रीय पुलिस संगठनों और विभिन्न राज्य पुलिस टीमों द्वारा स्मार्ट और साफ-सुथरे मार्च पास्ट, बीएसएफ बोल्ड्स टीम द्वारा वेपन से ड्रिल/करतब का प्रदर्शन और एनटीसीडी (राष्ट्रीय श्वान प्रशिक्षण केंद्र), टेकनपुर के श्वानों द्वारा सुरक्षा कर्तव्यों का पालन करते हुए विशेष रूप से भारतीय नस्लों के कुत्तों की शक्ति का शानदार प्रदर्शन किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने परेड की सलामी ली और गुब्बारे और खुले आसमान में कबूतर भी छोड़े। जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, सिविल प्रशासन, पुलिस, शीर्ष औद्योगिक संगठन के प्रमुख, बल के जवानों, परिवारों और प्रतिष्ठित नागरिकों सहित बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### प्रतियोगिता में भाग लेने वाली टीमें

18वीं अखिल भारतीय पुलिस निशानेबाजी (खेल) चैम्पियनशिप-2024 में असम पुलिस, हरियाणा पुलिस, केरला पुलिस, राजस्थान पुलिस, छत्तीसगढ़ पुलिस, तमिलनाडु पुलिस, पंजाब पुलिस, तेलांगना पुलिस, आरपीएफ, आईटीबीपी, सीआरपीएफ, बीएसएफ, असरराइफल्स, सीआईएसएफ, एसएसबी, दिल्ली पुलिस, जम्मू कश्मीर पुलिस, हिमाचल पुलिस, उत्तराखंड पुलिस, उत्तरप्रदेश पुलिस, गुजरात पुलिस, महाराष्ट्र पुलिस, मनीपुर पुलिस, कर्नाटक पुलिस, पश्चिम बंगाल पुलिस, मेघालय पुलिस, मध्यप्रदेश पुलिस के कार्मिक भाग ले रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### डॉक्टर ने फेंका मेडिकल वेस्ट, लगाया 15 हजार का जुर्माना

**भोपाल।** क्षेत्रीय सहायक स्वास्थ्य अधिकारी ने मेडिकल वेस्ट फेंके जाने पर पुल के नीचे उतरकर मेडिकल वेस्ट से पर्ची निकाली और पर्ची में लिखे नंबर एवं पते के आधार पर भूमिका क्लीनिक का पता ढूंढ निकाला और मेडिकल वेस्ट फेकने वाले डॉक्टर पर 15 हजार रुपए का जुर्माना किया गया। इसके अलावा अमले ने कोलार बंजारी में कचरा फेंकने पर कचरे से पर्ची के आधार पर संबंधित व्यक्ति का मोबाईल नंबर और पता ढूंढ निकाला और संबंधित पर 2 हजार रुपए का जुर्माना किया गया।

### इटारसी स्टेशन पर हॉल्ट लेगी दानापुर-बेंगलुरु नई द्वि-साप्ताहिक एक्सप्रेस

**भोपाल।** रेल प्रशासन ने यात्रियों की सुविधा के लिए दानापुर और बेंगलुरु के बीच नई विशेष ट्रेन शुरू की है। गाड़ी संख्या 03251/03252 दानापुर-एसएमवीटी बेंगलुरु-दानापुर द्वि-साप्ताहिक एक्सप्रेस का संचालन 26 मई को प्रत्येक रविवार और सोमवार चलेगी। दानापुर से बेंगलुरु जाने वाली ट्रेन (03251) रविवार और सोमवार को दोपहर 3 बजे चलेगी। यह अगले दिन सुबह 7:30 बजे इटारसी पहुंचेगी। तीसरे दिन दोपहर 2:30 बजे बेंगलुरु पहुंचेगी। वापसी में बेंगलुरु से दानापुर की ट्रेन मंगलवार और बुधवार को रात 11:50 बजे चलेगी। यह सुबह 6 बजे इटारसी और रात 11:55 बजे दानापुर पहुंचेगी। इस ट्रेन के मार्ग में कुल 20 स्टेशन हैं। प्रमुख स्टेशनों में दानापुर, आरा, बक्सर, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., प्रयागराज छिवकी और सतना शामिल हैं। इसके अलावा जबलपुर, इटारसी, नागपुर, सेवाग्राम और चंद्रपुर में भी ट्रेन रुकेगी।

दर्ज नहीं हुआ कोई नकल प्रकरण, मूल्यांकन ने भी पकड़ी गति

# सीबएसई 12वीं का संस्कृत और एमपी बोर्ड का हुआ राजनीति शास्त्र का पेपर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) और माध्यमिक शिक्षा मंडल (एमपी बोर्ड) की दसवीं की परीक्षाएं समाप्त हो चुकी हैं। दोने बोर्ड की कक्षा बारहवीं की परीक्षाएं जारी हैं। सीबीएसई की कक्षा बारहवीं के विद्यार्थियों ने सोमवार को संस्कृत और एमपी बोर्ड कक्षा बारहवीं के विद्यार्थियों ने राजनीति शास्त्र का पेपर दिया। इस दौरान कोई नकल प्रकरण दर्ज नहीं किया गया। एमपी बोर्ड का 25 मार्च को 12वीं का अंतिम पेपर गणित का पेपर होगा। वहीं सीबीएसई का बायोलॉजी का पेपर होगा। सीबीएसई की परीक्षाएं 4 अप्रेल तक आयोजित की जाएंगी। इधर दोनो ही बोर्ड का मूल्यांकन कार्य भी शुरू हो गया है। दसवीं की परीक्षाएं समाप्त होने के



साथ ही मूल्यांकन कार्य में शिक्षकों की संख्या में बढ़ोत्तरी की गई है। ऐसे में मूल्यांकन कार्य ने भी गति पकड़ी है।

# फाइब्रोस्कैन मशीन से हुई मंत्रालय कर्मचारियों के लिवर की जांच



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

दूषित और मिलावटी खाद्य पदार्थों के कारण पेट संबंधी बीमारियां की रोकथाम को लेकर जिला स्वास्थ्य समिति द्वारा फाइब्रोस्कैन मशीन द्वारा लिवर की मंत्रालय कर्मचारियों की निःशुल्क जांच की गई।

मंत्रालय में आयोजित दो दिनी शिविर में 250 मंत्रालय अधिकारी-कर्मचारी ने अपनी पेट संबंधी जांच कराई। शिविर में विशेषज्ञ डाक्टर डॉ अंकित शर्मा, डॉ रोहित श्रीवास्तव, डॉ शिवांगी दीक्षित, डॉ दीप्ति मनोहर हार्डे द्वारा जांच की गई। मंत्रालय कर्मचारी संघ के कार्यकारी अध्यक्ष राजकुमार पटेल बताया कि शिविर में मंत्रालय अधिकारियों कर्मचारियों के परिवारों के 70 वर्ष के अधिक आयु वाले माता पिता या अन्य बुजुर्ग सदस्यों के आयुष्मान कार्ड भी बनाए जा रहे हैं। सीएमएचओ डॉ प्रभाकर तिवारी ने बताया कि शिविर में फाइब्रोस्कैन मशीन द्वारा 112 लोगों की लीवर जांच की गई। असंचारी रोगों के लिए 240 लोगों की स्क्रीनिंग की गई है। इनमें 63 महिलाओं एवं 177 पुरुषों की जांच की गई है। पैथोलॉजी जांच के लिए 180 लोगों के सैंपल लिए गए हैं। 50 लोगों की मुख रोग जांच की गई, जिनमें कोई समस्या नहीं मिली है।

# छतरपुर विश्वविधालय की कुलगुरु प्रो.शुभा के खिलाफ भड़का आक्रोश



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भगवान राम और माता सीता के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी किये जाने के मामले में सोमवार को सर्व हिन्दू समाज के बैनर तले छतरपुर में विरोध प्रदर्शन किया, जिसमें बड़ी संख्या में युवाओं, साधु संतों ने शहर की सड़कों पर विरोध मार्च निकाला और राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। इन सभी ने कुलगुरु शुभा तिवारी को तत्काल हटाए जाने की मांग की है।




लिंक रोड एक के गुलाब उद्यान के पास हादसा, तीन युवक घायल

# दो स्कूटरों को टक्कर मारकर डिवाइडर पर चढ़ी कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

टीटी नगर थाना क्षेत्र स्थित लिंक रोड एक पर गुलाब उद्यान के पास रविवार देर रात करीब साढ़े 12 बजे तेज रफ्तार एक क्रेटा कार ने दो स्कूटरों को टक्कर मार दी। टक्कर मारने के बाद कार डिवाइडर पर चढ़ गई। इस हादसे में तीन युवकों को गंभीर चोट आई है। उनका अस्पताल में इलाज चल रहा है। क्रेटा कार सुसनेर के पूर्व विधायक राणा विक्रम सिंह की पत्नी के नाम पर रजिस्टर्ड है। पुलिस ने उन्हें नोटिस भेजा है। थाना प्रभारी सुधीर अरजरिया ने बताया कि रविवार रात हादसे की सूचना मिली थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने निरीक्षण किया तो पता चला कि घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया है। मौके पर एक क्रेटा कार डिवाइडर पर चढ़ी हुई नजर आई। कार का अगला हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त था। वहां दो स्कूटर टूटे हुए मिले थे। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि दोनों स्कूटर एमपी नगर जा रहे थे, तभी पीछे से आ रही क्रेटा ने दोनों स्कूटर को टक्कर मारी और डिवाइडर पर चढ़ गई। हादसा होने के बाद क्रेटा में सवार युवक निकलकर भाग गए।

# डॉ. ऋचा जैन मामले में पति पर हो सकती है एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

शाहपुरा स्थित रोहित नगर की स्काई ग्रीन कॉलोनी में डॉक्टर ऋचा जैन की मौत के मामले में पति डॉक्टर अभिजीत पांडे की मुश्किल बढ़ गई है।

पुलिस लगातार साक्ष्य जुटाने में लगी है और पुलिस अब तक परिवार के सभी सदस्यों के बयान दर्ज कर चुकी है। पुलिस पीएम रिपोर्ट मिलने का इंतजार कर रही है। हालांकि मामला नव विवाहिता से जुड़ा है और पुलिस मायके पक्ष के बयान के बाद भी डॉक्टर अभिजीत पांडे पर एफआईआर कर सकती है।

पुलिस के आलाधिकारियों का कहना है कि पुलिस मोबाइल की जांच और पीएम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है। परिजन के बयान में लगातार



एक ही बात सामने आ रही है कि डॉक्टर रिचा पांडे पति अभिजीत पांडे की प्रताड़ना से प्रताड़ित थी। अभिजीत अक्सर झूठ बोलकर घर से चार से पांच दिन लापता हो जाता था। परिजन ने बताया कि बेटी रिश्ता न टूटे इसलिए अभिजीत को बर्दाश्त कर रही थी। परिजन ने अभिजीत पर हत्या तक के आरोप लगाए हैं। उल्लेखनीय है कि पुलिस के अनुसार 32 साल की डॉ. ऋचा पांडे, मूलतः लखनऊ की रहने वाली थीं। उनकी शादी चार महीने पहले सतना निवासी डॉ. अभिजीत पांडे से हुई थी। डॉ. अभिजीत पांडे बीडीएस के बाद कास्मेटोलॉजी की डिग्री करने के बाद एमपी नगर में क्लिनिक चलाते हैं, जबकि ऋचा पांडे एमबीबीएस एमडी थी और आरकेडीएफ कॉलेज में असिस्टेंट प्रोफेसर थीं।

दंपती शाहपुरा में स्काई ग्रीन कॉलोनी में रह रहे थे। डॉ. अभिजीत पांडे ने पुलिस को बताया कि बुधवार रात उन्होंने ऋचा के साथ डिनर किया था। इसके बाद अपने कमरे में सो गए। सुबह नींद खुली और वह ऋचा के कमरे के बाहर पहुंचे। उन्होंने ऋचा को आवाज दी, लेकिन उसने दरवाजा नहीं खोला।

### चाचा लेकर पहुंचे थे अस्पताल

*अभिजीत ने घटना की जानकारी ऋचा के परिजन को दे दी थी। ऋचा के चाचा पीसी पांडे कलेक्टर रेंज के अधिकारी हैं और वह पत्नी को लेकर स्काई ग्रीन कॉलोनी पहुंचे और ऋचा को लेकर चूनाभट्टी स्थित निजी अस्पताल ले गए। अस्पताल में डॉक्टर ने चेक करने के बाद ऋचा को मृत घोषित कर दिया था।*

## लाइफ स्टाइल



# सिनेमाघरों में 1 मई को रिलीज होगी 'रेड 2'

**मुंबई।** 'रेड 2' 2018 में आई फिल्म 'रेड' का सीक्वल है। फिल्म में वाणी कपूर के अलावा रितेश देशमुख खलनायक की भूमिका में नजर आएंगे। 24 मार्च को 'रेड 2' के निर्माताओं ने अजय देवगन का पहला लुक पोस्टर जारी किया है। जिसमें वह आईआरएस अमय पटनायक के रूप में नजर आए। पोस्टर के कैप्शन में लिखा, 'नया शहर, नई फाइल और अमय पटनायक की एक नई रेड। रेड 2, 1 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।' फिल्म का निर्देशन राज कुमार गुप्ता ने किया है। इसे भूषण कुमार, कृष्ण कुमार, कुमार मंगत पाठक और अभिषेक पाठक ने प्रोड्यूस किया है।

लाइफ Style

# दीपिका

## ऑस्कर को 'नाइंसाफी' पर लगाई लताड़

बॉलीवुड की सुपरस्टार एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण ने एकेडमी अवॉर्ड्स को कोसा है। एक्ट्रेस ने सीधे शब्दों में यह इशारा किया है कि क्या वाकई भारतीय फिल्मों को जानबूझकर दूर रखा जाता है? उन्होंने 'लापता लेडीज' जैसी बेहतरीन फिल्म को ऑस्कर नहीं मिलने पर नाराजगी जताई है और इसे 'नाइंसाफी' करार दिया है।

एजेंसी ⏭ मुंबई

दीपिका से पहले बीते दिनों कंगना रनौत भी ऑस्कर अवॉर्ड्स पर भड़क गई थीं। उन्होंने सधे हुए शब्दों में कहा था कि अमेरिका अपना सच कभी नहीं स्वीकार करता कि वह ऑस्कर सिर्फ अपने पास रखता है। कंगना ने यह भी कहा था कि अगर हॉलीवुड के पास ऑस्कर है, तो भारत में भी राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार हैं। किरण राव के डायरेक्शन में बनी 'लापता लेडीज' भारत की ओर से ऑस्कर 2025 के लिए ऑफिशियल एंट्री थी, लेकिन इसे नॉमिनेशन नहीं मिला। यह पहली बार नहीं है, जब कोई भारतीय फिल्म ऑस्कर जीतने से चूक गई। दीपिका पादुकोण ने इस हार पर खेद जताते हुए कहा है कि किसी अच्छी इंडियन फिल्म को ऑस्कर की रेस से बाहर कर देना पली बार नहीं हुआ है। भारतीय सिनेमा और भारतीय टैलेंट के साथ यह 'नाइंसाफी' बार-बार, कई बार हुआ है। दीपिका पादुकोण पेरिस में फैशन ब्रांड 'लुई वुइटन' एक शो में हिस्सा लेने पहुंची हैं। रविवार, 23 मार्च की शाम को उन्होंने शो के लिए तैयार होते हुए अपना एक वीडियो इंस्टाग्राम पर शेयर किया। इसमें उन्होंने ऑस्कर अवॉर्ड्स के बारे में बात की। याद दिलाया कि साल 2023 में एसएस राजामौली की फिल्म आरआरआर के 'नाटू नाटू' को



## हॉलीवुड मसाला



# हैली की शेयर की प्यारी तस्वीर

**लॉस एंजिल्स।** सोमवार को पॉप स्टार जस्टिन बीबर ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर अपनी पत्नी हैली की एक प्यारी तस्वीर शेयर की है, जो अब प्रशंसकों के बीच जमकर वायरल हो रही है। अब प्रशंसक उनकी इस पोस्ट पर अपनी प्रतिक्रिया लगातार दे रहे हैं। जस्टिन बीबर ने हैली की एक बेहद ही प्यारी तस्वीर अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर की है, जिसमें वह शानदार पोज देती नजर आ रही हैं। इस तस्वीर में हैली ने कैजुअल आउटफिट पहना हआ है। जिसमें वह बेहद खूबसूरत दिख रही हैं। इस तस्वीर में हैली किसी को देखकर मुस्कुराती नजर आ रही हैं।

# 'स्ट्रेंजर थिंग्स' का सीजन 5 जल्द होगा रिलीज...



**लॉस एंजिल्स।** 'स्ट्रेंजर थिंग्स' बच्चों के साथ-साथ बड़ों के बीच भी काफी लोकप्रिय सीरीज है। अब जल्द ही इसका पांचवा सीजन आने वाला है, जो नेटफिक्स पर ही रिलीज होगा, लेकिन इसका पांचवां सीजन दो भागों में रिलीज किया जाएगा। स्ट्रेंजर थिंग्स' सीजन पांच, दो हिस्सों में रिलीज होगा। पहले छह एपिसोड 10 अक्टूबर को आएंगे, जबकि आखिरी दो एपिसोड 27 नवंबर को रिलीज होंगे। टेड ने कहा कि उन्हें पता है कि कहानी कैसे खत्म होगी और यह इतना शानदार होगा कि कोई भी इसे देखकर अपनी आंसुओं को नहीं रोक पाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि 'स्ट्रेंजर थिंग्स' की दुनिया को किताबों, सामानों और लाइव स्टेज शो के जरिए भी बढ़ाया जा रहा है। लंदन के वेस्ट एंड में इसका प्रीक्वल स्टेज शो चल रहा है, जो जल्द ही ब्रॉडवे पर भी आएगा। सीजन 5 में कुल आठ






# ताहिरा जापान में हिरणों से घिरी दिखीं...

**मुंबई।** निर्माता ताहिरा कश्यप ने हाल ही में जापान का दौरा किया। ताहिरा ने अपने सफर के शानदार पलों को फैंस के साथ सोशल मीडिया पर शेयर किया है। आयुष्मान खुराना की पत्नी लेखिका और फिल्म निर्माता ताहिरा कश्यप ने हाल ही में जापान में छुट्टियां मनाईं। अपने इस शानदार सफर के दौरान उन्होंने नारा डियर पार्क का दौरा किया और वहां पर हिरणों को खाना खिलाया। ताहिरा ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर अपने सफर की तस्वीरें शेयर की और फैंस के साथ अपने इस सुखद पलों को साझा किया। सोमवार को ताहिरा ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपनी जापान यात्रा की तस्वीरें और वीडियो शेयर की। इन तस्वीरों और वीडियो में ताहिरा को जानवरों से बातचीत करते हुए और स्प्रिंग ब्रेक का आनंद लेते देखा जा सकता है।



# 'विदाउट प्रेजुडिस' 28 को होगा रिलीज

**मुंबई।** गुरु रंधावा के फैंस लंबे समय से उनके नए गाने या एल्बम की प्रतीक्षा कर रहे थे। अब उनका इंतजार खत्म होने वाला है। गुरु रंधावा ने अपने नए एलबम के लिए वार्नर म्यूजिक इंडिया से हाथ मिलाया है। यह साझेदारी गुरु रंधावा के करियर में अहम साबित होगी, क्योंकि साल 2023 के बाद रंधावा अपना पहला स्टूडियो एल्बम 'विदाउट प्रेजुडिस' रिलीज करने को तैयार हैं। गुरु रंधावा के आगामी एल्बम में कुल नौ गाने संकलित होंगे। इसमें स्नैपबैक, सिरा, न्यू एज, कतल, फ्रॉम एजेस, जानेमन, किथे वसदे ने, सारे कनेक्शन और गल्ला बातें शामिल हैं। इसका पहला सिंगल 'गल्ला बातें'म्यूजिक वीडियो के साथ 28 मार्च को रिलीज किया जाएगा। इस एल्बम में जहर वाइब, एनएसईईबी, बॉब.बी रंधावा, किरण बाजवा और प्रेम लता जैसे कलाकार शामिल हैं।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930